अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 23° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 20 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 122 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 2 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित पेज 2




बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान व प्रिंस यादव वनडे टीम में शामिल खेल टाइम्स

भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन: उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत सम्पादकीय

अमेरिकी साजिश थी इमरान खान का तख्तापलट पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल समेत 'आप' नेताओं को अवमानना का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना (क्रिमिनल कान्टेम्प्ट) के एक स्वत: संज्ञान मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य आप नेताओं को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा द्वारा शुरू किए गए इस मामले में आरोप है कि शराब नीति मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत से रिक्यूजल याचिका खारिज होने के बाद 20 अप्रैल को आप नेताओं ने अदालत का बहिष्कार किया और सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो तथा पत्रों के माध्यम से उनके खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां कीं। पीठ ने सभी आरोपियों का जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

### उमर खालिद की जमानत याचिका नामंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका साल 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में दायर की गई थी, जिसमें उन पर गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप दर्ज हैं। उमर खालिद ने अपने दिवंगत चाचा की शोक सभा (चेहलुम) में शामिल होने और अपनी मां की देखभाल के लिए 15 दिनों के लिए जमानत मांगी थी, लेकिन कड़कड़डूमा अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर वाजपेयी ने उमर खालिद की 15 दिनों की अंतरिम जमानत की मांग को नामंजूर कर दिया।

### स्मार्ट पावर का दमदार सबूत था ऑपरेशन सिंदूर: उपेंद्र

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित सिक्योरिटी टू प्रास्पेरिटी: स्मार्ट पावर फॉर सस्टेन्ड नेशनल ग्रोथ विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत की सैन्य और रणनीतिक क्षमता को लेकर बड़ा बयान दिया। सेमिनार के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए इसे भारत की स्मार्ट पावर का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। आर्मी चीफ ने कहा कि पिछले एक वर्ष में भारत ने स्मार्ट पावर के सवाल का आंशिक उत्तर प्रस्तुत किया था, लेकिन 6 और 7 मई 2025 की रात भारत ने इसे पूरी तरह परिभाषित कर दिया।

### मंदिरों के पास पड़े सोने के मौद्रीकरण की रिपोर्ट खारिज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंदिरों के पास मौजूद सोने के भंडार के मौद्रीकरण की रिपोर्टों को खारिज करते हुए मंगलवार को स्पष्ट किया कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें कहा गया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट और सोशल मीडिया पोस्ट में यह दावा किया जा रहा है कि सरकार मंदिरों के स्वर्ण भंडार के बदले में मंदिरों को गोल्ड बांड जारी करने की योजना बना रही है।

# अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर व M777 तोपों की डील को दी मंजूरी

**वाशिंगटन, वार्ता**

**भारत और अमेरिका** के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सपोर्ट सर्विस और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। अमेरिका के अनुसार, अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सपोर्ट सर्विस डील की अनुमानित कीमत करीब 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए लॉन्ग-टर्म सपोर्ट डील लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हो सकती है। अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट डील के लिए प्रमुख कंपनियां बोइंग कंपनी और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं एम777 हॉवित्जर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम्स को मुख्य ठेकेदार बनाया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक भारत ने एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इंजीनियरिंग, टेक्निकल और लॉजिस्टिक सपोर्ट सेवाओं की मांग की थी। इसके अलावा तकनीकी डेटा, पब्लिकेशन, सैनिकों की ट्रेनिंग और अन्य प्रोग्राम सपोर्ट भी इस डील का हिस्सा होंगे। वहीं एम777ए2 हॉवित्जर के लिए स्पेयर पार्ट्स, रिपेयर, ट्रेनिंग, टेक्निकल सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि और लॉजिस्टिक सपोर्ट जैसी सुविधाएं शामिल रहेंगी। यह संभावित रक्षा सौदा अमेरिका के फारेन मिलिट्री सेल (एफएमएस) चैनल के तहत किया जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह समझौता भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। अमेरिका का मानना है कि इस डील से भारत की वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी।

**भारतीय सैन्य ताकत होगी और मजबूत**

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितम्बर में आएंगे भारत

**ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे, 10 महीने में दूसरा दौरा, मोदी भी इस साल रूस जाएंगे**

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितम्बर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितम्बर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने पुतिन को दिसम्बर 2025 में उनके भारत दौरे के दौरान आधिकारिक तौर पर समिट में शामिल होने का न्योता दिया था।

एक साल के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा। पीएम मोदी भी इसी साल रूस दौरे पर जाएंगे। इससे पहले पुतिन दिसम्बर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

# रेबीज और बीमार कुत्तों को मारने की सुप्रीम अनुमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इन्कार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया। डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ओर से लंबे समय तक ठोस प्रयास नहीं किए गए।

**7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज**

अदालत ने टिप्पणी की कि एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू नहीं की गई है और इसके लिए फंडिंग भी अपर्याप्त और असमान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिल-जुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें। अदालत ने कहा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

# पांच दिन में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा

## पेट्रोल 87 पैसे व डीजल के दामों में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं।

इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 91 पैसे और डीजल की 94 पैसे बढ़ी है। वहां अब पेट्रोल 107.59 रुपये का और डीजल 94.08 रुपये का हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल 96 पैसे महंगा हुआ है। मंगलवार से एक लीटर पेट्रोल 104.49 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.11 रुपये का मिलेगा। कोलकाता में अब पेट्रोल की कीमत 109.70 रुपये और डीजल की 96.07 रुपये पर पहुंच गई है। इनके दाम क्रमश: 96 पैसे और 94 पैसे बढ़े हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी इतनी ही वृद्धि की है। दिल्ली में ब्रांडेड पेट्रोल एक्सपी-95 की कीमत 87 पैसे बढ़कर 105.76 रुपये और ब्रांडेड डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़कर 96.90 रुपये प्रति लीटर हो गई है। दूसरे शहरों में भी कीमतों में लगभग इसी तरह की बढ़ोतरी की गई है, हालांकि वैट और लॉजिस्टिक्स लागत में अंतर के कारण कीमत वृद्धि में कुछ अंतर होता है। पेट्रोल-डीजल के दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार पिछले सप्ताह बढ़ाए गए थे। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित होने से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव है। हालांकि उन्होंने मार्च और अप्रैल में कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती करके तेल विपणन कंपनियों को राहत दी थी। भारतीय बास्केट में अप्रैल में कच्चे तेल की औसत कीमत 114.48 डॉलर प्रति बैरल रही थी जो मई में घटकर 18 मई तक औसतन 107.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है।

**पेट्रोल 98.64 व डीजल 91.58 रुपये में एक लीटर मिलेगा**

# देश में बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि देश एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर आम जनता पर पड़ेगा।

उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का आर्थिक ढांचा पूरी तरह बदल दिया गया है, जिसके कारण एक बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कुछ दिनों से लगातार कह रहा हूं कि मोदी जी ने देश का आर्थिक ढांचा बदल दिया है। एक बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है। दुर्भाग्य से इसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ेगा। इस आर्थिक झटके का असर सिर्फ अडानी, अंबानी और मोदी पर नहीं पड़ेगा, बल्कि देश के आम लोगों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

**कहा : आम आदमी पर पड़ेगा असर**

## मानसून अगले हफ्ते केरलम पहुंचेगा, रफ्तार कम रहेगी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने भारत की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। फिलहाल यह अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी सिरे से लेकर उत्तरी सिरे तक छा चुका है। मौसम विभाग ने तय तारीख एक जून से पहले 22 से 26 मई के बीच मानसून के केरलम पहुंचने की संभावना जताई है। इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रहने की आशंका ज्यादा है। इसलिए लगातार बारिश के बजाय मानसून बार-बार अटकेगा। एक ही जगह ठहरा रहेगा। इसमें बिना बारिश के दिनों की संख्या (मानसून ब्रेक) ज्यादा रह सकती है।

# उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी का निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ होने के कारण देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती थे।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया है। देहरादून स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में उनका पिछले तकरीबन एक माह से इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि खंडूड़ी हृदय संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे थे। 91 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। वे भारतीय सेना से मेजर जनरल के पद से रिटायर्ड हुए थे और उत्तराखंड के चौथे मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा की। वे उत्तराखंड के दो बार मुख्यमंत्री बने। इससे -शेष पृष्ठ दो पर

**काफी समय से मैक्स अस्पताल में चल रहा था इलाज, सीएम धामी ने जताया दुख**

### राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति ने भी खंडूड़ी के निधन पर जताया शोक

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से.नि.) के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा देने के बाद उन्होंने जनसेवा के लिए ईमानदारी, सादगी, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का उदाहरण पेश किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनके निधन पर शोक जताया है। इसके साथ ही उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन को प्रदेश के लिए बड़ी क्षति बताया है।

# चंद्रयान-3 के हॉप प्रयोग ने चंद्रमा के छिपे रहस्यों को किया उजागर

**चेन्नई।** भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर द्वारा किए गए 'हॉप' प्रयोग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से जुड़े कई छिपे रहस्यों का खुलासा किया है।

वैज्ञानिकों ने इस प्रयोग के जरिये चंद्र सतह की रेगोलिथ विषमता (रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी) का पता लगाया है, जो भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन निष्कर्षों से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सतही अभियानों को लेकर नई जानकारी मिली है। वैज्ञानिकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सतह की विविधता को समझना भविष्य में चंद्रमा पर वैज्ञानिक आधार और आवास निर्माण की योजनाओं के लिए आवश्यक है। यह अध्ययन इस प्रकार का पहला अनूठा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था। करीब 10 पृथ्वी दिवस तक चंद्र सतह, निकट-सतही प्लाज्मा और भू-कंपनों से जुड़े प्रयोग करने के बाद, दो सितम्बर 2023 को लैंडर ने बचा हुआ ईंधन इस्तेमाल कर 'हॉप' प्रयोग किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को कहा कि यह 'हॉप' भविष्य में चंद्रमा से नमूने पृथ्वी पर लाने वाले अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमता साबित हुआ है। इसरो ने कहा कि जिसे सामान्य तौर पर 'चंद्र मिट्टी' कहा जाता है, उसका सही वैज्ञानिक नाम 'लूनर रेगोलिथ' है। यह दरअसल चट्टानों के टूटे हुए अत्यंत महीन, नुकीले और कांच जैसे कणों से बना होता है, जो बेहद खुरदरे होते हैं और स्थैतिक विद्युत की तरह हर चीज से चिपक जाते हैं।

**वैज्ञानिकों ने प्रयोग के जरिये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी का पता लगाया**

## TMC उम्मीदवार जहांगीर खान पुनर्मतदान से पहले दौड़ से हटे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को फाल्टा विधानसभा पुनर्मतदान से ठीक दो दिन पहले बड़ा झटका लगा जब पार्टी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने फैसले के पीछे क्षेत्र में शांति और विकास को कारण बताते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की। यह नाटकीय घोषणा पुनर्मतदान के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुई, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर के अंतर्गत आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कटरा रेलखंड के लिए 238 करोड़ के सुरक्षा कार्यों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने उत्तरी रेलवे के जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा खंड पर 238 करोड़ रुपये की लागत से ढलान स्थिरीकरण, सुरंगों के पुनर्निर्माण और पुलों के संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी है। इन कार्यों में संवेदनशील स्थानों पर पुनर्निर्माण, सुरंगों में रिसाव की समस्या का समाधान तथा अन्य सुरक्षा उपाय शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलखंड की दीर्घकालिक सुरक्षा और विश्वसनीयता को मजबूत करने के उद्देश्य से यह परियोजना मंजूर की गई है। ये कार्य देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भूभागों में सुरक्षित और विश्वसनीय संपर्क सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### छोटे शहरों में बढ़ रहा यूपीआई से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** बदलती प्रौद्योगिकी और भुगतान के नए विकल्प आने के साथ मझौले और छोटे शहरों में यूपीआई के माध्यम से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। गैर.बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसबीआई कार्ड द्वार मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में बढ़ती आय, शहरीकरण में तेजी और उभरते मध्यम वर्ग की बढ़ती आकांक्षाओं ने लोगों के खर्च करने के तरीके को बदल दिया है। यूपीआई अब दैनिक लेनदेन की रीढ़ बन चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के अपने आंकड़ों का हवाला देते हुए एसबीआई कार्ड ने बताया कि यूपीआई के जरिए क्रेडिट कार्ड खर्च में तिमाही-दर-तिमाही 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई।

# उप्र में बदल गए जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के नियम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम-1969 में संशोधन के तहत विलंब शुल्क की नई दरें लागू कर दी हैं। अब अगर किसी ने 21 दिन के बाद रजिस्ट्रेशन कराया, तो उसे पहले से 10 गुना तक अधिक लेट फीस देनी पड़ेगी। सरकार की यह नई व्यवस्था शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लागू होगी।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अनुसार घटना के 21 दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन निःशुल्क है, लेकिन 21 दिन के बाद अब अगर आवेदन किया गया, तो विलंब शुल्क देना अनिवार्य है। 21 से 30 दिन के अंदर 2 रुपये की जगह 20 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, 30 दिन से 1 साल के अंदर 5 रुपये की जगह 50 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, 1 साल बाद 10 रुपये की जगह 100 रुपये विलंब शुल्क लगेगा। इससे पहले 21 दिन के बाद 30 दिन के भीतर सिर्फ 2 रुपये, 30 दिन से 1 साल तक 5 रुपये और 1 साल बाद 10 रुपये शुल्क लगता था। नियम के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद स्थानीय अधिकारियों के पास 21 दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। अगर बच्चे का जन्म घर में हुआ है, तो भी 21 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना होगा। अगर इस अवधि में पंजीकरण नहीं होता, तो पुलिस सत्यापन के बाद ही प्रमाण पत्र जारी होता है। वहीं अगर एक वर्ष की देरी से पंजीकरण कराने पर अब एसडीएम का आदेश जरूरी कर दिया गया है। पहले भी उप जिलाधिकारी के आदेश की जरूरत थी, लेकिन अब शुल्क भी 10 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। केंद्र सरकार के 2023 के संशोधन के बाद जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी है। अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध दस्तावेज होगा। सभी बड़े अस्पतालों के पास नगर निगम की यूजर आईडी है और वे अपने स्तर से ही प्रमाणपत्र जारी कर देते हैं। बता दें कि बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र उसके स्कूल में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बीमा पॉलिसी और राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने के लिए जरूरी होता है। वहीं मृत्यु प्रमाण पत्र संपत्ति के उत्तराधिकार, पेंशन और बीमा दावों के निपटारे के लिए काम आता है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नई व्यवस्था 16 जून की अधिसूचना के तहत लागू की गई है। सरकार का मकसद पंजीकरण को समयबद्ध बनाना और डेटाबेस को राष्ट्रीय स्तर पर अपडेट करना है। इसलिए नागरिकों को सलाह है कि जन्म या मृत्यु की घटना के 21 दिन के भीतर ही नजदीकी रजिस्ट्रार कार्यालय या सीआरएस पोर्टल पर आवेदन कर दें, ताकि विलंब शुल्क से बचा जा सके।

योगी सरकार ने जारी किया नया आदेश

# यूपी में खुलेंगी 600 नई शराब की दुकानें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आने वाले महीनों में करीब 600 नई फुटकर शराब की दुकानें खुल सकती हैं। आबकारी विभाग पिछले एक साल में प्रमुख शहरों के बाहरी इलाकों में शिफ्ट हुई आबादी का अनुमान लगा रहा है। इसके बाद ही नई दुकानों की सही संख्या तय होगी।

विभाग का मकसद हाल ही में बसी आवासीय कॉलोनियों में विदेशी शराब, बीयर और अन्य शराब की मांग को पूरा करना है। इससे 2026-27 वित्तीय वर्ष में राजस्व भी बढ़ेगा। 31 मार्च से कई दुकानदारों ने वित्तीय व्यवहार्यता न होने का हवाला देकर शराब का कारोबार छोड़ दिया है। प्रदेश में 27,308 शराब दुकानें थीं। इनमें से 421 मॉडल शॉप, देशी शराब और कंपोजिट शॉप के लिए चार दौर की लॉटरी के बाद भी कोई खरीदार नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि पांचवें दौर में 2025-26 में इन दुकानों के लिए चुकाई गई मूल लाइसेंस फीस में 20 प्रतिशत तक की कटौती की जा सकती है, ताकि संचालन व्यवहार्य हो सके। एक अधिकारी ने कहा, अंतिम फैसला अभी बाकी है।

शहर की सीमा में लाइसेंस फीस बहुत ज्यादा होने के कारण कई उद्यमियों ने मॉडल शॉप छोड़ दीं। जो दुकानें अब तक नवीनीकृत या आवंटित नहीं हो पाईं, उनके अलावा विभाग करीब 600 नई दुकानें लाने पर विचार कर रहा है। दरअसल आबकारी नीति के तहत आबकारी आयुक्त को जरूरत पड़ने पर नई आवासीय कॉलोनियों को कवर करने के लिए और दुकानें खोलने का अधिकार है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, नीति के तहत आबकारी आयुक्त किसी जिले में पिछले वित्तीय वर्ष की कुल फुटकर दुकानों की संख्या की तुलना में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकते हैं।

नई दुकानें खोलने से विभाग को मौजूदा दुकानों की लाइसेंस फीस तर्कसंगत करने से होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। अनुमान है कि पिछले वित्तीय वर्ष में लाइसेंस फीस और प्रोसेसिंग फीस से विभाग को 4,000-5,000 करोड़ रुपये मिले। कुल मिलाकर 2025-26 में शराब व्यापार पर शुल्क और फीस लगाकर विभाग ने 57,722 करोड़ रुपये का सालाना राजस्व हासिल किया। सैचुरेशन पॉइंट पर पहुंचने के बाद आबकारी विभाग नए उपायों के जरिए अतिरिक्त राजस्व के रास्ते तलाश रहा है।

आबादी सर्वे के बाद तय होगी संख्या

## भाजपा सबसे अधर्मी पार्टी

### सपा मुखिया अखिलेश ने बोला हमला

लखनऊ, वार्ता

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नमाज वाले बयान पर कहा कि सड़कों पर क्या होना चाहिए और क्या नहीं, इसके लिए नियम-कानून बने हुए हैं, लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई सबसे अधर्मी पार्टी है, तो वह भाजपा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि हाल ही में अधिवक्ता संघ के लोग विरोध प्रदर्शन के लिए निकले थे, जिनके हाथों में रामचरितमानस थी, फिर भी उन पर लाठीचार्ज किया गया और उन्हें पीटा गया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा खुद को सनातन की पक्षधर मानती है, तो उसे 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना पर चलना चाहिए। अखिलेस ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि न तो स्मार्ट सिटी बन पाई और न ही स्मार्ट मीटर योजना टिक सकी, जिन्हें हटाना पड़ा। ऐसे में सरकार के कामकाज पर सवाल उठना स्वाभाविक है। योगी आदित्यनाथ ने 18 मई को एक हिंदी अखबार के कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज नहीं होने दी जाती।

सीएम योगी के नमाज वाले बयान पर पहली प्रतिक्रिया

### अगले सात दिनों तक हीटवेव से लेकर सीवियर हीटवेव चलने की चेतावनी

# उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत समूचे उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को जारी पूर्वानुमान में अगले सात दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हीटवेव से लेकर सीवियर हीटवेव चलने की चेतावनी जारी की है।

राजधानी लखनऊ समेत पूर्वांचल और बुंदेलखंड के जिलों में दिन का तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जबकि रात में भी गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल रही है। बलिया से गाजियाबाद तक सुबह नौ बजे से ही गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल दिखाई दिए, जबकि 11 बजते बजते सड़कों पर सन्नाटा छाने लगा। गर्मी और लू का प्रभाव इस कदर दिखाई दे रहा है कि पार्क,मॉल,बाजार और प्राणि उद्यान आमतौर पर सुनसान दिखाई दे रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली की मांग पूरी करते ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं जिसके चलते बिजली की आवाजाही आम हो चुकी है। प्रदेश के अधि. कतर जिलों में कक्षा आठ तक के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां कर दी गई हैं। मौसम के तल्ख तेवरों के बीच सरकारी और निजी अस्पतालों के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में भीड़ बढ़ गई है। चिकित्सकों ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थों का सेवन करने और सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बाहर न निकलने की सलाह दी है। हृदय रोगियों से अपील की गई है कि वे डाक्टरी परामर्श से ली गई दवा के नियमित सेवन करें और अपरिहार्य स्थितियों में मेडिकल स्टोर का रुख न करके डाक्टर से सलाह लेकर दवाओं का सेवन करें। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 19 से 25 मई तक मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहेगा।

गर्म हवा के थपेड़े से लोग बेहाल दिखाई दिखे, सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी

### पूर्वी यूपी में 22 के बाद बारिश की संभावना

पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में 22 मई के बाद कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई गई है, लेकिन इससे तापमान में अधिक राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने विशेष चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर भीषण लू से अति भीषण लू चलने की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर 'वार्म नाइट' की स्थिति भी बनी रहेगी, जिससे रात के समय भी तापमान सामान्य से काफी अधिक रहेगा। वाराणसी सोमवार को प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में शामिल रहा, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर में सड़कों और घाटों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिखाई दी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने प्रमुख चौराहों पर ग्रीन शेड, मिस्ट गन और 17 वाटर एटीएम की व्यवस्था की हैं

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## बिज़नेस-टाइम्स

**सेंसेक्स** 75200.85
**निफ्टी** 23618.00

**सोना** 159000 प्रति 10 ग्राम
**चांदी** 270000 प्रति किलो

# गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक आईटी कंपनियों में लिवाली का जोर

मुंबई, वार्ता

दिग्गज कंपनियों में अंतिम समय में हुई बिकवाली से मंगलवार घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। आईटी कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही, जबकि बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों ने बाजार पर दबाव बनाया। रसायन, सार्वजनिक बैंक, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में भी तेजी रही। ऑटो और फार्मा सेक्टरों से सूचकांक भी ऊपर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 114.19 अंक (0.15 प्रतिशत) गिरकर 75,200.85 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक.ांक भी 31.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उतरकर 23,618 अंक पर रहा। सेंसेक्स सुबह बढ़त में खुला था और लगभग पूरे दिन हरे निशान में रहा। आखिरी एक घंटे में दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से अंत में यह लाल निशान में बंद हुआ। वृहत बाजार में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.88 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.17 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। इंफोसिस का शेयर पौने पांच प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का पौने तीन प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा और इंटरनल में भी करीब ढाई प्रतिशत की तेजी रही। टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयर भी मजबूत रहे। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा, इंडिगो और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच गिर गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी में भी गिरावट रही।

## सोना 1.59 लाख पर पहुंचा, चांदी 2.70 लाख किलो हुई

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1168 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए हो गया है। वहीं 1 किलो चांदी का दाम 2,181 रुपए बढ़कर 2.70 लाख रुपए पर पहुंच गया है। देश के बड़े शहरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,57,190 प्रति दस ग्राम, मुंबई में 1,57,040, कोलकाता में 1,57,040, जयपुर में 1,57,190, भोपाल में 1,57,090, पटना में 1,57,090 और लखनऊ में 1,57,190 रुपये है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 40 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल , गेहूं, चीनी, दालों के दाम बढ़े, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सात रुपये बढ़कर 3,871 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटा 15 रुपये मजबूत हुआ। दाल-दलहनों के भाव भी बढ़ गए। उड़द दाल और मूंग दाल के दाम 15.15 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चना दाल में पांच रुपये की तेजी रही। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही पड़ी रहीं। मलेशिया का बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 53 रिंगिट चढ़कर 4,587 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 प्रतिशत टूटकर 75.45 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की कीमत 105 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 87 रुपये और मूंगफली तेल 45 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल का भाव 27 रुपये और वनस्पति का 25 रुपये बढ़ गया। वहीं सूरजमुखी तेल 27 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया, जबकि चीनी तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7677.12 रुपये, मसूर काली 8132.72 रुपये, मूंग दाल 10161.78 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11253.53 रुपये प्रति क्विंटल रही।

# एक जनपद एक व्यंजन से यूपी के पारंपरिक स्वाद को मिलेगी वैश्विक पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध पाक परंपरा को अब ग्लोबल प्लेटफॉर्म मिलेगा। योगी सरकार 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का ब्रांड निर्माण कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाएगी। हाल ही में योगी मंत्रिमंडल ने इस महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृति दे दी है।

सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस योजना का उद्देश्य केवल स्वाद और परंपरा को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, रोजगार और निर्यात को भी बढ़ावा देना है। सरकार हर जिले के पारंपरिक व्यंजनों की पहचान कर उन्हें संगठित, सुरक्षित, ब्रांडेड और बाजारोन्मुख बनाएगी। योजना के तहत जिलाधिकारियों, संबंधित विभागों, प्रतिष्ठित संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और जिला उद्योग केंद्रों से मिले सुझावों के आधार पर जनपदवार व्यंजनों की पहचान की गई है।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड के...** पहले वे केंद्रीय मंत्री भी रह चुके थे। भारतीय सेना से रिटायरमेंट के बाद उनका 30 साल का राजनीतिक करियर रहा है। उनके निधन से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र भाजपा नेता मनीष खंडूड़ी ने पिता के निधन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिये साझा की। वहीं, उनके निधन पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवा. निवृत्त) के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक उनका व्यक्तित्व राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। राजनीतिक जीवन में उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। एक जननेता के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और अपनी सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता से लोगों के हृदय में विशेष स्थान बनाया। उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं, उनके निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को देहरादून के बसंत विहार उनके निवास स्थान पर लाया गया।

## उच्चतम न्यायालय के आदेश पर खांडू से इस्तीफा मांगें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ के अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का आदेश दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनसे इस्तीफा मांगना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि गत छह अप्रैल को उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को उन आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया था, जिनमें जनवरी 2015 से दिसम्बर 2025 के बीच अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के परिवार को कथित हितों के टकराव की स्थिति में 1,270 करोड़ रुपये के ठेके दिए जाने का मामला शामिल है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम चार दिन में दूसरी बार बढ़ाने पर जवाब दें मोदी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चार दिन के भीतर दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए जाने के सरकार के फैसले पर हैरानी जताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में जनता को जवाब देना चाहिए।

खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने तेल के दाम चार दिन में दूसरी बार में बढ़ाने के निर्णय को सरकार की गलत नीतियों का परिणाम बताया और कहा कि मोदी सरकार नाकामियों का बोझ जनता के सिर पर डाल रही है। उन्होंने कहा कि दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए। पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट', यही मोदी जी का 'कम्प्रोमाइज्ड मॉडल' है। प्रधानमंत्री ने अमे.रिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी में दूरदर्शिता और नेतृत्व की कमी है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जताई हैरानी, पीएम से मांगा जवाब

### तेल उत्पादन बढ़ाने में विफल रही है सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने तेल आपूर्ति तथा तेल उत्पादकता बढ़ाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं, जिसके कारण देश में तेल का संकट बढ़ गया है और इसका खामियाजा आम जनता को झेलना पड़ रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री ने ईंधन उत्पादन को लेकर देश की जनता से जो वायदा किया था उसे पूरा करने में विफल रहे हैं और इसको लेकर उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वह जो कहते हैं, करते नहीं हैं। इसका उदाहरण देते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री ने लोगों को विदेश यात्रा नहीं करने और पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करने की सलाह दी लेकिन इसके कुछ ही समय बाद खुद विदेश यात्रा पर चले गए।

# हादसे में जलालाबाद चेयरमैन के भाई-भाभी की मौत

## पीनना के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार, परिवार में कोहराम, एससपी मौके पर

**जलालाबाद से मेरठ चिकित्सक से दवाई लेने जा रहे थे कार सवार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को पीनना बाईपास के निकट एक भयानक हादसे में जलालाबाद के चेयरमैन भाई और भाभी की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के समय मृतक अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ जनपद मेरठ में दवाई लेने के लिए जा रहे थे जहां उनकी कार सडक किनारे ट्रक में पीछे से घुस गई। घटना के बाद चीख पुकार शुरू हुई तो ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस व ग्रामीणों ने खून से लथपथ लोगों को बाहर निकाला। इस समय एक महिला की सांसे चल रही थी। जिसको डाक्टरों ने मेरठ रैफर कर दिया।

जनपद शामली के थाना थानाभवन के जलालाबाद निवासी 35 वर्षीय नाजिम पुत्र हसमुल्ला और उनकी भाभी 38 वर्षीय रजिया पत्नी अलीम अहमद व उसकी खाला 50 वर्षीय नाजो कार में सवार होकर मेरठ चिकित्सक के यहां दवाई लेने के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार बुढाना मोड से पहले पीनना बाईपास पर पहुंची तो यहां पर सडक किनारे खड़ी सीएनजी की कार पीछे से घुस गई। इस समय दोपहर के 12 बजे थे। भंयकर हादसे के बाद चीख पुकार मची तो ग्रामीण मौके पर रूके और इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस व ग्रामीणों ने कार के अंदर खून से लथपथ अवस्था में पडे घायलों को बाहर निकाला जहां डाक्टरों ने एक महिला और उसके देवर को मृतक घोषित कर दिया। मौके पर 108 एम्बुलैंस को बुलाया गया। शहर कोतवाल ब्रजेश कुमार भी मौके पर पहुंच चुके थे।

बताया जाता है कि घटना के कुछ देर बाद ही कार आग का गोला बन गई थी और कुछ ही देर में कार जलकर नष्ट हो गई। उधर डाक्टरों ने नाजो को गंभीर हालत में मरेइ रैफर कर दिया। इस दर्दनाक हादसे की सूचना के बाद एसएसपी संजय वर्मा, एसपी सिटी एएसपी सिद्धार्थ मिश्रा भी मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को मौके पर बुलाया। बताया जाता है कि मृतक नाजिम जलालाबाद के नगर पंचायत का चचेरा भाई था और रजिया नाजिम के भाई अलीम की पत्नी थी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया । पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे कस्बे के लोग शोक में है। अब परिवार जनाजों को सुपुर्दे खाक की तैयारी में लगा है।

# रिश्वत के आरोप में लेखपाल को किया निलंबित

## ऑडियो वायरल होते ही प्रशासन सख्त, तहसीलदार को सौंपी गई विभागीय जांच

शाह टाइम्स सवांददाता

**खतौली।** खतौली तहसील प्रशासन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए दिनकरपुर क्षेत्र के लेखपाल अमित कुमार को निलंबित कर दिया है। लेखपाल पर आय और जाति प्रमाण पत्र शीघ्र जारी कराने के नाम पर 300 रुपये स्वित मांगने का आरोप लगा है। मामले का ऑडियो सामने आने के बाद एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विभागीय जांच के आदेश दे दिए।

बताया गया है कि वायरल ऑडियो में कथित रूप से बसधाड़ा ग्राम प्रधान और लेखपाल अमित कुमार के बीच बातचीत सुनाई दे रही है। बातचीत में प्रमाण पत्र जल्दी बनवाने के एवज में 300 रुपये लेने की बात सामने आई है। ऑडियो में बारकोड के जरिए भुगतान कराने का भी जिक्र बताया जा रहा है। मामला संज्ञान में आते ही

एसडीएम ने इसे गंभीर मानते हुए प्रथम ख्रष्टया राजस्व विभाग की छवि धूमिल करने वाला आचरण माना और लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की अवैध वसूली या लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।जारी आदेश के अनुसार निलंबन अवधि के दौरान लेखपाल अमित कुमार को राजस्व निरीक्षक कार्यालय खतौली से संबद्ध किया गया है, जहां उन्हें प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करनी होगी। मामले की जांच तहसीलदार खतौली को सौंपी गई है। जांच अधिकारी को सात दिन के भीतर आरोप पत्र प्रस्तुत करने तथा एक माह के अंदर पूरी जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्रा के कार्यभार संभालने के बाद तहसील क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामलों पर लगातार सख्ती दिखाई जा रही है। इससे पहले भी एक अन्य लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। लगातार हो रही कार्रवाई से तहसील कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

मुजफ्फरनगर: दुर्घटना के बाद घटना स्थल का मौका मुआयना करते एसएसपी।

# 14 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले सेतु का मंत्री कपिलदेव ने किया भूमि पूजन

शाह टाइम्स सवांददाता

**मुज़फ्फरनगर।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शामली रोड पर काली नदी स्थित, लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन सेतु के निर्माण कार्य का मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह सेतु लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा अनुभव की जा रही आवागमन संबंधी कठिनाइयों के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सेतु के निर्माण से स्थानीय निवासियों, किसानों, व्यापारियों एवं आमजन को सुरक्षित, सुगम और त्वरित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही, दोनों ओर के क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होने से व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्र के समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए मंत्री जी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर, पूर्ण गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए, ताकि जनता को शीघ्रतम लाभ मिल सके। यह सेतु न केवल एक आधारभूत संरचना का

विकास है, बल्कि क्षेत्र की प्रगति, सुविधा और समृद्धि की दिशा में एक मजबूत आधारशिला भी सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष संजय गर्ग, रालोद के जिलाध्यक्ष संदीप राठी, ब्लाक प्रमुख गौरव पंवार, दीपक मित्तल, राधे वर्मा, अनुज कुमार, सभासद योगेश मित्तल, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, प्रशांत चौधरी, विजय कुमार, मोहित मालिक, अमित बॉबी, अमन तोमर, सुनील तायल, तरुण मित्तल, अमित शास्त्री, विनय पंवार, जगदीश पांचाल आदि मौजूद रहे।

# हापुड़ एक्सप्रेस-वे पर रामपुरी की महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** हापुड के गढमुक्तेश्वर में गंगा एक्सप्रेस वे पर कार और नील गाय के टकर जाने से एक भयानक हादसा हुआ जिसमें कार सवार जनपद मुजफ्फरनगर के मौहल्ला रामपुरी की महिला की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

बताया जाता है कि कार सवेरे 8.30 बजे अमरोहा से मेरठ की ओर आ रही थी जैसे ही कार माधापुर के पास पहुंची तो अचानक कार के आगे नील गाय आ गई। कार की रफतार तेज थी जहां भयानक हादसे में गाडी क्षतिगस्त हो गई और उसमे सवार 40 वर्षीय अरविन्द, 60 वर्षीय सुमिता त्यागी, 60 वर्षीय पुष्पा और 30 वर्षीय रजनी घायल हो गये। घायलों में रामपुरी की रहने वली पुष्पा की मौत हो गई जबकि रामपुरी की ही 30 वर्षीय रजनी गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पुष्पा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस की जानकारी मिलने पर पुष्पा के परिजन अस्पताल पहुंचे। इस समय यहां कोहराम मचा हुआ था पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार के हवाले कर दिया। क्योंकि मामला नील गाय से टकराने का था इसलिए कोई कार्यवाही नही हुई।

# मीरांपुर में खाने में छिपकली मिलने से मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरापुर।** कस्बे में एक नॉनवेज होटल से खाने में मरी हुई छिपकली निकलने का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर होटल की जांच की तथा अनियमितताएं पाए जाने पर प्रतिष्ठान को सील कर खाद्य पंजीकरण निलंबित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मीरापुर बस अड्डे के पास अल करीम चिकन कॉर्नर नाम से नॉनवेज होटल संचालित किया जा रहा था। बताया गया कि एक ग्राहक ने होटल से चिकन पैक कराया था। घर पहुंचकर जब उसने पैकेट खोला तो उसमें मरी हुई छिपकली दिखाई दी। इसके बाद ग्राहक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होते ही लोगों में आक्रोश फैल गया और मामले की शिकायत प्रशासन से की गई। शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी जानसठ ऋषिका सिंह तथा तहसीलदार जानसठ की मौजूदगी में होटल पर संयुक्त कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने प्रतिष्ठान से खाद्य सामग्री के तीन विधिक नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। जांच के दौरान होटल में स्वच्छता संबंधी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इसके आधार पर होटल का खाद्य पंजीकरण अग्रिम आदेशों तक निलंबित कर दिया गया तथा प्रतिष्ठान पर खाद्य कारोबार करने पर रोक लगा दी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने होटल संचालक जावेद पुत्र मोहम्मद गुलफाम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले गैर मानक खाद्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एड. फिरोज अली के हज पर जाने से पहले मुलाकात करते अधिवक्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** सीनियर एडवोकेट जनाब फिरोज़ अली साहब हज के मुबारक सफर पर रवाना होने से पहले उनके आवास पर एक पुरवक़ार और पुरखुलूस इस्तकबालिया तकरीब का आयोजन किया गया, जिसमें इलाके की मुअज्जिज शख्सियतों, समाजसेवियों और अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत कर फूल-मालाओं के साथ उनका इस्तकबाल किया और नेक तमन्नाओं का इज़हार किया।

इस मौके पर मौजूद वरिष्ठ एडवोकेट आफताब आलम ,जावेद अहमद सिद्दीकी एडवोकेट, फूल मियाँ जैदी एडवोकेट,आरिफ सिद्दीकी एडवोकेट,आज़म जैदी, सै"यद शान जैदी, हुसैन एडवोकेट आदि बहुत लोगों ने जनाब फिरोज़ अली साहब को हज की मुबारकबाद पेश करते हुए उनके सफर की कामयाबी, सेहत और सलामती के लिए दुआ की। हाज़िरीन ने उम्मीद जाहिर की कि वह इस मुकद्दस और बाबरकत सफर से रूहानी फैज़ो-बरकात हासिल करके खैरियत के साथ वापस लौटेंगे। तकरीब के दौरान माहौल बेहद खुशगवार और जज़्बाती रहा। इस दौरान सभी लोगों ने उनसे मुल्क, कौम और पूरी इंसानियत के लिए खास दुआ करने की भी गुज़ारिश की।

# मुठभेड़ में चार टावर चोर हुए गिरफ्तार

**एक करोड़ से अधिक के आरआरयू यूनिट बरामद हुए**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने मुठभेड के दौरान टावर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक करोड 10 लाख रूपये के जीओ व एयरटेल कम्पनी के आरआरयू यूनिट बरामद किये है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाईन सभाकक्ष में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 8/9 मई की रात सूचना मिली थी कि बदमाशों ने बुढाना क्षेत्र में मोबाईल टावरों से आरआरयू यूनिट चोरी कर लिये है। जिनकी

कीमत करोड रूपये से अधिक की थी। पुलिस इस गिरोह की तलाश में जुट गई थी और चैकिंग के दौरान पुलिस ने स्वीफट डिजायर कार में सवार बदमाशों को रूकने का इशारा किया। इस बीच बदमाशों की पुलिस से मुठभेड शुरू हो गई। विज्ञान रोड पर हुई मुठभेड में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। बदमाश जनपद मेरठ के समर गार्डन निवासी इरफान मलिक है और इस पर 15 हजार का इनाम बताया जा रहा है। ये गिरोह जनपद बागप, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, मेरठ हापुड व अन्य जनपदों में वारदात को अंजाम दे चुका है। इस गिरोह का सरगना मुठभेड में घायल इरफान मलिक है जो असम में भी इस तरह की घटनाओं में जेल जा चुका है। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध असलाह व एयरटेल व जीओ कम्पनी के आरआरयू यूनिट बरामद किये जिनकी कीमत 1 करोड 10 लाख रूपये है। बदमाशों में फैजान उर्फ सानू निवासी हुसैनपुर कला बुढाना व इस्लामूदीन निवासी समर गार्डन मेरठ और कामिल पुत्र जाहिद को भी गिरफ्तार किया गया।

# सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के विरूद्ध आपत्तिजनक और जातिगत टिप्पणी को लेकर सिविल लाईन थाने में गंभीर धाराओं का मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में जाट महासभा की ओर से तहरीर दी गई थी। जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 196 और 356 के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी मिली है कि दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में किसान नेता चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कथित रूप से महिला और जाति विशेष को लेकर टिप्पणी की थी। यह मामला सोशल मीडिया पर

वायरल हुआ तो कुछ लोगों ने इस पर कड़ी नाराजगी जतानी शुरू की। इस टिप्पणी को लेकर जाट महासभा मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष धर्मवीर बालियान और महासचिव जयवीर सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा से इस मामले की शिकायत की और इस सम्बन्ध में एक ज्ञापन भी सौंपा। दिये गये ज्ञापन में बताया गया कि वायरल वीडियो में सपा के प्रवक्ता ने गलत तरीके से जातिगत टिप्पणी की है। एसएसपी के आदेश पर सिविल लाईन पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया। उधर सिविल लाईन थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान का कहना है कि इस मामले को सम्बन्धित धाराओं में दर्ज कर लिया गया है और वायरल वीडियो की भी जांच पडताल की जायेगी। दिये गये बयान पर कार्यवाही होगी। बता दे कि वीडियो वायरल होने के बाद से कई संगठनों में भारी रोष है। अधिकारियों का कहना है कि सपा नेता राजकुमार भाटी के विरूद्ध शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और वीडियो की भी गहनता से जांच पडताल चल रही है।

# ढोंगी तांत्रिक मुठभेड़ में हुआ घायल

## महिलाओं से करता था ठगी, पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जनपद पुलिस शातिरों को लगातार सबक सिखाने के लिए निशाना बना रही है। अब तक शातिर व संगीन अपराधों में लिप्त बदमाश लंगडे होकर जेल जा रहे है।

मंगलवार को भी नई मंडी पुलिस ने तंत्र मंत्र के नाम पर महिलाओं को झांसे में लेकर हवस का शिकार बनाने व ठगी करने वाले तान्त्रिक को पुलिस ने मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है। इस तान्त्रिक से पुलिस को अवैध असलाह, झाड फूंक करने की सामग्री बरामद हुई है। पुलिस की गोली का निशाना बने तान्त्रिक, झाड फूंक, तंत्र मंत्र वसमस्याओं के समाधान का झांसा देकर महिलाओं को अपने जाल में फंसा रहा था।

बताया जाता है कि इस मामले की शिकायत हरियाणा के कैथल निवासी एक पीडित महिला ने की थी। पुलिस को बताया गया था कि तान्त्रिक ने झाड फूंक करने के बहाने और समस्याओं के समाधान का झांसा दिया और नकदी के साथ उसके साथ विश्वास घात भी किया है। पुलिस तभी से ढोगी तान्त्रिक के पीछे लग गई थी और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में ढांगी तान्त्रिक से गिरफ्तारी के दौरान पुलिस की मुठभेड हो गई। जब बदमाशों की पुलिस से मुठभेड हुई तो जवाबी फायरिंग में शहजाद घायल हो गया। जांच पडताल में आया है कि ढांगी तान्त्रिक शहजाद शमशान घाट में बैठकर तंत्र किया करता था और महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर तंत्र किया करता था। यह ढोगी तान्त्रिक कई महिलाओं को हवस का शिकार भी बना चुका है। बता दे कि ढोगी तांत्रिकों के मामले पहले भी पुलिस में रह गए है।

# 64 हजार वोल्ट लाइन बनी किसानों के लिए मौत का सामान

## बुआड़ा कला में बिजली विभाग की घोर लापरवाही उजागर

शाह टाइम्स सवांददाता

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के गांव बुआड़ा कला में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही किसानों की जान पर भारी पड़ती नजर आ रही है।

गांव के जंगलों और खेतों के ऊपर से गुजर रही 64 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन इन दिनों मौत का खतरा बनी हुई है। लाइन के कई तार जर्जर होकर नीचे झूल रहे हैं, जबकि कुछ स्थानों पर तार इतने नीचे आ गए हैं कि वे खेतों की जमीन और फसलों को छू रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

मंगलवार को स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब गांव के कुछ किसान रोजाना की तरह अपने खेतों में काम करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के नीचे लटक रहे तारों के बेहद करीब पहुंचने पर किसान बाल-बाल बच गए। किसानों ने बताया कि यदि थोड़ी सी भी चूक हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया। परिणामस्वरूप कई तार जर्जर होकर कमजोर हो चुके हैं। कुछ विद्युत पोल भी टेढ़े हो गए हैं, जिससे तार नीचे की ओर झुक गए हैं। खेतों में ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य कृषि यंत्रों के संचालन के दौरान किसानों को हर समय करंट लगने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात और तेज हवा के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, क्योंकि तार टूटकर गिरने का डर बना रहता है। किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग को पहले भी कई बार मौखिक और लिखित रूप से

शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन विभागीय अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टालते रहे। मंगलवार को घटना के बाद भी ग्रामीणों ने तत्काल विभागीय अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन देर शाम तक कोई कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के आसपास बड़ी संख्या में किसान और मजदूर रोज खेतों में काम करते हैं।

# जिला जज ने शुकदेव आश्रम में किए दर्शन

**मोरना।** जनपद न्यायाधीश बीरेंद्र कुमार सिंह भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम पहुंचे और दर्शन पूजन कर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज से आशीर्वाद लिया।

जिला जज बीरेंद्र कुमार सिंह ने तीर्थ जीर्णोद्धारक, संत विभूति वीतराग स्वामी कल्याणदेव महाराज के समाधि मंदिर में श्रद्धार्जलि अर्पित की। सिद्ध अक्षय वटवृक्ष की परिक्रमा कर उन्होंने श्री शुकदेव मंदिर में पूजा की। पदम् भूषण स्वामी कल्याणदेव संग्रहालय का अवलोकन किया। न्यायाधीश ने कहा कि शुकतीर्थ भागवत की पुण्य भूमि है। दीर्घ काल का आध्यात्मिक इतिहास इस तीर्थ की पवित्रता का प्रतीक है। वीतराग स्वामी कल्याणदेव सच्चे संत थे। भागवत पीठ में कथा यज्ञ अनुष्ठान करने का पुण्य संत कृपा और पूर्वजों के संस्कारों से मिलता है। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने सपत्निक पधारे जिला जज को आशीर्वाद प्रदान किया। कथाव्यास सुमन कृष्ण शास्त्री, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मकान गणना प्रक्रिया दूसरे दिन भी चली

**जानसठ।** केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशों के तहत चल रही मकान गणना प्रक्रिया अब दूसरे चरण में प्रवेश करने जा रही है। 7 मई से 21 मई तक चले स्व-मकान गणना अभियान के बाद अब 22 मई से 20 जून तक प्रमाणकों के माध्यम से घर-घर जाकर मकानों की विस्तृत गणना और सत्यापन का कार्य किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को तहसील सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एस डी एम जानसठ रश्मि लांबा ने बताया कि आगामी चरण में प्रमाणक प्रत्येक घर तक पहुंचकर परिवार एवं मकान से संबंधित विभिन्न जानकारियां एकत्र करेंगे। इस दौरान घर के मुखिया से कुल 34 बिंदुओं पर जानकारी ली जाएगी, जिसमें मकान की स्थिति, निर्माण का प्रकार, परिवार के सदस्यों की संख्या, शिक्षा, रोजगार, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, बिजली, गैस कनेक्शन सहित अन्य सामाजिक एवं आर्थिक विवरण शामिल रहेंगे। प्राप्त आंकड़ों का उपयोग शासन स्तर पर विभिन्न योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन में किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने प्रमाणकों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि गणना कार्य पूरी पारदर्शिता और सावधानी के साथ किया जाए। प्रत्येक परिवार से सही एवं प्रमाणित जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है, ताकि सरकारी अभिलेखों में त्रुटिहीन आंकड़े दर्ज हो सकें। अधिकारियों ने जनगणना को प्रशासनिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए समयबद्ध तरीके से इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# लखनऊ में वकीलों पर लाठीचार्ज का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना ने एसडीएम कृष्णकांत त्रिवेकर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर लखनऊ कांड की निंदा की। वकीलों ने दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित करने, अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग उठाई। बार एसोसिएशन बुढाना अध्यक्ष सुरेशपाल वर्मा व महासचिव सुभाष राठी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि लखनऊ में अधिवक्ताओं के चौंबरों को अवैध रुप से तोड़ना व निहत्थे वकीलों पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करना अमानवीय कृत्य है। वकीलों ने इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ व न्याय व्यवस्था पर सीधा प्रहार बताया। वकीलों ने चार प्रमुख मांगें रखी जिसमें लाठीचार्ज में शामिल दोषी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। लाठीचार्ज में गंभीर रुप से घायल अधिवक्ताओं को सरकार उचित आर्थिक मदद दे। वकीलों के तोड़े गए चौंबरों का सरकार पुनर्निर्माण कराये। प्रदेश में वकीलों के साथ आए दिन होने वाली अभद्रता, मारपीट व उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने हेतू अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम तत्काल लागू हो। वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। बार ने आशा जताई कि सीएम न्याय हित में इस मामले पर तुरंत संज्ञान लेंगे। यहां बार अध्यक्ष सुरेशपाल वर्मा महासचिव सुभाष राठी, श्यामवीर वर्मा, अवध बिहारी लाल गर्ग, संजीव पंवार व ओमपाल सिंह मौजूद थे।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगा

**जानसठ।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ में निरूशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर के दौरान 32 नए मरीजों की ओपीडी की गई, जबकि 50 पुराने मरीजों का पॉलोअप परीक्षण किया गया। इसके अलावा मरीजों को आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया गया। जांच के दौरान 27 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, जिन्हें ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। वहीं 23 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु आगे की प्रक्रिया के लिए पंजीकृत किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ के चिकित्सक एवं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के सॉल संचालन में कैंप इंचार्ज एवं रजिस्ट्रेशन प्रभारी राजन सिंह, दवा वितरण प्रभारी सूरज कुमार तथा चालक मनोज कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# न्यायालय परिसर में मीनाक्षी ने दी पिंक टॉयलेट की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महिलाओं और ट्रांसजेंडर समुदाय को स्वच्छ एवं सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नगरपालिका परिषद ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जनपद के न्यायिक विभाग परिसर में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पिंक टॉयलेट का उद्घाटन नगरपालिका परिषद की चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

नगरपालिका परिषद द्वारा निर्मित यह जनपद का दूसरा पिंक टॉयलेट है। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में भी महिलाओं और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। न्यायालय परिसर में बने इस नए पिंक टॉयलेट के निर्माण पर राज्य वित्त आयोग की धनराशि से करीब 9.50 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। तीन सीटों वाले इस पिंक टॉयलेट को आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप तैयार किया गया है।

उद्घाटन अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीरेन्द्र कुमार सिंह ने नगरपालिका परिषद द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि न्यायालय परिसर में आने वाली महिलाओं एवं ट्रांसजेंडर समुदाय को इससे बड़ी राहत मिलेगी। नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं और ट्रांसजेंडर समुदाय की सुविधा एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका परिषद लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह, एई निर्माण नैपाल सिंह, सभासद पति शोभित गुप्ता सहित न्यायिक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ कूच से पूर्व बुढ़ाना में प्रधान नजरबंद

**बुढ़ाना।** ग्राम पंचायत चुनाव कराने व कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर लखनऊ जा रहे ग्राम प्रधानों को बुढ़ाना पुलिस ने मंगलवार को घरों में नजर बंद कर दिया। पुलिस ने चंधेड़ी के प्रधान पुरुषोत्तम चौधरी व महलजना के प्रधान शेर खान को लखनऊ जाने से रोक दिया और आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया। प्रधानों ने बताया कि लखनऊ में राज्य स्तरीय महासम्मेलन व प्रदर्शन का आह्वान किया गया था। उधर प्रदेश सरकार यूपी के 57 हजार ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को खत्म कर रही है। इसके लिए कैबिनेट को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। 26 मई के बाद ग्राम पंचायतों की कमान प्रशासनिक समिति के हाथ में आ जाएगी। प्रशासक ही पंचायतों का काम देखेंगे। इसको लेकर प्रधानों में नाराजगी है। वे कार्यकाल बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस के पास यह अधिकार होता है प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने को ही ये कदम उठाया गया है। प्रधान पुरुषोत्तम चौधरी ने कहा वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने लखनऊ जा रहे थे लेकिन लोकतंत्र में अपनी बात रखने से रोका जा रहा है। समाचार लिखने तक दोनों प्रधान नजरबंद थे।

## जाट-गुर्जर महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी पर दी तहरीर

**बुढ़ाना।** सपा नेता राजकुमार भाटी द्वारा जाट व गुर्जर समाज की महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक व अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करने का मामला यहां तूल पकड़ गया। बुढ़ाना के जाट व गुर्जर समाज के लोगों ने मंगलवार को बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देकर भाटी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। सभी ने चौधरी चरण सिंह तिराहे पर प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापनद्ध भी सौंपा और कोतवाल सुभाष अत्री को दिए शिकायती पत्र में सभी ने कहा कि भाटी ने दोनों समाजों की महिलाओं के प्रति अनियंत्रित व अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। यह बयान समाज की मातृ शक्ति एवं गरिमा पर सीधा आघात है।

# मेधावी छात्रों को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** एस. एफ. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर में सी. बी. एस. ई. की बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही सफल हुए छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पडी। विद्यालय के मेधावी छात्र / छात्राओं में वाणिज्य वर्ग की सखी साहनी ने 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान व जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने अभिभावाक व विद्यालय को गौरवान्वित किया, वाणिज्य वर्ग के ही वरदान तनेजा ने 93 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, वहीं विज्ञान वर्ग की अवनी त्यागी ने 87.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय का गौरवान्वित किया अपितु अपने अभिभावको के सम्मान को भी बढ़ाया। चित्रकला विषय में शीना फातिमा ने 100 अंक, सखी साहनी ने 99 अंक वही सखी साहनी ने लेखाशास्त्र व अर्थशास्त्र में 98 अंक व व्यवसाय अध्ययन में 95 अंक प्राप्त किए, अंग्रेजी विषय में ईशिका मलिक ने 95, शारीरिक शिक्षा में अवनी त्यागी ने 95 अंक व वरदान तनेजा ने गणित विषय में 92 अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सफल छात्रों को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ऐ. के. मोहन ने कहा कि इन छात्रों की सफलता का श्रेय विद्यालय के अध्यापकों के साथ उनकह मेहनत एवं लगन को जाता है।

# सांसद हरेंद्र की अध्यक्षता में 'दिशा' की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अध्यक्ष द्वारा बैठक के मुख्य बिंदु एवं निर्देश दिए सड़क और बुनियादी ढांचा: अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्धच्डळैल्क्ष्र के तहत लंबित सड़कों के निर्माण को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए बरसात से पहले शहर के नाले तथा जिन सड़कों में ग्ढ्ढे हो गए वह ठीक हो जाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

हर घर जल योजनारू जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए माननीय अध्यक्ष ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों को तुरंत दुरुस्त किया जाए, ताकि आम जनता को असु. विधा न हो तथा सभी घरों में शुद्ध पानी पहुंचे इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।कृषि और रोजगाररू प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मनरेगा के तहत कार्यों की समीक्षा की गई। मनरेगा में मानव दिवस बढ़ाने और जल संरक्षण (अमृत सरोवर) के कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। जनपद में कहीं पर विद्युत की समस्या ना रहने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए। गौशाला में गोवंशों के लिए भूसा, पानी, धूप से बचने हेतु टिनसैड आदि बीमार पशुओं का उपचार एवं टीकाकरण, गौशालाओं का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए की व्यवस्था सुनिश्चित्र रहे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।बैठक के अंत में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अध्यक्ष और समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरसश: पालन किया जाएगा । इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, मीनाक्षी स्वरूप, डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण मौजूद रहे।

## आर्य महासम्मेलन में भजनों से वातावरण बना भक्तिमय

**मुजफ्फरनगर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय हआर्य महा सम्मेलनह्न के तीसरे दिन वैदिक विचारों, भजनों एवं प्रवचनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। सम्मेलन में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ, प्रवचन और भजन कार्यक्रमों में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। मुख्य वक्ता आचार्य संजय याचिक मेरठ ने कहा कि यज्ञ परमात्मा की आराधना का श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कहा कि वेदों का पढ़ना, पढ़ाना तथा सत्य का पालन करना प्रत्येक आर्य का कर्तव्य है। उन्होंने समाज में वैदिक संस्ख्रति के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि गुरुकुल पद्धति से दी जाने वाली शिक्षा ही समाज और राष्ट्र को सही दिशा दे सकती है।

# एनएमएमएस परीक्षा में बुढ़ाना की सायमा ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली श्री राम प्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज बुढ़ाना की छात्रा सायमा को मंगलवार को कालेज में आयोजित समारोह में प्रमाण पत्र उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर नीलेश वशिष्ठ व एलडीबी बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद सैनी ने छात्रा को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर नीलेश वशिष्ठ ने बताया एनएमएमएस राष्ट्रीय स्तर की अत्यंत कठिन प्रतियोगी परीक्षा है। इसमें सफलता के बाद छात्रा सायमा को अगले 4 वर्षों तक 12 हजार प्रतिवर्ष यानि 48 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। कालेज के शिक्षक मान सिंह पूरे वर्ष आवेदन करने वाले छात्र छात्राओं को फी तैयारी कराते हैं। सब पुस्तकें व पाठड सामग्री उपलब्ध कराते हैं। इस वर्ष ज्यादा से ज्यादा बच्चों को एनएमएमएस में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए कालेज स्तर से पूरे शिक्षण सत्र में एक अतिरिक्त वादन विशेष रुप से एनएमएमएस की तैयारी के लिए लगाया जाएगा। एलडीबी बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद सैनी ने कहा एक छात्र की सफलता पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करती है। कालेज के शिक्षक मान सिंह ने बताया बीते वर्ष भी उनके कालेज की एक छात्रा ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर तहसील बुढ़ाना का नाम रोशन किया था जिसे एक वर्ष की 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति बैंक खाते में मिल चुकी है। आज छात्रा सायमा को जिला स्तर पर मुजफ्फरनगर मे भी सम्मानित किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार और सुविधा शुल्क की शिकायतों की होगी जांच : सीएमओ

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने जिला चिकित्सालय में मरीजों, किसानों एवं आमजन से कथित रूप से सुविधा शुल्क वसूले जाने तथा शोषण संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर द्वारा जिला चिकित्सालय में भ्रष्टाचार, सुविधा शुल्क, अव्यवस्थाओं एवं आमजन को हो रही परेशानियों के संबंध में शिकायतें उनके संज्ञान में लाई गई थीं, जिसके उपरांत तत्काल प्रभाव से मामले का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाए गए। इसी क्रम में आज जिला चिकित्सालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. नवनीत बंसल, डॉ. संदीप रंजन, फार्मासिस्ट हारून, फार्मासिस्ट राजीव गोयल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डॉ. सुनील तेवतिया ने स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय में पारदर्शिता बनाए रखना एवं मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की दलाली, सुविधा शुल्क, भ्रष्टाचार, लापरवाही अथवा मरीजों एवं तीमारदारों के शोषण जैसी शिकायतों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी कर्मचारी अथवा व्यक्ति की संलिप्तता अनियमितताओं में पाई जाती है तो उसके विरुद्ध जांच कराई जाएगी।


**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र समीर मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। मेरा पुत्र गलत संगत में पड गया है। समझाने पर भी नही मान रहा है। उसका उठना बैठना गलत लोगों में हो गया है। आये दिन परिवार के साथ लडाई झगडा करता है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने समीर से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने समीर को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में समीर के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन व वाद विवाद आदि के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। समीर स्वयं जिम्मेदार होंगा।

**श्रीमति इमराना पत्नी स्व.महमूद निवासी ग्राम जसोई थाना तितावी जिला-मुजफ्फरनगर**



**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, मुजफ्फरनगर**

ई-निविदा सूचना: 1963/EDC-I, M.Nagar दिनांक 19.05.2026

वि.वि.खण्ड-मुजफ्फरनगर ग्रामीण / चरथावल / जानसठ क्षेत्रान्तर्गत ई-निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1-06/2026-27, बिजनेस प्लान 2026-27 के कार्य।
2-07/2026-27, बिजनेस प्लान 2026-27 के कार्य।
3-08/2026-27, बिजनेस प्लान 2026-27 के कार्य।
4-09/2026-27, बिजनेस प्लान 2026-27 के कार्य।
5-10/2026-27, बिजनेस प्लान 2026-27 के कार्य।
6-11/2026-27, बिजनेस प्लान 2026-27 के कार्य।
7-12/2026-27, बिजनेस प्लान 2026-27 के कार्य।
8-13/2026-27, बिजनेस प्लान 2026-27 के कार्य।
9-14/2026-27, बिजनेस प्लान 2026-27 के कार्य।

अन्तिम तिथि: 10.06.2026, समय 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाऐं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।


# कुर्बानी के त्यौहार से पूर्व उलेमाओं की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ईद उल अजहा के त्योहार से पूर्व मंगलवार को बुढाना कस्बे के मोहल्ला कर्बला रोड के पास स्थित जामिया अल हुमैरा लिलबनात कर्बला रोड मदरसा बुढ़ाना में उलेमाओं की एक बैठक हुई।

बैठक में मुस्लिम समाज में फैली बुराइयों को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया गया और खासकर मुस्लिम अभिभावकों से अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की गई। यहां मदीना मस्जिद ढिंढावली के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने कहा इस्लाम में शिक्षा हासिल करना हर मर्द औरत पर फर्ज है। हमें अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम की पढ़ाई भी दिलानी चाहिए। बुढ़ाना के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित कुबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने नशाखोरी, फिजूलखर्ची दहेज, बाल विवाह, आपसी रंजिश जैसी कुरीतियों को समाज के लिए घातक बताते हुए कहा कि इन कुरीतियों की वजह से समाज पिछड़ रहा है। ईद उल अजहा पर कुर्बानी के साथ इन बुराइयों की भी कुर्बानी दें। बुढ़ाना ब्लाक के ग्राम हुसैनपुर कलां में स्थित मदरसा जामिया मसीहुल उलूम के नाजिम ए तालिमात कारी हुजैफा कासमी ने लोगों से आपसी भाईचारा, एकता, मोहब्बत बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। बैठक आयोजक जामिया अल हुमैरा लिलबनात कर्बला रोड मदरसा बुढ़ाना के डायरेक्टर मौलाना रिजवानुल हक ने भी मुस्लिमों में सुधार और तालीम को बढ़ावा देने पर सहमति जताई।

# सेंचुरी क्षेत्र में कबूतर उड़ान पर बाजी लगाने वालों पर हुई पुलिस कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सेंचुरी क्षेत्र में कबूतर की उड़ान को माध्यम बनाकर जुआ खेलने वाले पांच व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया है। भोपा थाना क्षेत्र के भोकरहेड़ी व वज़ीराबाद व शुकतीर्थ क्षेत्र में कबूतर बाजी का धंधा जारी है। अनेक व्यक्ति कबूतर बाजी कर जुआ खेलने का कृत्य कर रहे हैं।हस्तिनापुर सुरक्षित वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र के शुकतीर्थ में कबूतर की उड़ान पर हज़ारों की बाजी लगाने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। शुक्रताल चौकी इंचार्ज विवेक चौधरी ने थाने पर मुकदमा दर्ज कर बताया की शुक्रताल में स्थित श्मशान घाट के पास गंगा पार्क में कबूतरबाजी पर जुआ खेलने की सूचना मिली थी।मौके पर कबूतर उड़ाने वाले व्यक्ति आलम, बिलाल,मुजाहिद, तालिब निवासी गांव किशनपुर थाना भोपा अबुजर निवासी गांव खाइखेड़ा थाना ककरौली को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। जहां आलम की जेब से 1000 रुपये अबुजर से 4000 रुपये, बिलाल से 2600 रुपये, मुजाहिद से 1500 रुपये, तालिब से 1500 रुपये बरामद किये हैं।

पुलिस की कार्रवाई से कबूतर बाजी में हड़कम्प मच गया है।ग्रामीणों के अनुसार भोकरहेड़ी, वज़ीराबाद व शुक्रतारी,शुक्रताल आदि स्थानों पर बाजी लगाकर कबूतर उड़ाए जा रहे हैं।

## भूमिया मंदिर में गूंजे भक्ति रस के स्वर

मीरापुर। कस्बे के प्राचीन भूमिया मंदिर में पुरूषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित मद भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला। कथा में दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान की भक्ति में लीन होकर कथा का श्रवण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगी अमरनाथ पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत रूप से मद भागवत का पूजन-अर्चन किया तथा कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त किया।


**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स. 8760/18.08.20 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण शरीन नाम दर्ज नही कराया गया तथा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स 08449/19.08.16 मे पिता का नाम मौ0 इमरान उर्फ़ इमरान अंकित किया जाना है। उपरोक्त संशोधन हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**इमरान पुत्र हाजी दिलशाद पीरजादगान बड़वीयान खालापार, मुजफ्फर नगर**

# गोल्ड लोन विवाद ने पकड़ा तूल, युवक संग मारपीट के आरोप में कोतवाली पर हंगामा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में गोल्ड लोन के कारोबार को लेकर मंगलवार को जमकर हंगामा खड़ा हो गया। एक युवक ने कुछ फाइनेंसरों पर मारपीट, गाली-गलौज और दबाव बनाने के आरोप लगाए, जिसके बाद मामला कोतवाली पहुंच गया। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच तनातनी बनी रही और मौके पर लोगों की भीड़ जमा रही।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरी निवासी दीपक ने बताया कि उसने कुछ समय पहले आर्थिक तंगी के चलते खतौली के एक गोल्ड लोन बैंक में सोना गिरवी रखकर करीब 60 हजार रुपये का ऋण लिया था। आरोप है कि बाद में कस्बे में सक्रिय कुछ गोल्ड लोन फाइनेंसरों ने उसे अधिक रकम दिलाने का भरोसा दिया और पुराने बैंक का लोन चुकाकर उसका सोना दूसरे बैंक में गिरवी रखवा दिया।

पीड़ित युवक का कहना है कि फाइनेंसरों ने सुरक्षा के नाम पर उससे दो ब्लैंक चेक भी ले लिए थे। मंगलवार को किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि कोतवाली के समीप युवक को रोककर उसके साथ अभद्रता की गई और हाथापाई की गई।

?युवक ने यह भी आरोप लगाया कि विवाद के दौरान उसका मोबाइल फोन और बाइक भी छीन ली गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफी देर तक सड़क किनारे दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक चलती रही, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाद में मामला कोतवाली पहुंचा, जहां पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठाकर पूछताछ शुरू की। फिलहाल समाच. ार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया था। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

## कल्याणपुर की लविश बनी जिला टॉपर, गांव में जश्न

**बुढ़ाना।** गांव कल्याणपुर की छात्रा लविश चौधरी ने सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में जिला टॉप कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लविश की इस उपलब्धि पर मंगलवार को उनके घर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पूरे गांव में खुशी का माहौल देखा गया। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शोएब कुंवर अपने समर्थकों के साथ मंगलवार को जिला टॉपर छात्रा लविश चौधरी के घर कल्याणपुर पहुंचे। उन्होंने लविश को नोटों की माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। शोएब कुंवर ने कहा कि बेटियों की इस तरह की उपलब्धि पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। लविश ने साबित किया कि मेहनत से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। लविश चौधरी के जिला टॉप करने की खबर से गांव में उत्साह का माहौल है। परिजनों ने गांव में मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। ग्रामीणों ने कहा कि लविश ने गांव की अन्य बेटियों के लिए मिसाल कायम की है। लविश ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया।

## किशोरी को लेकर फरार हुआ युवक गिरफ्तार

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम संभलहेड़ा में एक किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोरी को सकुशल बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एससी/सटी एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित पिता ने बताया कि वह परिवार सहित एक ईंट भटे पर मजदूरी का कार्य करते हैं। गांव का एक युवक उनके यहां अक्सर आता-जाता था। उसी दौरान युवक ने किशोरी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जब इसका पता पिता को लगा तो उसे विरोध किया जिसके बाद आरोपी ने किशोरी के पिता के साथ गाली गलौच करते हुए अभद्र व्यवहार किया।

# गंग नहर घाट पर देर रात चोरी और तोड़फोड़

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के प्रसिद्ध गंग नहर घाट स्थित आरती स्थल पर सोमवार देर रात अज्ञात चोरों और शरारती तत्वों ने चोरी और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देकर हड़कंप मचा दिया। बदमाश घाट से विद्युत केबल और बिजली फिटिंग का सामान चोरी कर ले गए, वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगाई गई स्टील रेलिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद मंगलवार सुबह घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं और समिति पदाधिकारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

श्री गंग नहर सेवा समिति द्धरजि.ऋ की ओर से कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि देर रात कुछ अज्ञात लोग आरती स्थल पर पहुंचे और सबसे पहले बिजली लाइन काट दी। इसके बाद वहां लगी करीब 10 से 15 हजार रुपये कीमत की विद्युत केबल, फिटिंग सामग्री और अन्य उपकरण चोरी कर लिए गए। आरोप है कि चोरी के दौरान आरोपितों ने घाट पर लगी स्टील रेलिंग भी तोड़ दी, जिससे घाट की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो गई।

सुबह जब समिति सदस्य और स्थानीय लोग आरती स्थल पहुंचे तो वहां फैली अव्यवस्था देखकर हैरान रह गए। पूरी बिजली व्यवस्था ठप मिली और रेलिंग टूटी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी घाट पर एकत्र हो गए। समिति पदाधिकारियों ने इसे धार्मिक स्थल की मर्यादा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए नाराजगी जाहिर की।

समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि गंग नहर घाट पर पहले भी चोरी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शाम की आरती में शामिल होने पहुंचते हैं, ऐसे में घाट क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम बेहद जरूरी हैं। समिति के पंकज भटनागर, श्यामलाल सैनी समेत अन्य सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर जल्द आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाए। साथ ही घाट क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरे लगवाने और आरती स्थल की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग भी उठाई गई है।

पुलिस का कहना है कि समिति की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्ध लोगों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक राष्ट्र निर्माता विद्यार्थी कल का भविष्य: डॉ. सत्येन्द्र पाल

**बुढ़ाना।** शिक्षा ही वह हथियार है जिससे जीवन की हर जंग जीती जा सकती है। यह बात समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्येन्द्र पाल ने एक स्कूल समारोह में कही। वे सनराइज पब्लिक स्कूल उमरपुर में आयोजित वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि डाक्टर सत्येन्द्र पाल ने कक्षा में अव्वल आए छात्र और छात्राओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि अनुशासन और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। आप सभी देश का भविष्य हैं। खूब पढ़ो और माता पिता व गुरुओं का नाम रोशन करो। मुख्य अतिथि डाक्टर सत्येंद्र पाल ने यहां अपने संबोधन में शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताते हुए कहा कि बच्चों के चरित्र निर्माण से लेकर उन्हें कामयाब नागरिक बनाने तक में शिक्षक की सबसे बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे भी अपने मोबाइल से दूरी बनाकर बच्चों को पढ़ाई का माहौल दें। स्कूल के प्रबंधक प्रमोद कुमार ने मुख्य अतिथि डाक्टर सत्येंद्र पाल और सब ग्रामवासियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्कूल का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा है। यह सब शिक्षकों की मेहनत व अभिभावकों के सहयोग से संभव हुआ है। सब अतिथियों ने कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की। यहां स्कूल स्टाफ व कई अभिभावक मौजूद रहे।

### दुकानदार के साथ मारपीट

**मोरना।** भोकरहेड़ी में एक दुकानदार ने दो युवकों पर दुकान में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला लोकुपुरा निवासी जितेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कस्बे के बाजार में किरयाना की दुकान चलाता है।बीते रविवार की देर शाम वह अपनी दुकान पर बैठा था तभी कस्बा निवासी दो युवक उसकी दुकान में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसे बचाया।पीड़ित ने अपनी जान-माल का खतरा जताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### रील का शौक पड़ा भारी पुलिस ने काटा चालान

**बुढ़ाना।** रील बनाने और सोशल मीडिया पर फेमस होने का शौक एक युवक को बहुत महंगा पड़ गया। बुढ़ाना कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को कस्बे में बिना नंबर की एक तेज रफ्तार कार को कब्जे में लिया क्योंकि कार के आगे पीछे नंबर प्लेट की जगह इंस्टाग्राम आईडी नबीं 0001 लिखी हुई थी। तभी बुढ़ाना पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन में फॉल्टी नंबर की कार का चालान कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक बड़ी ही तेज रफ्तार में कार को दौड़ा रहा था और यातायात नियमों की भी खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा था। कार पर नंबर प्लेट ना होकर इंस्टाग्राम आईडी लिखी देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने कार को रोका और चालक का चालान कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि बिना नंबर की गाड़ी से कोई भी वारदात हो सकती है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाना गंभीर अपराध है और कायदे में गाड़ी को सीज होना चाहिए था लेकिन पुलिस ने सिर्फ चालान कर छोड़ दिया। इससे नियम तोड़ने वालों के हौसले बुलंद होते हैं। पुलिस का कहना है कि बिना नंबर प्लेट व खतरनाक ड्राइविंग पर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में चालान किया गया है। युवाओं से अपील है कि रील के चक्कर में कानून न तोड़ें।

### भैंसी में भाजपा की संगठनात्मक बैठक

**खतौली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को ग्राम भैंसी में भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजू अहलावत के आवास पर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली, बूथ प्रबंधन और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तार से मंथन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रवासी रविकांत प्रधान ने कहा कि पार्टी की असली ताकत बूथ कार्यकर्ता हैं और संगठन की सफलता उन्हीं की सक्रियता पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच बनाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अभी से रणनीति तैयार करना जरूरी है। मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन मंडल महामंत्री धीरेंद्र बिवकर्मा ने किया। इस दौरान बूथ समितियों को और अधिक सक्रिय करने, शक्ति केंद्रों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाने पर चर्चा हुई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ काम करने और प्रत्येक बूथ पर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मनोज राठी, जिला कार्यकारिणी सदस्य हरजीत कौर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अरविंद सैनी, अमित शर्मा, प्रिंस सराय, नीरज सराय और मुन्ना पाल सहित बड़ी संख्या में शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी मौजूद रहे। अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### विधायक विजय की पांचवी पुण्यतिथि मनाई

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा नेता व चरथावल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक रहे स्वर्गीय विजय कश्यप की पांचवी पुण्य तिथि का आयोजन हुआ। पुण्य तिथि पर जहाँ मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व मंत्री डाक्टर संजीव बालियान,साध्वी निरंजन ज्योति सहित अनेको भाजपाई मौजूद रहे। कपिल देव अग्रवाल ने श्रद्धाजलि सभा को सम्बोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डाक्टर वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक,जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी,श्रीमोहन तायल, अक्षय पुंडीर, गौरव प्रमुख, मनीष गर्ग, डाक्टर विपिन त्यागी, मिथुन त्यागी, प्रवीण राणा सहित अनेको भाजपाई मौजूद रहे।

## सचिव ने बीडीओ का आदेश भी नहीं माना...

**बुढ़ाना।** बीडीओ के आदेश की अवहेलना कर ग्राम पंचायत सचिव द्वारा माधव गौशाला परा. सोली के अध्यक्ष छोटा सैनी के साथ गाली गलौज व धमकी देने का मामला सामने आया है। इसी बात से क्षुब्ध होकर गौरक्षक छोटा सैनी ने भूख हड़ताल की घोषणा कर ब्लाक परिसर में दरा बिछाकर धरना शुरू कर दिया लेकिन बाद में बीडीओ के समझाने पर गौरक्षक मान गया। फिर भी गौरक्षक ने बीडीओ को 3 दिन का समय देते हुए कहा अगर उनकी समस्या हल न हुई तो 23 मई को वो धरना देगा। माधव गौशाला परसौली के अध्यक्ष छोटा सैनी ने बीडीओ बुढ़ाना को शिकायती पत्र देकर सचिव ग्राम मंडावली खादर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग की।

# वेदांता पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में वेदांता पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी तीनों संकायों में शानदार सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

आयुषी चौधरी ने 90: अंको के साथ कक्षा 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया।

छात्र-छात्राएँ अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुँचे और शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यार्थियों के चेहरे सफलता की खुशी से खिल उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी एवम् प्रबंधक सुशील आर्य जी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# धूलरोट संस्कार का हुआ आयोजन, हवन यज्ञ में दी आहुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज के देवलोक गमन के तीसरे दिन धूल रोट संस्कार का आयोजन किया गया।जिसमें हवन यज्ञ में आहुति प्रदान की गयी।व आचार्यो द्वारा विष्णु सहस्र नाम पाठ आरम्भ किया गया।वहीं ब्रह्मलीन सन्त को साधु संतों व श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धांजलि देने का सिल. सिला जारी है।

शुकतीर्थ में स्थित हनुमन्तधाम में मंगलवार को धूल रोट संस्कार का आयोजन किया गया।पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन स्वामी केशवानन्द सरस्वती की समाधि के पास आयोजित हवन यज्ञ में आहुति प्रदान की गयी।स्वामी विज्ञानन्द महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन सन्त को अनेक गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही है।जिनमे महामंडलेश्वर स्वामी शिव स्वरूपानन्द महाराज हरिद्वार द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।स्वामी महेशपुरी की अध्यक्षता में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।गोविंद धाम के आचार्य देवेन्द्र शर्मा,सच्चा बाबा गुरुकुल प्रधानाचार्य आचार्य आकाश तिवारी,आचार्य हिमांशु शर्मा हरिद्वार, आचार्य नीशू हरिद्वार, आचार्य विमंस वाजपेयी शुक्रताल द्वारा विष्णु सहस्र नाम जप जारी है।पण्डित परशुराम प्रभाकर आनन्दपुरि, सच्चिदानंद पुरी द्वारा हवन यज्ञ सम्पन कराया गया।जिसमें आनन्द स्वरूपानन्द महाराज शिष्य ब्रह्मलीन स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज, आश्रम ट्रस्ट अध्यक्ष आर के टण्डन, कोषाध्यक्ष कँवर सैन गोयल, कैलाश गोयल, गीतानन्द गिरी महाराज,विनय स्वरूपानंद महाराज,स्वामी धुरवानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज,विनोद शर्मा आदि ने आहुति प्रदान की।

**ब्रह्मलीन सन्त को श्रद्धांजलि देने पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य:** ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती को श्रद्धांजलि पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य राज राजेश्वरम महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन संत प्रत्येक संप्रदाय के सन्यासी से लगाव रखते थे तथा आदर सम्मान देते थे।व उनसे मित्रवत स्नेह करते थे।शंकराचार्य के साथ आए दीपक कुमार ने ब्रह्मलीन संत की समाधि पर चादर व पुष्प अर्पित किये।

# परीक्षित राज्याभिषेक और श्रीकृष्ण लोकगमन प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर किया

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास नमन कृष्ण महाराज ने महाभारत के अंतिम प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए राजा परीक्षित के राज्याभिषेक, पांडवों के वनगमन तथा भगवान श्रीकृष्ण के लोकगमन की कथा सुनाई, जिसे सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि महाभारत युद्ध के उपरांत पांडवों ने सांसारिक मोह का त्याग कर हस्तिनापुर का राजपाट राजा परीक्षित को सौंप दिया था। इसके बाद उन्होंने वैराग्य का मार्ग अपनाते हुए वनगमन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का लोकगमन मानव जीवन को यह प्रेरणा देता है कि संसार की सभी वस्तुएं नश्वर हैं और मनुष्य को सदैव धर्म, सत्य और सत्कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। श्रीकृष्ण लोकगमन के मार्मिक प्रसंग के दौरान कथा पंडाल का वातावरण भावुक हो गया। श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे। कथा में शुकदेव जी महाराज के राजा परीक्षित के दरबार में आगमन का प्रसंग भी सुनाया गया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा और ध्यान के साथ सुना। कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना

दिया। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए और ठाकुरद्वारा परिसर जय श्रीराम व राधे-श्याम के जयकारों से गूंज उठा।इस अवसर पर मुख्य आयोजकों में डॉ. दिनेश चंद्र, डॉ. जयश्री द्विवेदी, डॉ. तनु शर्मा, डॉ. शिवम शर्मा, डॉ. एन.के. त्यागी, कुलदीप त्यागी, प्रवीण प्रधान, रजनीश, बबलू, बिल्लू और निशांक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन के नए भवन में बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** करोड़ों रुपए की लागत से नवनिर्मित धामपुर रेलवे स्टेशन भवन के उद्घाटन से पहले ही निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीती रात स्टेशन परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भवन की तीसरी मंजिल पर लगा एक बड़ा पत्थर अचानक टूटकर नीचे प्लेटफॉर्म क्षेत्र में आ गिरा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि एक मासूम बच्चा बाल-बाल बच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर रेलवे स्टेशन का नया भवन बनकर पूरी तरह तैयार है और इसके उद्घाटन की तैयारी चल रही है। इसी बीच रात में अचानक भवन की तीसरी मंजिल पर लगा भारी पत्थर टूटकर नीचे गिर पड़ा। बताया जाता है कि जिस समय यह घटना हुई, उसी दौरान एक ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर दो पर आने वाली थी, जिसके चलते अधिकांश यात्री प्लेटफॉर्म नंबर दो की ओर मौजूद थे। इसी दौरान एक बच्चा अपने परिजनों के साथ प्लेटफॉर्म नंबर एक की ओर से गुजर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गिरा हुआ पत्थर बच्चे को छूते हुए नीचे गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। यदि उस समय वहां अधिक भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में मलबा हटाने का कार्य शुरू कराया गया और कुछ ही मिनटों में गिरे हुए पत्थर के टुकड़ों को हटवा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान पता चला कि कुछ अन्य पत्थर भी ढीले अवस्था में थे और उनके गिरने की आशंका थी। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे अधिकारियों के निर्देश पर रात में ही उन पत्थरों को भी हटवा दिया गया। रेलवे स्टेशन पर हुई इस घटना के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। स्टेशन पर मौजूद लोगों के बीच निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर चर्चा होती रही। वहीं यह भी चर्चा रही कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

## विशेष हृदय जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से मंगलवार को सदर बाजार स्थित डॉ. पंकज बोहरा हार्ट केयर सेंटर पर विशेष हृदय जांच एवं

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने फीता काटकर किया। शिविर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज बोहरा, एमडी (जनरल मेडिसिन), डीएम द्धकार्डियोलॉजीऋ, एमआरसीपीआई, एफएससीएआई द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। डॉ. पंकज बोहरा ने कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से गर्मी के मौसम में अधिक पानी पीने, नियमित व्यायाम करने, तनाव मुक्त रहने तथा ब्लड प्रेशर एवं शुगर नियंत्रित रखने की अपील की। शिविर में ओपीडी एवं शुगर जांच निरूशुल्क की गई, जबकि ईसीजी सहित अन्य जांचों पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया।

## कॉलेज में चला 'स्व-गणना' जागरूकता अभियान

**खतौली।** शासन और जिला प्रशासन के निर्देश पर मंगलवार को नगर के श्री कुन्द कुन्द जैन (पी.जी.) कॉलेज में 'जनगणना-2027' के तहत स्व-गणना जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को डिजिटल माध्यम से स्वयं जनगणना करने और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं का आधार है। नागरिकों द्वारा दी गई सही जानक. ारी के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास जैसी योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आ]वान किया। कार्यक्रम में डॉ. विपिन कुमार बंसल ने कहा कि युवा वर्ग डिजिटल इंडिया की सबसे बड़ी ताकत है।

# 10 मिनट लेट होने पर छात्रों को रोका

**खतौली।** नगर के कुंद-कुंद जैन पीजी कॉलेज में मंगलवार को बीकॉम प्रथम वर्ष की परीक्षा के दौरान उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब देरी से पहुंचे कई छात्रों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा से वंचित छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर पक्षपात और दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार बिविविद्यालय परीक्षाओं के तहत मंगलवार सुबह बीकॉम प्रथम वर्ष की परीक्षा आयोजित की गई थी। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक परीक्षा शुरू होने से पहले सभी छात्रों का केंद्र पर पहुं. चना अनिवार्य था। इसी दौरान करीब आधा दर्जन छात्र निर्धारित समय से 10 से 15 मिनट देर से कॉलेज पहुंचे। गेट पर मौजूद स्टाफ ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश देने से मना कर दिया। परीक्षा में शामिल न हो पाने से नाराज छात्रों ने कॉलेज परिसर में विरोध जताया। छात्रों में लव शर्मा, तुषार, हर्ष और क्रिस समेत अन्य शामिल रहे। छात्रों का कहना था कि उन्होंने कॉलेज प्रशासन से मानवीय आधार पर परीक्षा में बैठने देने की अपील की, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई।

विरोध कर रहे छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन छात्रों के मामले में सख्ती दिखाता है, जबकि कई शिक्षक और अधिकारी खुद अक्सर देर से पहुंचते हैं। छात्रों ने कहा कि यदि नियम बनाए गए हैं तो उनका पालन सभी पर समान रूप से होना चाहिए।

इसी बात को लेकर छात्रों और शिक्षकों के बीच तीखी बहस भी हुई। छात्रों ने कुछ शिक्षकों पर अभद्र व्यवहार करने और पुलिस बुलाने की चेतावनी देने का भी आरोप लगाया। हालांकि बाद में कॉलेज स्टाफ और अन्य लोगों ने समझाकर मामला शांत कराया, जिसके बाद छात्र मायूस होकर वापस लौट गए। उधर कॉलेज प्राचार्या नीतू वशिष्ठ ने छात्रों के आरा.

पों को खारिज करते हुए कहा कि परीक्षा अनुशासन के अनुसार विद्यार्थियों को समय से पहले केंद्र में प्रवेश करना होता है। उन्होंने बताया कि सुबह 7 बजे शुरू होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को पौने सात बजे तक कॉलेज पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। प्राचार्या ने कहा कि कुछ छात्रों ने नियमों का उल्लंघन करने के बाद शिक्षकों के साथ बहस और अभद्रता की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी छात्र को धमकी नहीं दी गई। शिक्षकों और अधिका. रियों के देर से पहुंचने के आरोपों को निराधार बताते हुए उन्होंने कहा कि कॉलेज में तीन शिफ्टों में परीक्षाएं चल रही हैं और सभी कर्मचारी अपनी निर्धारित ड्यूटी के अनुसार समय से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन विद्यार्थियों की सुविधाओं और अनुशासन दोनों को प्राथमिकता देता है तथा छात्रों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## स्वास्थ्य शिविर लगा

**खतौली।** शासन के निर्देश पर मंगलवार को ग्राम पंचायत बड़सू स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में विशेष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने किया। शिविर का आयोजन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देश पर किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्वयं स्वास्थ्य परीक्षण कराकर चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता की सराहना की और ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाने की भी व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कुल 214 लोगों का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक: एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लापरवाही पर शामली सीएचसी प्रभारी पर गिरी गाज

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक का प्रस्तुतीकरण जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशुतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कई कार्यक्रमों की प्रगति पर असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों को सुधार के कड़े निर्देश दिए।

बैठक में एसएनसीयू एवं एनआरसी की भौतिक प्रगति रिपोर्ट, गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली प्रसव पूर्व सेवाएं, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी), एफआरयू सेवाएं, टीकाकरण अभियान, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा की गई। जिला. धिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और योजनाओं का लाभ समय से पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दीपक चौधरी द्वारा टीकाकरण एवं अन्य विभागीय जानकारी का संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य चिकित्सा

अधिकारी को डॉ. दीपक चौधरी को हटाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कुपोषित बच्चों की अधिक से अधिक स्क्रीनिंग कराने तथा उन्हें एनआरसी जिला अस्पताल में भर्ती कर उचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर किए जाने वाले बच्चों को एसएनसीयू में भर्ती कर उनकी बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जाए। गर्भवती महिलाओं को समय पर सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रसव उपलब्धि में जहां भी कमी या गैप है, उसे जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने आरबीएसके टीम को बेसिक शिक्षा विभाग और जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार करने और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने टीबी मरीजों को रोस्टर के अनुसार पोषण पोटली वितरित करने के निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) की समीक्षा के दौरान अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने पीएमजेएवाई टीम एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक को अभियान चलाकर पात्र लोगों के कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। जिला. धिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को सभी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में पीडी डीआरडीए प्रेमचंद, डॉ. अनिल कुमार, सीएमएस डॉ. किशोर आहूजा, एसीएमओ डॉ. अश्वनी शर्मा, डीपीओ आईसीडीएस सहित सभी चिकित्सा अधीक्षक एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला पोषण समिति की बैठक भी आयोजित की गई। इसमें निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिका. रियों को सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## ठोस कचरा प्रबंधन को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका के कमला कॉलोनी में मंगलवार को सामुदायिक नेतृत्व आधारित विकेंद्रीकृत ठोस कचरा प्रबंधन कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के करीब 250 घरों में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। इसके बाद मोहल्ला स्वच्छता समिति सदस्य रेखा जैन के आवास पर होम कंपोस्टिंग का निरीक्षण किया गया। यहां गीले कचरे से जैविक खाद तैयार कर उसका उपयोग गमलों और वृक्षारोपण में किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर गमले तैयार करने की पहल को कचरा प्रबंधन की मिसाल बताया गया।

# पात्र लोगों को समयबद्ध तरीके से मिले लाभः महिपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग, लखनऊ के सदस्य महिपाल वाल्मीकि ने मंगलवार को जनपद शामली का दौरा कर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों तथा कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने खंड विकास कार्यालय थानाभवन, जिला चिकित्सालय शामली तथा नगर पालिका परिषद शामली के सभागार में आयोजित बैठकों में संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

महिपाल वाल्मीकि ने खंड विकास कार्यालय थानाभवन पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान एक व्यक्ति द्वारा राशन से संबंधित शिकायत रखी गई, जिस पर सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। बैठक के दौरान आयोग सदस्य ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिक से अधिक लोग सरक. ारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और

किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न रहना पड़े। इसके बाद महिपाल वाल्मीकि नगर पालिका परिषद शामली के सभागार पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सफाई कर्मियों ने जनसंख्या वृद्धि के अनुरूप सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग रखी। कर्मचारियों ने बताया कि बढ़ती आबादी के कारण कार्य का दबाव बढ़ रहा है, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। आयोग सदस्य ने संबंधित अधिक. ारियों को कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने के निर्देश दिए।

दौरे के दौरान महिपाल वाल्मीकि ने जिला चिकित्सालय शामली का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने वहां कार्यरत सफाई कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराया जाए, ताकि उसका समाधान कराया जा सके। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया। आयोग सदस्य के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आयोग सदस्य को विभागीय योजनाओं और समस्याओं के निस्तारण की प्रगति से भी अवगत कराया।

## बहन, दूधमुंही भांजी समेत चार महिलाओं पर दांव से किया वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के गांव मलकपुर में मंगलवार दोपहर रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली खौफनाक वारदात सामने आई, जहां एक भाई ने शक के आधार पर ऐसा खूनी खेल खेला कि पूरा गांव दहल उठा। सगी बहन, 20 दिन की दुधमुंही भांजी समेत चार महिलाओं पर तेजधार दांव से हमला कर आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात के बाद गांव में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। गांव मलकपुर निवासी सद्दाम मंगलवार दोपहर घर पहुंचा और अपनी बहन इमरानी से खाना मांगा। बहन ने उसे खाना खिलाया, लेकिन कुछ देर बाद सद्दाम को उल्टी हो गई। आरोप है कि उसने खाने में जहर मिलाने का शक जताया और अचानक आपा खो बैठा। बताया गया कि गुस्से में उसने घर में रखा तेजधार दांव उठा लिया और अपनी सगी बहन इमरानी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी दौरान वहां मौजूद 20 दिन की नवजात बच्ची, जो आरोपी की सगी भांजी है, वह भी उसकी हैवानियत का शिकार बन गई और उस पर भी हमला कर दिया गया। घर से उठ रही चीख-पुकार सुनकर पड़ोस की मुस्कान पुत्री इमरान और सीमा पत्नी गुफरान मौके पर पहुंचीं और घायल बहन व मासूम को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने दोनों महिलाओं पर भी दांव से हमला बोल दिया। देखते ही देखते घर खून से सन गया और चारों महिलाएं घायल होकर जमीन पर गिर पड़ीं। घायलों को उपचार के लिए रेफर कर दिया।

# पुनीत द्विवेदी बने अभाब्रास के प्रदेशाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा की बैठक में पुनीत द्विवेदी को संगठन का पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मना. नीत किया गया। पुनीत द्विवेदी के प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर ब्राहमण समाज में खुशी की लहर दौड गयी है। बैठक में नवनिर्वाचित पउप्र प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया।

मंगलवार को अखिल भारतवर्षीय ब्राहमण सभा की बैठक मौहल्ला गुजरातियान स्थित काका भवन में पं. सत्यप्रकाश कौशिक की अध्यक्षता व डा. अनुराग शर्मा के संचालन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेशाध्यक्ष पंकज शर्मा ने सर्वसम्मति से पुनीत द्विवेदी को संगठन का पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया जिससे ब्राहमण समाज में खुशी की लहर दौड गयी। समाज के लोगों ने नवनियुक्त पुनीत द्विवेदी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा ने कहा ब्राह्मण समाज के किसी व्यक्ति का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों से एकजुट रहने के अपील की। विजय कौशिक ने कहा कि पुनीत द्विवेदी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनाने से समाज को व संगठन को और ज्यादा मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त पउप्र प्रदेशाध्यक्ष पुनीत द्विवेदी ने कहा कि ब्राह्मण समाज

के प्रत्येक व्यक्तियों को जनेऊ धारण करना चाहिए, शिखा जरूर रखनी चाहिए और माथे पर तिलक लगाना चाहिए इससे भी ब्राह्मण की गरिमा बढ़ती है। बैठक में सलिल द्विवेदी, अरविन्द कौशिक, सत्यप्रकाश कौशिक, अरविन्द द्विवेदी,मा. बालकृष्ण शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, सुनील गौतम, राकेश शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, प्रवेश शर्मा, अनुराग शर्मा, मुकेश गौतम, वैभव शर्मा, आमोद, मयंक, अमित कौशिक, चंद्रशेखर भारद्वाज, प्रवीण शर्मा, प्रदीप पांडे, अरविन्द शर्मा, मनोज कौशिक, सुभाष शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# स्कूल या मौत का सफर: ठूंस-ठूंस कर ई-रिक्शा में भर दिए मासूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चौंकाने वाली लापरवाही सामने आई है। एक स्कूल का ई-रिक्शा मासूम बच्चों से इस कदर भरा मिला कि बच्चों को आगे के हिस्से और पीछे एक सरिए के सहारे बैठाकर स्कूल ले जाया जा रहा था। तस्वीर साफ बयां कर रही है कि स्कूल प्रशासन बच्चों की सुरक्षा नहीं, बल्कि केवल संख्या और व्यवस्था दिखाने में जुटा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बच्चों की जिंदगी की कोई कीमत नहीं रह गई है? छोटे-छोटे मासूमों

को क्षमता से अधिक बैठाकर सड़क पर दौड़ाया जा रहा है और जिम्मेदार विभाग तमाशबीन बने हुए हैं। जरा सी चूक, अचानक ब्रेक या वाहन का संतुलन बिगड़ने पर बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन स्कूल प्रशासन को इसकी कोई परवाह नहीं दिख रही।

तस्वीर में साफ दिखाई दे रहा है कि बच्चों को ई-रिक्शा के पिछले हिस्से में एक सरिए के सहारे बैठाया गया है, जहां सुरक्षा के नाम पर केवल एक सरिए लगा हुआ है। यदि वाहन पलट जाए या टक्कर हो जाए तो सबसे पहले यही बच्चे हादसे का शिकार होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में कई स्कूल नियमों को ताक पर रखकर बच्चों का परिवहन कर रहे हैं, लेकिन शिक्षा विभाग और प्रशासन ने मानो आंखों पर पट्टी बांध रखी है। क्या बच्चों की सुरक्षा केवल कागजों और बैठकों तक सीमित है? क्या शिक्षा विभाग को ऐसे स्कूली वाहनों की जांच करने की फुर्सत नहीं? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन कार्रवाई करेगा? क्या स्कूलों को बच्चों की जान से खिलवाड़ करने की खुली छूट दे दी गई है? आखिर परिवहन मानकों की जांच कौन करेगा। अभिभावकों ने मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर संबंधित स्कूल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और शिक्षा विभाग नगर के सभी स्कूल वाहनों की विशेष जांच कराए, ताकि मासूम बच्चों की जिंदगी से हो रहा यह खतरनाक खेल बंद हो सके।

## बंद रास्ते से गाड़ी निकालने की कोशिश पड़ी भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मुख्य बाजार के निकट मुहल्ला ताड़वाला में नगर पंचायत द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के चलते मार्ग पर क्रॉस नाली बनाई गई है और वहां से आवागमन फिलहाल बंद किया गया है। बावजूद इसके मंगलवार सुबह एक कार चालक ने बंद रास्ते से गाड़ी निकालने का प्रयास किया, जो उसके लिए परेशानी का सबक बन गया। मौहल्लेवासियों ने काफी मशक्कत के बाद कार को बाहर निकलवाया।

# हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद मेले की तैयारी पर बवाल

- सभासदों ने खोला मोर्चा डीएम को सौंपा ज्ञापन।
- मेला लगा तो चौपट होगा कारोबार, पहले भी झूले से जा चुकी है जान।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** प्रस्तावित मेले को लेकर नगर में विवाद गहराता जा रहा है। मेले के विरोध में अब नगर पालिका के सभासद खुलकर मैदान में उतर आए हैं। सभासदों ने जिलाधिकारी शामली को ज्ञापन सौंपते हुए मेले पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि मेला लगने से स्थानीय व्यापारियों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित होता है, वहीं पूर्व में लगे मेले में झूले से गिरकर एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। ऐसे में लोगों की जान जोखिम में डालकर मेला लगाने की अनुम. ति नहीं दी जानी चाहिए।

जिलाधिकारी शामली को सौंपे ज्ञापन में सभासदों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के स्टे आदेश का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि न्यायालय के आदेशों की अनदेखी कर मेला लगाने की तैयारी की जा रही है, जो गंभीर मामला है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर मेले पर रोक लगाने की मांग उठाई है। डीएम को दिए गए शिकायत पत्र में नगर पालिका परिषद कैराना के सभासदों ने स्पष्ट लिखा कि नगर

पालिका ही अपने मेले की अनुम. ति देने की अधिकारिक संस्था है,लेकिन कथित रूप से कुछ लोग नगर की सीमा क्षेत्र में बिना पालि. का की अनुमति के अवैध तरीके से मेला संचालित कराने की तैयारी कर रहे हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर पालिका बोर्ड ने पूर्व में प्रस्ताव पारित कर मेला न लगाने का निर्णय लिया था, बावजूद इसके कथित रूप से तैयारी जारी है।

### मेला नहीं, हादसों का अड्डा बनता है

सभासदों ने कहा कि पूर्व में लगे मेले में झूले से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर मेले की अनुमति देना लोगों की जान से खिलवाड़ होगा। उनका कहना था कि मेले में लगने वाले झूलों, अस्थायी संरचनाओं और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था हमेशा सवालों के घेरे में रही है।

### कारोबार पर असर व्यापारियों में भी नाराजगी

विरोध कर रहे सभासदों का कहना है कि मेले के दौरान अस्थायी दुकानों और बाहरी कारोबारियों के आने से स्थानीय व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित होता है। नगर के स्थायी व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे बाजार व्यवस्था भी प्रभावित होती है। सभासदों का कहना है कि जब नगर पालिका की अनुमति नहीं है तो मेले की तैयारी किस आधार पर हो रही है? यदि हाईकोर्ट का स्टे आदेश मौजूद है तो उसका पालन कौन कराएगा?

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एक व्यक्ति द्वारा नगर पालिका की अनुमति के बिना तथा हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी करते हुए मेला लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर.....

### संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के आहवान पर मंगलवार को जिलेभर के एनएचएम संविदाकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। संविदाकर्मियों ने मार्च, अप्रैल और मई माह का वेतन रोके जाने पर नाराजगी जताते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को जिले की सीएचसी और पीएचसी केंद्रों पर कार्यरत करीब 409 एनएचएम संविदाकर्मियों ने हाथों में काली पटी बांधकर कार्य किया और प्रदेश सरकार से मार्च, अप्रैल और मई माह का वेतन का जल्द भुगतान की मांग उठाई। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार आग्रह करने के बावजूद अब तक वेतन जारी नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।संविदाकर्मियों ने बताया कि 20 मई को भी उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। यदि इसके बाद भी वेतन नहीं मिला तो कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान विनय कुमार, अशोक कुमार, अरविंद कुमार, शिप्रा त्यागी, शीबा, डॉ. चेतन सैनी, डॉ. दिपेश, रमनजीत कौर, अभिषेक, परवीन, पूर्णिमा, रीतू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### दुकान पर बैठे युवक पर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढीपुख्ता।** गढी अब्दुल्ला खां में प्रोटीन सप्लीमेंट की दुकान पर बैठे युवक पर फायरिंग करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक पिस्टल व बिना नंबर प्लेट की एक बाइक भी बरामद की है। आरोपितों ने क्षेत्र में अपना आतंक बनाने के लिए घटना को अंजाम दिया था। 13 मई को गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव गढी अब्दुल्ला खां में एक प्रोटीन सप्लीमेंट की दुकान पर बैठे युवक शक्ति पुत्र राजबल निवासी गांव गंदेवडा पर बाइक सवार युवकों ने फायरिंग की थी।

घटना से लोगों में अफरा-तफरी फैल गयी थी। बाद में आरोपित मौके से फरार हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पडताल शुरू कर दी थी। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को गढीपुख्ता पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हमलावरों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल व बिना नंबर प्लेट की एक बाइक भी बरामद की। पूछताछ करने पर आरोपितों ने अपने नाम हिमांशु उर्फ चीकू पुत्र मुकेश निवासी कुआखेडा थाना नानौता जनपद सहारनपुर व नितेश पुत्र अनिल निवासी मौहल्ला काशीराम कालोनी थानाभवन बताए। थाना प्रभारी गढीपुख्ता अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों का बाबा नायक नाम का सक्रिय गैंग है, जो अपना आतंक बनाए रखने के लिए फायरिंग करते रहते हैं।

### रामडा रोड पर नाला निर्माण में मानको की अनदेखी के लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका द्वारा रामडा रोड पर कराया जा रहा नाला निर्माण शुरू होते ही सवालों के घेरे में आ गया है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है।आरोप है कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता को दरकिनार कर घटिया सामग्री से जल्दबाजी में निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका गहरा गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नाला निर्माण में तय मानकों के अनुरूप न तो मजबूत बेस तैयार किया जा रहा है और न ही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है।आरोप है कि कम मात्रा में सीमेंट और घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर काम को कंवल औपचारिकता बनाकर पूरा किया जा रहा है। इससे भविष्य में नाले के क्षतिग्रस्त होने और सरकारी धन बर्बाद होने की संभावना जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान न तो तकनीकी मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही किसी जिम्मेदार अधिक. ारी द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे में ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य कराने में जुटा हुआ है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की जांच नहीं कराई गई तो बरसात के मौसम में नाला जवाब दे सकता है और जलभराव की समस्या और गंभीर हो जाएगी। आरोप है कि मानकों के अनुसार नाले के बेस में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं,जहां पत्थरों की मात्रा बहुत कम है, जिससे काई सवाल खड़े हो गए हैं।

### कमालपुर इंटर कॉलेज में जन चौपाल, विद्यालय विकास पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कमालपुर स्थित राजकीय यमुना खादर इंटर कॉलेज में मंगलवार को प्रधानाचार्य अभिषेक राजभर की अध्यक्षता में जन चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में अभिभावकों और आसपास के गांवों के लोगों के साथ विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, संसाधनों और विकास को लेकर चर्चा हुई। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए समाज और अभिभावकों का सहयोग जरूरी है। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी बनी हुई है और इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि विभाग स्तर पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान अभिभावकों ने सुझाव दिया कि जब तक नए शिक्षक नहीं आते, तब तक क्षेत्र के शिक्षित लोग स्वेच्छा से बच्चों को पढ़ाने में सहयोग करें।

प्रधानाचार्य ने ऐसे लोगों का स्वागत करने की बात कही। चौपाल में अभिभावक शमशाद ने कहा कि उन्होंने भी इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है और विद्यालय के विकास में हरसंभव सहयोग करेंगे। सेवाराम ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराने की अपील करने का आश्वासन दिया। अभिभावक सुमन और रूमा ने विद्यालय की पढ़ाई, अनुशासन और व्यवस्थाओं की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, फ्रीजर, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब का अवलोकन किया। व्यवस्थाओं को लेकर अभिभावकों ने संतोष जताया। इस दौरान सीताराम गुर्जरपुर, इलियास, जुबेर आलम, फरदीन, पंकज, जगपाल, कय्यूम, पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य राकेश कुमार सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# जलालाबाद चेयरमैन के भाई-भाभी की मौत पर छाया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पिन्ना बाईपास पर मंगलवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में जलालाबाद नगर पंचायत चेयरमैन जहीर मलिक के चचेरे भाई नाजिम मलिक और उनकी भाभी रजिया की मौत हो गई, जबकि परिवार की एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की खबर मिलते ही जलालाबाद कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई और मृतकों के घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लग गया।जानकारी के अनुसार मौहम्मदी गंज निवासी नाजिम मलिक पुत्र नत्थू मलिक मंगलवार सुबह अपनी भाभी रजिया पत्नी अलीम मलिक और खाला नाजो पत्नी अकरम को चिकित्सक को दिखाने के लिए

स्विफ्ट कार से मेरठ जा रहे थे। सुबह करीब 11 बजे पिन्ना बाईपास पर उनकी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में तुरंत आग लग गई।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।आसपास मौजूद लोगों ने कार सवारों को बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण नाजिम कार के अंदर ही फंस गए और जिंदा जल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं को मुजफ्फरनगर के अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान रजिया की भी मौत हो गई। वहीं नाजो की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से जैसे ही जलालाबाद पहुंची परिवार में कोहराम मच गया। चेयरमैन जहीर मलिक अपने परिजनों के साथ तुरंत मुजफ्फरनगर पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही में जुट गए। एक ही परिवार में दो जवान मौतों से पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। छोटे-छोटे बच्चों के सिर से उठा मां-बाप का सायामृतक नाजिम अपने पीछे पांच तीन और एक वर्ष के तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं।वहीं मृतका रजिया के भी आठ,छह और चार वर्ष के तीन बच्चे हैं। रजिया के पति अलीम मलिक सऊदी अरब के रियाद में कारोबार करते हैं। घटना की सूचना उन्हें दे दी गई है। परिवार के आग्रह पर पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम कराए बिना शव परिजनों को सौंप दिए। मंगलवार शाम करीब पांच बजे जैसे ही दोनों शव एक साथ कस्बे में पहुंचे, परिवार में चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में कस्बेवासी गमगीन परिवार के घर पहुंचे और शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।बुधवार को होगा सुपुर्द-ए-खाकपरिजनों के अनुसार सऊदी अरब से अलीम मलिक के लौटने के बाद बुधवार को नाजिम मलिक और रजिया को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

### थकान और झपकी बनी हादसे की वजह

परिजनों के अनुसार नाजिम मलिक सोमवार देर रात अपने एक रिश्तेदार को लेने दिल्ली एयरपोर्ट गए थे और सुबह करीब चार बजे वापस लौटे थे। इसके बाद वह बनत क्षेत्र से बकरीद के लिए पशु लेकर आए और सुबह करीब 10 बजे भाभी को डॉक्टर को दिखाने मेरठ रवाना हो गए। लगातार जागने और थकान के चलते आई हल्की झपकी हादसे की वजह मानी जा रही है।

## एक नजर

### रील बनाने के जुनून में पहुंचा जेल

**थानाभवन।** सोशल मीडिया पर रील बनाने का बढ़ता जुनून एक युवक को उस समय भारी पड़ गया, जब स्कूल के पास अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बनाना उसे सीधे सलाखों के पीछे पहुंचा गया। बताया गया कि गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज के अंडरपास मार्ग के पास एक युवक सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करते हुए रील बना रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान शहनवाज पुत्र इरशाद निवासी मोहल्ला शाहविलायत, कस्बा एवं थाना थानाभवन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पति की गैर मौजूदगी में देवर ने रात को बुरी नीयत से पकड़ा

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी महिला की शादी 5 वर्ष पूर्व अलीम पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम दतौली थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। प्राथिया का आरोप है कि उसके पति गांव से बाहर रहते हैं इसी का फायदा उठाकर 8 मई की रात्रि को उसके देवर ने बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया और जोर जबरदस्ती करने लगा। जब घटना के संबंध में पति को यह बात बताई तो गंदी-गंदी गालियां देने लगे और मुझे तीन बार तलाक तलाक बोल दिया। 13 मई शाम को मेरे जेठ-जेठानी व उसके पति ने उसे फांसी लगानी चाही तो उसने 112 नंबर डायल कर पुलिस बुलाई और इनसे मैंने अपनी जान बचाई। फिर वह पुलिस की देखरेख में अपने पिता के साथ घर आई। पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की।

### पुलिस ने 16 ग्राम स्मैक सहित दबोचा

**थानाभवन।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव सोहजनी उमरपुर निवासी देवी सिंह पुत्र इसम सिंह को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार आरोपित की तलाशी लेने पर उसके पास से 16 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक की अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत करीब 3.20 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### डेयरी पर दूध लेने गए बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक ने रौंदा

**कैराना।** मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी शहनाज पत्नी शोकीन ने थाना कैराना में दी तहरीर में बताया कि उनके ससुर दीन मोहम्मद 14 मई की शाम करीब छह बजे झाड़खेड़ी रोड स्थित हैदर हॉस्पिटल के सामने एक डेयरी पर दूध लेने गए थे। आरोप है कि जैसे ही वह डेयरी के निकट पहुंचे, तभी काले रंग की स्प्लेंडर बाइक संख्या एचआर 06 एए 3286 पर सवार दो युवक तेज गति और लापरवाही से बाइक चलाते हुए आए और उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दीन मोहम्मद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर की दो जगह हड्डी टूट गई और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। हादसे के बाद बाइक सवार बिना रुके मौके से फरार हो गए। घटना के प्रत्यक्षदर्शी मोमीन और तासिम समेत अन्य लोगों ने घायल को तत्काल कैराना के ओमेक्स हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका उपचार पानीपत के एक अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शिक्षकों से अभद्रता का आरोप

**शामली।** शहर के राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज में प्रवेश को लेकर पहुंचे दो छात्रों और उनके अभिभावकों पर शिक्षकों के साथ अभद्रता करने तथा विद्यालय का माहौल खराब करने का आरोप लगा है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार गांव काबड़ौत निवासी राहुल कुमार तथा निशांत अपने माता-पिता के साथ नए प्रवेश के लिए कॉलेज पहुंचे थे। प्रधानाचार्य कार्यालय के बाहर अधिक भीड़ होने पर अध्यापकों और परिचारकों ने जानकारी की तो पता चला कि सभी लोग उक्त छात्रों के साथ आए हुए थे। आरोप है कि प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रवेश करते ही छात्रों के अभिभावकों ने शिक्षकों के खिलाफ अशोभनीय भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया और गाली-गलौज की। इससे विद्यालय का माहौल तनावपूर्ण हो गया। शिक्षकों द्वारा विरोध करने पर संबंधित लोग बाहर निकल गए और डायल 112 पर सूचना दी। कुछ समय बाद पुलिसकर्मियों के साथ दोबारा विद्यालय पहुंचकर एक अध्यापक के खिलाफ फिर से अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है। विद्यालय प्रशासन ने पुलिस से मामले की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## जमियत की बैठक में समाज, स्वजनगणना को लेकर मंथन

**शामली।** मोहल्ला सलेक विहार स्थित मोहम्मदी मस्जिद में मंगलवार को जमीअल उलेमा-ए-हिन्द के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सदर मौलाना साजिद कासमी ने कहा कि स्व-जनगणना को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग ऑनलाइन प्रक्रिया को अपनाएं ताकि किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा अनपढ़ लोगों को भी जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे सभी लोग आसानी से प्रक्रिया पूरी कर सकें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने गांवों और मोहल्लों में लोगों को जागरूक किया जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह से बचा जाए। जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के जनरल सेक्रेटरी मौलाना अय्यूब ने ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां किसी प्रकार की परेशानी हो वहां तत्काल जिला प्रशासन और पुलिस को अवगत कराए। सड़कों पर नमाज अदा न करने, कुर्बानी पर्दे में करने तथा सफेद जानवर की कुर्बानी से बचने की भी अपील की। इस अवसर पर मुफ्ती जुबेर, मौलाना नजाकत अली, महबूब राणा, मौलाना शौकीन, मौलाना वसीम, मुफ्ति जाकिर, मुफ्ति शाकिर, मुफ्ति जुबैर, मौलाना हामिद टपराना, मुफ्ति अब्दुल्लाह आदि मौजूद रहे।

# रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद की सहक. री समितियों में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती कराने तथा बंद पड़ी गोशालाओं को पुन: संचालित किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम न्यायिक अर्चना शर्मा को सौंपा।

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनपद की कई सहकारी समितियों में वर्ष 2016 से सचिव समेत अन्य पद रिक्त पड़े हैं, लेकिन अब तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। उन्होंने बताया कि

इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा 17 फरवरी 2026 को प्रदेशभर की सहकारी समितियों में सीधी भर्ती और खुली प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए गए हैं। कांग्रेस युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती कराई जानी चाहिए ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने भाजपा सरकार पर रोजगार देने के वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश का युवा रोजगार की तलाश में भटक रहा है। कांग्रेस नेता योगेश भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है, जबकि सरकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। वहीं गोरक्षा दल जिलाध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष वीशु शर्मा ऐरटी ने घायल गोवंश के उपचार के लिए पशु एंबुलेंस सेवा शुरू कराने तथा बंद पड़ी गोशालाओं को दोबारा संचालित किए जाने की मांग उठाई। इस दौरान लोकेश कटारिया, वीरपाल कुड़ाना, अंशुल कौशिक, एडवोकेट योगेश शर्मा, पुनीत शर्मा, मनीष तोमर, नरेश चौहान, अशवनी खोड़समा मौजूद रहे।

## पंचायत भवन से इनवर्टर और दो बैटरियां चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम मलकपुर निवासी एवं पंचायत सहायक सचिन कुमार पुत्र जयपाल सिंह ने थाना कैराना में दी तहरीर में बताया कि ग्राम पंचायत कार्यालय मलकपुर में एक इनवर्टर और दो बैटरियां लगी हुई थीं। किसी अज्ञात व्यक्ति ने पंचायत भवन में रखे उक्त उपकरणों को चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। पंचायत सहायक ने पुलिस से चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर थाना कैराना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विद्युत विभाग टीम पर ग्रामीणों का हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के गांव में बकाया वसूली और विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब बिजली विभाग की टीम पर ग्रामीणों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया। आरोप है कि टीम के साथ अभद्रता की गई, सरकारी कागजात फाड़ दिए गए, विभागीय वाहन में तोड़फोड़ की गई और कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दी गई। हालात बिगड़ते देख टीम को मौके से भागकर अपनी जान बचानी पड़ी।

विद्युत विभाग की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार, उपखंड अधिकारी द्वितीय कैराना अमित कुमार के निर्देशन में विभागीय टीम गांव में बकाया वसूली और विद्युत जांच अभियान के लिए

पहुंची थी। टीम द्वारा मौके पर उपभोक्ताओं की जांच व कार्रवाई की जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और टीम के साथ धक्का-मुक्की शुरू हो गई। तहरीर में कहा गया है कि आरो. पियों ने विभागीय कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए तथा सरकारी वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।विद्युत कर्मचारियों का आरोप है कि हंगामा और हमले जैसी स्थिति बनने पर टीम के सदस्य भयभीत हो गए और किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई।

विभागीय अधिकारियों ने मामले को गंभीर बताते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ सरक. री कार्य में बाधा, तोड़फोड़ और धमकी देने की धाराओं में कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में यह भी कहा गया है कि विभागीय टीम सरकारी कार्य के तहत अभियान चला रही थी, लेकिन विरोध के नाम पर टीम को निशाना बनाया गया, जिससे कर्मचारियों में रोष है।घटना के बाद विभागीय कर्मचारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि सरकारी टीमों पर इसी तरह हमले होते रहे तो फील्ड में कार्य करना मुश्किल हो जाएगा। विभाग ने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## स्मार्ट मीटर समस्याओं के समाधान को लगाया कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विद्युत विभाग की ओर से शामली सिटी बिजलीघर तथा खेड़ीकरमू बिजलीघर पर कैंप लगाए गए, जहां स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने बिलिंग, रिचार्ज, मीटर रीडिंग तथा तकनीकी खराबी जैसी समस्याएं अधिका. रियों के सामने रखीं। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के सही उपयोग एवं रिचार्ज प्रक्रिया की जानकारी भी दी। साथ ही आश्वासन दिया गया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। कैंप में बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे और अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

# बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों को हुई असुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर में भीषण गर्मी के बीच विद्युत निगम की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पिछले 17 घंटों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों का हाल बेहाल है। सोमवार सुबह दस बजे से गुल हुई बिजली रातभर भी नहीं आई। जिससे लोगों को पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ी।

आसमान से बरसती आग और ऊपर से बिजली की घंटों लंबी कटौती ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सोमवार की सुबह दस बजे अचानक बिजली जाने के बाद उपभोक्ताओं को उम्मीद थी कि जल्द आपूर्ति बहाल हो जाएगी, लेकिन शाम और फिर पूरी रात बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी रही।भीषण गर्मी और उमस के कारण घरों में रखे इनवर्टर भी जवाब दे गए।

छोटे बच्चे गर्मी से बिलबिलाते रहे। पेयजल का संकट भी खड़ा हो गया। जनता की नाराजगी इस बात को लेकर ज्यादा है कि मुश्किल घड़ी में बिजली विभाग के अधिकारियों ने उनकी सुध नहीं ली। रातभर परेशान

उपभोक्ता जब शिकायत के लिए अधिकारियों और संबंधित जेई को फोन मिलाते रहे, तो अधिकारियों ने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। विभाग की इस कार्यप्रणाली से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पूरी तरह विद्युत निगम के अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है। मेंटेनेंस के नाम पर घंटों कटौती की जाती है, लेकिन जब वास्तविक समस्या आती है तो विभाग के पास न तो कोई ठोस जवाब होता है न ही समाधान की कोई जल्दबाजी।

**फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर**

**देवबंद।** हाशिमपुरा गांव में पिछले चार दिनों से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। लेकिन विद्युत अधिकारी समस्या से पूरी तरह मुंह फेरे हुए हैं। इससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा। अदनान कॉलोनी में रखा ट्रांसफार्मर चार दिन से फुंका हुआ है। जिसकी वजह से वहां अंधेरा पसरा हुआ है।

# गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित आठवीं आईएसएफ नेशनल कराटे चौंपियनशिप में बसंत अकेडमी अपनी अपनी कैटेगरी में 11 गोल्ड सहित कुल 23 पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश भर के 14 राज्यों की टीमो ने प्रतिभाग किया था।

नेशनल कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व कर रही बसंत अकेडमी की टीम ने 14 गोल्ड, सात सिल्वर और पांच ब्रांज मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। अकादमी कोच बसंत उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कर्ष खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। बताया कि कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। उन्होंने बताया कि नीशू प्रजापति, तनु, संजीवनी, कोमल, गुंजन, श्रीशर्मा, आदित्य, तेजस, वासू एवं वंश ने अपने-अपने भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। जबकि निधि, अंशिका, विकी, विभोर, अब्दुल, अयान और वंश सिल्वर मेडल एवं मिश्ती, विकी, वरदान, अली हमजा और अनुराग ने अपनी अपनी कैटेगरी में ब्रांज मेडल प्राप्त किए। बताया कि सभी खिलाड़ियों को मदन कौशिक और राजेश शर्मा ने मेडल प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कार्यकारिणी का गठन

**देवबन्द।** राजस्व संग्रह अमीन संघ की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें संघ कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। तहसील सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से मो. तौसीफ को अध्यक्ष, मुकेश कुमार को मंत्री, अब्दुल रहमान को कोषाध्यक्ष और फैसल उस्मानी को संगठन मंत्री चुना गया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष मो. तौसीफ ने कहा कि संग्रह अमीनों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नई कार्यकारिणी अमीन हितों के फैसले लेकर सभी को साथ लेकर काम करेगी। इस मौके पर अनिल त्यागी, इंद्रजीत, अनेश कुमार, नफे सिंह, मुकेश कुमार शामिल रहे।

# महिपाल वाल्मीकि ने ली लालवाला प्रकरण की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लालवाला गांव में भूमि स्वामित्व को लेकर हुए प्रकरण में उत्तर प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मीकि देवबंद पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की और प्रकरण से संबंधित कार्रवाई की जानकारी ली।

लोकनिर्माण विभाग अतिथिगृह पहुंचे एससीएसटी आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मीकि ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह से नौ मई को लालवाला गांव में हुए राजपूत और अनुसूचित जाति के लोगों के बीच विवाद की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने प्रकरण में अब तक की गई कार्रवाई के बारे में भी जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राजस्व एवं चकबंदी अभिलेखों के आधार पर न्याय प्रक्रिया अपनाते हुए अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान समाज के प्रति. निधियों ने विभिन्न सामाजिक व स्थानीय समस्याओं को रखा। महिपाल वाल्मीकि ने अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा

संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

पालिका सभासद राहुल वाल्मीकि व नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन के महामंत्री अविनाश वाल्मीकि ने भी आयोग के सदस्य से मुलाकात कर समस्याएं रखीं। इस मौके पर चकबंदी, समाज कल्याण, प्रोबेशन और तहसील विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

### खोया-पाया सूचना

मेरे यू.पी. बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2022 का प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 1220541407 व इण्टरमीडिए वर्ष 2024 जिसका अनुक्रमांक 2245458164 है वास्तव में कहीं खो गए हैं। जिनका अन्य द्वारा प्रयोग अवैध होगा।

**वंश कुमार पुत्र मांगेराम**
निवासी: ग्राम सालियर, तीतरो, सहारनपुर।

### सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र खुशनूर व पुत्रवधू शमा को उनके गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इन दोनों का मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

यूसुफ पुत्र कल्लू निवासी ग्राम नेफपुर थाना देवबंद जिला सहारनपुर

### सार्वजनिक खोया-पाया सूचना

सर्वजनता को सूचित किया जाता है कि मेरा खसरा नंबर 158 वाके ग्राम गलीरा परगना, तहसील व जिला सहारनपुर नन्द वाटिका कॉलोनी सहारनपुर जो मेरे नाम से पंजीकृत है जिसका पुराना बैनामा ओमकुमार पुत्र सुलेखचंद निवासी घ्याना तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर के नाम से पंजीकृत था वो कहीं गुम हो गया है जिसको काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है।

**अनुज कुमार पुत्र राधेश्याम**
निवासी: ग्राम व पोस्ट- खेड़ामुगल जिला सहारनपुर।

### सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र नितिन कुमार पुत्रवधू पिंकी देवी व रोबिन कुमार पुत्रवधू संयोगिता मेरे कहने में न होने के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके किसी भी लेनदेन व कृत्य का मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

पवन कुमार सैनी पुत्र कन्हैराम
निवासी ग्राम कुलसठ थाना देवबंद (सहारनपुर)

### सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र शाहबाज व पुत्रवधू अफसाना से गलत संगत और मेरे कहने में न होने के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके किसी भी लेनदेन व कृत्य का मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

इकबाल अंसारी पुत्र असगर अंसारी
निवासी मोहल्ला पठानपुरा थाना देवबंद (सहारनपुर)

# थाना सदर बाजार में धरने पर बैठी कैराना सांसद इकरा हसन

## सड़क जाम का आरोप लगा हिरासत में लेने के बाद सांसद को छोड़ा, थाने पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट ने दिया आश्वासन, नहीं मानी इकरा, थाने पर जुटे सपा व कांग्रेस कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इकरा हसन को उस समय पुलिस हिरासत में ले लिया गया, जब उन्होंने डीआईजी कार्यालय में एक पीड़ित महिला के साथ कथित अभद्र व्यवहार का विरोध किया। हालांकि कुछ देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया, लेकिन इस घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार सांसद इकरा हसन अपने संसदीय क्षेत्र शामली के गांव दसाला निवासी एक महिला को लेकर डीआईजी अभिषेक सिंह से मिलने पहुंची थीं। महिला का आरोप है कि उसके बेटे की हत्या कर दी गई थी, लेकिन पुलिस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। इसी संबंध में न्याय की मांग को लेकर सांसद पीड़ित महिला के साथ डीआईजी कार्यालय पहुंचीं।

सांसद इकरा हसन का आरोप है कि डीआईजी अभिषेक सिंह ने पीड़ित महिला की बात गंभीरता से नहीं सुनी और उन्हें कार्यालय से बाहर निकलवा दिया। इस पर सांसद ने विरोध जताया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर महिला थाने में बैठा दिया।

कुछ समय बाद सांसद को रिहा कर दिया गया और पुलिस एस्कॉर्ट के साथ रवाना किया गया। घटना के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई।

रिहाई के बाद सांसद इकरा हसन ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में आए दिन हत्याएं हो रही हैं, पीड़ितों की एफआईआर तक दर्ज नहीं हो रही और न्याय मांगने वालों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगी।

## मुजफ्फरनगर सांसद हरेन्द्र मलिक धरनास्थल पर पहुंचने के लिए रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इकरा हसन के समर्थकों की गिरफ्तारी के विरोध में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सदर बाजार कोतवाली का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। कई दौर की वार्ताओं के बाद भी बात नही बनी और देर रात तक इकरा हसन थाने पर ही धरने पर बैठी रही। समाचार लिखे जाने तक मुजफ्फरनगर सांसद हरेन्द्र मलिक भी पहुंचने वाले थे। वहीं पीडीए पाठशाला के नाम पर चर्चा में आये सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा भी दल बल के साथ इकरा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर डटे।

जानकारी के अनुसार, सांसद इकरा हसन मंगलवार को डीआईजी अभिषेक सिंह से मिलने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने पीड़ित महिला की बात सुनने और कार्रवाई की मांग उठाई, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने विरोध जताया। इसके बाद उन्हें डीआईजी कार्यालय से महिला थाने लाया गया, जहां कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया गया। इसी दौरान पूर्व राज्यमंत्री मांगेराम कश्यप समेत चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसकी सूचना मिलते ही सांसद इकरा हसन दोबारा सदर बाजार थाने पहुंचीं। उनके समर्थन में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए तथा दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। धरने के दौरान सांसद इकरा हसन काफी आक्रोशित नजर आईं। बताया जा रहा है कि उन्होंने पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल से कहा कि यदि कार्यकर्ताओं को रिहा नहीं किया गया तो उन्हें भी गोली मार दी जाए।

सदर बाजार में मौजूद रहे फाहद सलीम मावलिया अली ठाकुर वीरेंद्र सिंह पूर्व सांसद हाजी फजलुर रहमान, टिंकू अरोड़ा फरहाद आलम, संदीप सैनी, मुजफ्फर अली सलीम अहमद फैसल सलमानी आदि रेशब त्यागी हैदर अली, अन्य समर्थक मौजूद रहे।

■ फरहाद गाडा समर्थकों के साथ सांसद इकरा हसन के साथ रहे डटे

## अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र में दही व दूध लेकर तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप गाडी अनियंत्रित होकर विद्युत पोल को तोडते हुए पेड़ से टकराकर पलट गयी। हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

मंगलवार को सुबह सवेरे क्षेत्र में दही व दूध की सप्लाई देने के लिए आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप गाडी यूपी 11 डी टी 5939 चालक की लापरवाही के चलते हादसे का शिकार हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह गाड़ी सहारनपुर से प्रतिदिन दूध व दही के पैकेट लेकर क्षेत्र में सप्लाई के लिए आती है। जो कि चिलकाना सहारनपुर मेन रोड से कातला खुर्द मार्ग के निकट तेज गति व चालक की लापरवाही के चलते सडक किनारे खड़े विद्युत पोल से टकराते हुए एक पेड से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जिसमे पहले तो 33 केवी विद्युत लाईन का एक पोल अपनी जगह से उखड़कर दूर जा गिरा। साथ ही साथ एक पेड भी अपनी जगह से उखड़ गया। वहीं गाड़ी भी सड़क किनारे खाई में पलट गई। जानकारी के मुताबिक हादसे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई शारीरिक हानि नही पहुंची। जबकि गाडी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के बताए अनुसार वन विभाग व विद्युत विभाग के नुकसान को देखते हुए चालक तथा सह चालक गाड़ी को मौके पर ही छोड फरार हो गए।

## 48 रक्तदाओं ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भागेदारी की। शिविर में 48 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

मंगलवार को सुल्तानपुर नगर के पीप मैदान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का संयोजन ट्रस्ट के मीडिया विंग अध्यक्ष नवनीत सैनी ने किया। शि. विर में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसके फलस्वरूप 48 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान 20 से अधिक इच्छुक रक्तदाता स्वास्थ्य मानकों के अनुसार रक्तदान नहीं कर सके जिन्हें भविष्य में रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया। नवनीत सैनी ने बताया कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट लगातार समाज में रक्तदान जागरूकता अभियान चला रहा है। संस्था का उद्देश्य हर व्यक्ति को स्वैच्छिक रक्तदान से जोड़ना है, ताकि किसी भी मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े।

अध्यक्ष पंकज पाँचाल ने बताया कि रक्तदान एक सुरक्षित एवं मानवीय सेवा है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति और उसके परिवार के लिए नई उम्मीद बन सकता है। रक्तदान शिविर में शुभम सैनी, अजय सैनी, अनमोल जैन, मोनू सैनी, मोहम्मद अहसान, विनीत कुमार आदि ने भाग लिया।

## अवैध खनन की शिकायत पर जेसीबी सहित एक गिरफ्तार

**बेहट।** टास्क फोर्स टीम ने यूपी की सीमा से सटी पूर्वी यमुना नदी से अवैध खनन करने की शिकायत पर एक व्यक्ति को जेसीबी मशीन सहित गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सोमवार शाम को कोतवाली बेहट पुलिस को सूचना मिली कि यूपी की हरियाणा से सटी सीमा से एक जेसीबी मशीन द्वारा अवैध खनन करने के लिए यमुना नदी में उतर रही है। इस की सूचना पुलिस ने खनन एवं राजस्व विभाग को दी गई। जिस पर खनन निरीक्षक अभिलाष चौबे के नेतृत्व में राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम बनाकर क्षेत्र चेकिंग कर रही थी इसी बीच उन्हें उत्तर प्रदेश की सीमा में एक जेसीबी चलती हुई दिखाई दी तो टीम मौके पर पहुंची और टीम ने एक व्यक्ति सहित जेसीबी को अपने कब्जे में ले लिया। और कोतवाली लेआई।पुलिस ने जब पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की तो उस व्यक्ति ने अपना नाम सचिन कुमार पुत्र निर्दोष कुमार निवासी ग्राम भीलपुरा तहसील प्रताप नगर जिला यमुनानगर हरियाणा बताया है। खनन विभाग की तरफ से पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जेसीबी मशीन को सीज कर दी गई है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दीखित ने बताया कि उपरोक्त लोग उत्तर प्रदेश की सीमा में आकर अवैध खनन करते हैं।

## मदरलैंड स्कूल में बच्चों के लिए वाटर मेलन पार्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एमपीएस की चेयरपर्सन श्वेता सैनी ने कहा कि मौसमी फल शारिरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं।हमेशा ताजे अच्छे और साफ फल खाने चाहिएं।

क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था मदरलैंड पब्लिक स्कूल में वाटर मेलन पार्टी का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने एक वाटर मेलन की एक से बढ़कर एक आकृति बनाई।चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कहा शारिरिक एवं मानसिक के लिए मौसमी फल जरूरी हैं। बच्चों का साफ और अच्छे फल खाने चाहिएं।उन्होंने कहा कि बच्चों ने वाटर मेलन में विभिन्न आकृतियां बना कर अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।स्कूल के प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि कल ये ही बच्चे बड़े होकर देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ कुमारी शालू भूर्यान ने कहा कि गर्मी के मौसम में तरबूज का इस्तेमाल करने से पानी की पूर्ति होती है और शरीर स्वस्थ रहता है।उन्होंने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि फास्ट फूड की बजाए बच्चों को फल खिलाने की प्राथमिकता देनी चाहिए।इस दौरान मोनिका कश्यप,मयूरी शर्मा, आस्था गुप्ता, नूतन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कोचिंग सैन्टर में छात्रों के बीच मारपीट में एक घायल

**गंगोह।** गुडछप्पर मार्ग स्थित एक कोचिंग सेंटर में सोमवार को छात्रों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जानकारी के अनुसार, छात्रों के बीच किसी बात को लेकर पहले बहस हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। कुछ छात्रों ने गांव शंकरपुर निवासी छात्र आजाद के साथ मारपीट की। कोचिंग सेंटर में अचानक हुए हंगामे से अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मारपीट करने वाले छात्र फरार हो गए। घायल छात्र आजाद को तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। इस घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## टूटी पड़ी सड़क को लेकर ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** शाहजहांपुर चिल. काना मार्ग की बदहाल स्थिति लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। वर्षों से टूटी और जर्जर पड़ी इस सड़क की ओर पीडब्ल्यूडी विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा, जिसके चलते क्षेत्रवासियों में भारी रोष देखने को मिल रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है, लेकिन सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। बरसात और धूल के मौसम में समस्या और अधिक बढ़ जाती है। आए दिन बाइक और स्कूटी सवार गड्ढों में फंसकर चोटिल हो रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना रहता है। ग्राम शाहजहांपुर हैदरपुर चोरी मंडी आदि गांव के ग्रामीणों शोयब चौधरी, शाहजाद प्रधान, जसवीर सिंह, और राहग. ीरों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को सड़क की मरम्मत कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी विभाग में तैनात जेई ऋतुराज सिंह से दूरभाष के माध्यम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही मार्ग पर गड्ढों वाली समस्या खत्म हो जाएगी।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर गौकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छटमलपुर।** जनपद में अपराध नियंत्रण और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत थाना फतेहपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना फतेहपुर पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद एक शातिर गोकशी के आरा. पी को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से अवैध असलाह, कारतूस और गोकशी के उपकरण बरामद हुए हैं।

जानकारीके अनुसार प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम कमेशपुर अंडरपास से रजापुर की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी इसी दौरान छटमलपुर कट से रॉन्ग साइड सर्विस रोड पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा टॉर्च की रोशनी दिखाकर उन्हें रुकने का इशारा किया गया, लेकिन बदमाशों ने रुकने के बजाय पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से सीधे फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया।

रजापुर जाने वाले खड्ंजे पर मुड़ते समय हड़बड़ाहट के कारण बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर बदमाशों ने दोबारा पुलिस पर जानलेवा फायरिंग की पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई और वह वहीं गिर गया, जिसे पुलिस ने तुरंत दबोच लिया। घायल बदमाश की पहचान अमजद पुत्र शब्बीर उर्फ लीला निवासी दतौली मुगल, थाना फतेहपुर, के रूप में हुई है, जिसे तत्काल उपचार के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा व एक खोखा कारतूस, एक बिना नंबर की काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक प्लास्टिक के कट्टे में छिपाकर रखी गई रस्सी, चार छुरे आदि बरामद किया।

## नन्हे शिशुओं का कराया विद्यारम्भ संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कमला देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर में नर्सरी के नन्हें शिशुओं के विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दंत चिकित्सक डा.शैलजा चटर्जी, अखिलेश मित्तल, दिनेश अग्रवाल, अंकुर गर्ग, डा. अमिता, विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना शर्मा, ममता शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात अचला शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराया। शिशु वाटिका के भैया बहिन गौरवी, रिद्धि कपूर, आकांक्षा, कृष्णा सैनी ने गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता अखिलेश मित्तल ने कहा कि ओउम शब्द ईश्वर साकार व निराकार रूप में विद्यमान होता है। डा.शैलजा चटर्जी ने शिशुओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। रीता अग्रवाल ने विद्यालय संस्कार के बताते हुए कहा कि विद्यालय संस्कार 16 संस्कारों में से एक है। बालको को शिशु अवस्था में ही संस्कृति एवं संस्कार का परिचय कराने के लिये विद्यारंभ संस्कार किया जाता है। अंत में दिनेश अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार जताया। संचालन श्वेता अग्रवाल द्वारा किया गया।

## पांच साल के मासूम को कुत्तों ने नोचा

**गागलहेड़ी।** दिनारपुर गांव में आवारा कुत्तों का आतंक इतना बढ़ गया है कि एक पांच साल के मासूम के शरीर को कई जगह से बुरी तरह नोच दिया गया। गनीमत रही समय रहते बच्चे की माँ दौड़कर आयी और कोई बड़ी अनहोनी से बाल बाल बच गई।

मंगलवार को मनोज सैनी का पांच साल का बेटा अपने घर के बाहर टहल रहा था।अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे के कान व पैर को बुरी तरह नोच दिया बच्चे का शोर सुनकर अंदर से बच्चे की माँ दौड़ी आयी और कुत्ते से बामुश्किल बच्चे को बचाया।

## वारदात में इस्तेमाल तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छटमलपुर।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाया जा रहा धरपकड़ अभियान लगातार सफलता की ओर बढ़ रहा है। इसी कड़ी में थाना फतेहपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डकैती के एक मामले में नामजद आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की, जिसके बाद आरोपी की ही निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया एक अवैध तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपी की पहचान जैद पुत्र मुस्तफा के रूप में हुई है, जो सहारनपुर के ही बेहट थाना क्षेत्र के मोहल्ला मनिहारन का रहने वाला है। आरोपी जैद के खिलाफ थाना फतेहपुर में पहले से ही मुकदमा अपराध संख्या 144/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) और 3(5) के तहत डकैती का मामला दर्ज था। अब पुलिस कस्टडी के दौरान अवैध हथियार की

बरामदगी होने के बाद इस मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 की भी बढ़ोतरी कर दी गई है।

इस कामयाबी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के साथ उप-निरीक्षक मशकूर अली त्यागी, कांस्टेबल कुलदीप कुमार, और रिक्रूट कांस्टेबल रितिक कुमार व इन्द्रपाल शामिल रहे। थाना फतेहपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

## स्क्रैप यार्ड में लगने वाली मशीनों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** हरोड़ा के ब्राउनी स्क्रैप यार्ड में आरटीओ ने टीम के साथ स्क्रैप यार्ड में लगाई जाने वाली मशीनों का निरीक्षण किया।

टीम ने सुरक्षा प्रबन्धों व लाइसेंस आदि की भी जांच की हरोड़ा स्थित ब्राउनी स्क्रैप यार्ड पर मंगलवार को परिवहन विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया आरटीओ रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने निरीक्षण के दौरान यार्ड का लाइसेंस, संचालन से जुड़े दस्तावेज की जांच की। आरटीओ ने बताया कि स्क्रैप यार्ड में मेनुअल कार्य किया जाता था। एक माह पूर्व सरकार के निर्देशानुसार यार्ड संचालकों को मशीने लगाने का नोटिस दिया गया था। संचालकों ने 31 मशीन मंगा ली है, जिनकी स्थापना का कार्य चल रहा है। उन्होंने स्क्रैप यार्ड संचालकों को मशीनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप स्थापित करने के निर्देश दिए व 15 दिन बाद दोबारा निरीक्षण किये जाने की जानकारी दी।

गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के हरोड़ा बिजली घर के पास चल रही स्क्रैप यार्ड मे मंगलवार दोपहर परिवहन विभाग की टीम पहुंची जहाँ आर टी ओ ने लाइसेंस व अन्य दस्तावेज चेक किए वही यार्ड का बारीकी से निरिक्षण भी किया।

हरोड़ा मे चल रही स्क्रैप यार्ड मे पहले से मेनुअल कार्य किया जा रहा था। महीने भर पहले सरकार द्वारा कंपनी को नोटिस जारी किया गया था की वह मशीने लगाए। नोटिस जारी होने के बाद आज आरटीओ ने निरिक्षण किया. जिसमे 31 मशीने मौजूद मिली, अब 15 दिन बाद परिवहन विभाग फिर निरिक्षण कर मशीनों का संचालन भी चेक करेगा।

### सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि Shiv Stone Crusher Private Limited, जिसका कार्यालय पता 1- कैलाश टॉवर, प्रथम तल, आयकर कार्यालय के सामने, कोर्ट रोड, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश 247001 है, की मैनेजमेंट एवं शेयरहोल्डिंग श्री विवेक वर्मा एवं अन्य निदेशकों द्वारा दिनांक 13.05.2026 से श्री टेक चंद पुत्र श्री जुगल किशोर तथा श्री आस मोहम्मद पुत्र श्री मोहम्मद अलीम के पक्ष में हस्तांतरित कर दी गई है।

यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह दिनांक 25.05.2026 से पहले हमें सूचित कर सकता है।

**श्री टेक चंद**
**श्री आस मोहम्मद**
Shiv Stone Crusher Private Limited की ओर से
संपर्क नंबर: 7027846002
9812409435

# इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर कप्तान माइक स्मिथ का निधन

**लंदन, वार्ता।** वारविकशायर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक स्मिथ, जिन्हें पूरे खेल में एमजेके के नाम से जाना जाता था, का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। दाएं हाथ के बैटर स्मिथ ने इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेले, जिनमें से ठीक आधे मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी की,

और 1956 से 1975 तक 19 साल तक वारविकशायर को रिप्रेजेंट किया। उन्होंने 1958 में एजबेस्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया और 14 साल के टेस्ट करियर में 2,278 रन बनाए, जिसमें तीन सेंचुरी और 11 फिफ्टी शामिल हैं, और क्रिकेट में सेवाओं के लिए 1976 में उन्हें ओबीई से सम्मानित किया गया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सोमवार को एजबेस्टन में वार. विकशायर और ग्लेमोर्गन के बीच काउंटी चैंपियनशिप मैच में खेल शुरू होने से पहले खिलाड़ी और अधिकारी श्रद्धांजलि देने के लिए लाइन में खड़े थे। लीसेस्टरशायर में जन्मे और स्टैमफोर्ड स्कूल से पढ़े स्मिथ, वारविकशायर में शामिल होने से पहले अपनी होम काउंटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते थे। उन्होंने 1957 से 1967 तक बेयर्स की कप्तानी की और अपने काउंटी करियर के दौरान 637 मैचों में 39,832 फर्स्ट-क्लास रन बनाए, जो अब तक का 18वां सबसे बड़ा टोटल है। स्मिथ के नाम अभी भी एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का वार. विकशायर रिकॉर्ड है, उन्होंने 1959 में 2,417 रन बनाए थे और 1960 में उन्हें विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था।

# LSG ने RR को 221 रन का टारगेट दिया

## मिचेल मार्श शतक से चूके 96 रन की खेली शानदार पारी, जोश इंग्लिश के भी आतिशी 60 रन

**आखिरी ओवरों में राजस्थान ने लखनऊ को बड़े स्कोर से रोका**

**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स ने राजस्थान रायल्स को 221 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 220 रन बनाए। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए और 57 गेंदों में 96 रन बनाकर रन आउट हुए। उनकी पारी में 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे।

जोश इंग्लिस ने 29 गेंदों में 60 रन ठोके। उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए। इंग्लिस और मार्श के बीच पहले विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी हुई। निकोलस पूरन ने 11 गेंदों में 16 रन बनाए,

जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 23 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली। आखिरी ओवरों में लगातार रन आउट के कारण लखनऊ की टीम 230 के पार नहीं पहुंच सकी। राजस्थान की ओर से यश राज पुंजा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर को एक विकेट मिला। वहीं, लखनऊ के दो बल्लेबाज रन आउट हुए। आखिरी ओवर में राजस्थान रायल्स ने शानदार वापसी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार झटके दिए। ओवर की पहली गेंद पर ऋषभ पंत रन आउट हो गए। पंत स्ट्राइक अपने पास रखना चाहते थे, लेकिन मिचेल मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया। ध्रुव जुरेल के थ्रो पर जोफ्रा आर्चर ने सीधे स्टंप पर निशाना साधा और पंत 23 गेंदों में 35 रन बनाकर लौटे। इसके बाद मार्श ने 19.2 और 19.4 पर दो बार रिव्यू लिए, लेकिन दोनों में असफल रहे। 19.4 पर फुल टॉस गेंद पर उनका बाहरी किनारा लगा और गेंद थर्ड मैन की दिशा में चौके के लिए चली गई। वह शतक के करीब पहुंच गए थे। 19.5 पर मार्श ने लान्ग आफ की तरफ शाट खेलकर दूसरा रन लेने की कोशिश की, लेकिन यशस्वी जायसवाल ने शानदार डायरेक्ट हिट कर उन्हें रन आउट कर दिया। मार्श 57 गेंदों में 96 रन बनाकर लौटे और शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए। आउट होने के बाद जायसवाल ने शाहिद अफरीदी स्टाइल में जश्न मनाया। आखिरी गेंद पर जोफ्रा आर्चर ने आयुष बदोनी को तेज यार्कर पर बोल्ड कर दिया। बदोनी स्कूप खेलने की कोशिश में चूक गए और आफ स्टंप उड़ गया। इस तरह आर्चर ने अंतिम ओवर में शानदार वापसी करते हुए लखनऊ को 220 रन पर रोक दिया। 19वें ओवर की पहली ही गेंद पर लखनऊ को तीसरा झटका लगा। जोफ्रा आर्चर की शार्ट गेंद पर मिचेल मार्श शाट लगाने से चूक गए और गेंद विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के पास चली गई। इस बीच ऋषभ पंत स्ट्राइक अपने पास रखने के लिए रन लेने दौड़ पड़े, लेकिन मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया।

**खेल विशेष**

### क्विंटन डी कॉक, राज अंगद बावा आईपीएल से बाहर

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस अपने बचे हुए दो मैचों में क्विंटन डी कॉक और राज अंगद बावा के बिना खेलेगी, क्योंकि वे पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज डी कॉक को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एमआई के मैच से पहले अपनी बाईं कलाई में टेंडन की चोट लग गई थी। चंडीगढ़ के ऑलराउंडर राज अंगद बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ एमआई के पिछले मैच के दौरान अपने दाहिने अंगूठे में लिगामेंट टियर हो गया था। दोनों खिलाड़ी चोट से ठीक होने के लिए अपने-अपने घरों में हैं। मुंबई इंडियंस के एक बयान में कहा गया है कि वे आईपीएल गाइडलाइंस के हिसाब से रिप्लेसमेंट की घोषणा करेंगे। डी कॉक ने आखिरी बार 23 अप्रैल को एमआई के लिए खेला था, जिसमें उन्होंने तीन इनिंग्स में 132 रन बनाए थे।

### ईस्ट बंगाल ने दूसरी बार आईडब्ल्यूएल ट्रॉफी जीती

**कोलकाता, वार्ता।** इंडियन विमेंस लीग 2025-26 सीजन की नई चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने ईस्ट बंगाल ग्राउंड पर श्रीभूमि फुटबॉल क्लब के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ मैच खत्म किया, जबकि गोकुलम केरल एफसी को नीता फुटबॉल एकेडमी ने उसी जगह पर 1-1 से ड्रॉ पर रोका। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में, किकस्टार्ट एफसी, कर्नाटक और सेथु एफसी ने 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने सोमवार को सेसा फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। जबकि ईस्ट बंगाल ने एक मैच बाकी रहते ही टाइटल पक्का कर लिया था, गढ़वाल यूनाइटेड एफसी, सेसा के खिलाफ अपनी जीत के साथ रेल. गिशन से बचने में कामयाब रहा। इस बीच, श्रीभूमि अगले सीजन में सेसा एफए के साथ आईडब्ल्यूएल 2 में चली जाएगी।

### नेमार ब्राजील की विश्व कप टीम में शामिल

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेमार को अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया, जिससे नेशनल टीम से ढाई साल से ज्यादा की उनकी गैरमौजूदगी खत्म हो गई। सैंटोस स्टार मैनेजर कार्लो एंसेलोटी द्वारा पढ़े गए आखिरी नामों में से एक था, जिससे हाल के हफ्तों में ब्राजील के मीडिया में छाई सिलेक्शन की बहस खत्म हो गई। एंसेलोटी ने सोमवार को रियो डी जेनेरो में एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने नेमार को इसलिए नहीं चुना क्योंकि हमें लगता है कि वह एक अच्छा बैकअप होगा, बल्कि इसलिए चुना क्योंकि वह अपनी खूबियों से टीम में जान डाल सकता है। चाहे वह एक मिनट खेले या 90 मिनट मुझे लगता है कि हमें पिच पर कुल मिलाकर मिनटों की क्वालिटी पर ध्यान देना होगा।

# KKR की नजर मुंबई इंडियंस के खिलाफ प्लेऑफ में बने रहने पर

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स बुधवार को ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 सीजन के 65वें मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी, तो उसे हर हाल में जीतना होगा।

मुंबई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से ाहर हो चुकी है, लेकिन केकेआर के पास अभी भी क्वालिफाई करने का एक छोटा सा मौका है और वह सीजन के आखिर में अपनी वापसी जारी रखने के लिए बेताब होगी। कैंपेन की खराब शुरुआत के बाद कोल. काता ने शानदार वापसी की है। सीजन की शुरुआत लगातार छह हार के साथ करने के बाद, केकेआर ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच जीतकर जबरदस्त

वापसी की है। उनकी सबसे नई जीत गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मिली, जहां बैटिंग यूनिट ने सीजन का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। कप्तान अजिंक्य रहाणे टीम के अंदर, खासकर टॉप-ऑर्डर बैट्समैन के बीच बढ़ते कॉन्फिडेंस से उत्साहित होंगे। पिछले मैच में जबरदस्त ओपनर फिन एलन ने सिर्फ 35 गें. दों पर 93 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा, जबकि अंगकृ. रघुवंशी ने 82 रन की पारी खेलकर अपना लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। रघुवंशी इस सीजन में 422 रन बनाकर केकेआर के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं और इस अहम मुकाबले में टीम की उम्मीदों का केंद्र बने हुए हैं। केकेआर का मिडिल ऑर्डर भी सही समय पर अच्छा खेलने लगा है। कैमरून ग्रीन, रिंकू सिंह और मनीष पांडे ने बैटिंग लाइनअप में स्थिरता और तेजी लाई है, जिससे बैटिंग लाइनअप में और गहराई आई है। टीम एक बार फिर अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण पर भरोसा करेगी, जिन्होंने पूरे सीजन में गेंद से अहम योगदान दिया है। नारायण केकेआर के सबसे अच्छे बॉलर रहे हैं।

# युवा एथलीटों ने सचिन तेंदुलकर के साथ किया मैदान साझा

**अहमदाबाद, वार्ता।** अहमदाबाद में एसआरटी10 एल्टेवॉल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रेरक और भावुक कर देने वाला अवसर देखने को मिला,

जब क्रिकेट के महान खिलाड़ी, सचिन तेंदुलकर ने एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे युवा एथलीटों के साथ समय बिताया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों, माता-पिताओं और उभरते क्रिकेटरों के साथ बातचीत की। तें. दुलकर ने क्रिकेट से जुड़ी गति. विधियों और अनौपचारिक सत्रों के लिए बच्चों के साथ मैदान पर उतरकर, युवा एथलीटों को अनुशासन, धैर्य और खेल के घरिए सीखने की खुशी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके इस संवाद ने एकेडमी में जमा हुए प्रशिक्षुओं और उनके परिवारों को प्रेरित किया। यहां आए कई लोगों ने इस अनुभव को जीवन में कभी-कभार मिलने वाला अवसर बताया। सचिन तेंदुलकर ने इस कार्यक्रम के बाद कहा कि बच्चों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण नहीं है कि वे शुरुआत कहां से करते हैं, बल्कि यह अधिक ज़रूरी है कि उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है या नहीं। पिछले कुछ साल में, मैंने यह महसूस किया है कि भारत में खेल का भविष्य इस बात से तय होगा कि हम ग्रामीनी स्तर के खेल के परितंत्र में कितनी गंभीरता से निवेश करते हैं और बच्चों को बगैर किसी डर या दबाव के खेल का आनंद लेने के लिए कितना प्रोत्साहित करते हैं। जब बच्चे मैदान पर कदम रखते हैं, तो वे सिर्फ खेल के नियम ही नहीं सीखते, बल्कि वे अनुशासन, टीम वर्क, जुझारूपन और खुद पर विश्वास करना सीखते हैं। अहमदाबाद में इन युवा एथलीटों के बीच दिखी ऊर्जा और जिज्ञासा आशा की किरण की तरह है, और मुझे उम्मीद है कि इस तरह के मंच और भी कई बच्चों को खेल के घरिए सपने देखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। एसजी रोड पर वैणोदेवी सर्कल के पास शंकु फार्म में स्थित, एसआरटी10 एल्टेवॉल स्पोर्ट्स एकेडमी को इस साल की शुरुआत में लॉन्च किया गया था। यह एकेडमी लागातार वृद्धि दर्ज करते एसआरटी10 परितंत्र का अंग है, जिसका उद्देश्य है, पेशेवर कोचिग, फिटनेस से जुग बुनियादी ढांचा और एथलीटों के लिए समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों के घरिए जमीनी स्तर पर खेल का विकास सुनिश्चित करना।

# बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान, प्रिंस वनडे टीम में

**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अफगानिस्तान के खिलाफ घर पर एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मुक. ाबलों के लिए चयनित भारतीय दल से आराम दिया गया है, जबकि टेस्ट दल में केएल राहुल ने उपकप्तान के रूप में ऋाभ पंत की जगह ली है। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है।

पिछले साल नवम्बर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 2-0 की हार के बाद भारत पहली बार टेस्ट खेलेगा। बुमराह के अलावा उस दल से नदारद रहने वाले खिलाड़ियों में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा और तेज गें. दबाज आकाश दीप शामिल हैं। टेस्ट दल में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मानव सुथार और तेज

गेंदबाज गुरनूर बराड़ को पहली बार बुलावा आया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर हां दुबे को भी जगह मिली है। आईपीएल 2026 में अपनी तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को पहली बार भारतीय वनडे दल में जगह मिली है। प्रिंस के साथ ही बराड़ और दुबे को भी पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। इशान किशन और हार्दिक पंड्या ने वनडे टीम में वापसी की है जबकि जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय दल से आयु बदोनी, पंत, जडेजा, हर्षित राणा और मोहम्मद सिराज बाहर हैं।

# ऑरेंज कैप रेस में शीर्ष पर पहुंचे क्लासेन

**अभिषेक और ईशान भी आगे बढ़े**

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की रेस अब बेहद रोमांचक हो चुकी है और अब जम्मिदारी उन खिलाड़ियों पर है जिन्होंने पूरे सीजन लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। यानी ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में आगे चल रहे खिलाड़ी। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुकाबले में कुछ खिलाड़ियों ने बिल्कुल वैसा ही प्रदर्शन किया।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड एसआरएच के स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के पास मैचों के बीच छह दिन का अंतर था और उनकी गैरमौजूदगी में ऑरेंज कैप कई खिलाड़ियों के बीच घूमती रही। लेकिन सोमवार को वापसी करते हुए उन्होंने 26 गेंदों पर 47

रन बनाए और फिर से 555 रन के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। वह साई सुदर्शन से सिर्फ एक रन और शुभमन गिल से तीन रन आगे हैं। गुजरात टाइटंस (जीटी) के दोनों ओपनर अभी भी ऑरेंज कैप की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। टॉप पांच में उनके पीछे विराट कोहली (आरसीबी) 542 रन के साथ चौथे और केएल राहुल द्धडीसीऋ 533 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। वहीं क्लासेन के टीम-साथी अभिषेक शर्मा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ 26 रन बनाए, 507 रन के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, इशान किशन ने सीएसके के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन करते हुए 47 गेंदों पर 70 रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 490 तक पहुंचा दिए। इसके साथ ही वह सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं संजू सैमसन ने एसआरएच के खिलाफ 27 रन की पारी खेलकर पंजाब किंग्स के कूपर कॉनली और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मिचेल मार्श को पीछे छोड़ा और 477 रन के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए। पर्पल कैप लीडरबोर्ड अंशुल कम्बोज एसआरएच के खिलाफ महंगे साबित हुए और अपने चार ओवरों में 46 रन दिए, लेकिन उन्होंने एक विकेट भी हासिल किया। इसी के साथ वह इस सीजन में 20 विकेट तक पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। अब उनके नाम 20 विकेट हैं और उनसे आगे केवल आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार (24 विकेट) और जीटी के कगिसो रबाडा (21 विकेट) हैं।

# इस कठिन पिच पर मुझे अंतिम ओवर तक खेलना था: इशान किशन

**चेन्नई, वार्ता।** जब इशान किशन ने पूरे 20 ओवर विकेटकीपिंग करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 180 के स्कोर पर रुकते हुए देखा और इसमें अधिकतम योगदान सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गें. दबाजों द्वारा 17 ओवर में डाले गए 39 धीमी गति की गेंदों का था तो उन्हें पता था कि चेज करना आसान नहीं होने वाला है।

तीसरे ओवर में तीन नम्बर पर बल्लेबाजी करने आए किशन ने ए सुनिश्चित किया कि वह अंत तक क्रीज पर रहेंगे। 47 गेंदों में 70 रन बनाकर जब वह आउट हुए तब एसआरएच को नौ गेंदों में केवल छह रन चाहिए थे। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में किशन ने कहा कि

जब मैं विकेटकीपिंग कर रहा था तो मुझे एहसास हुआ कि पिच आसान नहीं है। मुझे लग रहा था कि इस टोटल को भी हासिल करना आसान नहीं होने वाला है क्योंकि पिच इतनी आसान नहीं थी और खास तौर से स्पिनर्स और धीमी गति वाली गेंदें काफी अच्छी निकल रही थी। हालांकि, उसी समय मुझे ए भी लगता है कि तीन नम्बर का बल्लेबाज होने के कारण मेरा काम मैच का अंत करने की कोशिश करना है। क्योंकि नए बल्लेबाजों के लिए सिगल लेना और उसी समय बड़े शॉट्स लगाना आसान नहीं होता तो मुझे अंतिम ओवर तक खेलते रहना था। किशन का इस सीजन स्ट्राइक रेट 179-48 है, लेकिन इस मैच में उन्होंने 148-93 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने पारी की शुरुआत में स्पेंसर जॉनसन के एक ओवर में तीन चौके लगाते हुए की और फिर 37 गेंदों में अपना पचासा पूरा किया। 18वें ओवर की शुरुआत में चौथा विकेट गंवाने के बाद एसआरएच को 14 गेंदों में 23 रन चाहिए थे और चेज थोड़ी मुश्किल हो रही थी तब किशन ने मुकेश चौधरी को एक छक्का और एक चौका लगाते हुए 12 गेंदों में 13 रनों का आंकड़ा ला दिया।

# अर्जुन-हरिहरन ने फ्रांस के पोपोव बंधुओं को हराया

**कुआलालंपुर, वार्ता।** भारत के एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकारुनेन ने मंगलवार को यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव को हराया।

पुरुषों की डबल्स बैडमिंटन रैंकिंग में 31वें नम्बर पर मौजूद अर्जुन-हरिहरन ने दुनिया के 20वें नम्बर के पोपोव भाइयों को 36 मिनट में 21-19, 21-15 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। पहले गेम में पोपोव्स ज्यादातर समय आगे थे। हालांकि, 19-16 से पीछे चल रही भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच पॉइंट लेकर मैच में बढ़त बना ली। इसके बाद अर्जुन और हरिहरन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत पूरी की। पोपोव्स के खिलाफ भारतीय बैडमिंटन जोड़ी के लिए यह एक शानदार जीत थी, जो इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। क्रिस्टो सिगल्स रैंकिंग में दुनिया के चौथे नम्बर के खिलाड़ी हैं, जबकि टोमा जूनियर 16वें नम्बर पर हैं। इस साल की शुरुआत में थॉमस कप में फ्रांस की सिल्वर मेडल जीत में इन दोनों का अहम रोल था। अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई से 15-21, 21-17, 17-21 से हारकर महिला डबल्स मुकाबले से बाहर हो गईं। मार्च के बाद पहली बार बीडब्ल्यू वर्ल्ड टूर में आकर्षी कश्यप की वापसी थोड़ी देर के लिए ही रही, क्योंकि भारतीय शटलर कोरिया गणराज्य की पार्क गा-यून से अपना महिला सिंगल्स क्वालिफाइंग मैच 15-21, 22-20, 21-7 से हार गईं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला गेम आराम से जीता और दूसरे गेम में भी 17-11 से आगे थीं, लेकिन उनकी साउथ कोरियाई विरोधी ने पासा पलट दिया। सात्विक रेड्डी कनापुरम और राधिका शर्मा ने 37वें मिनट में दातू अनीफ इसाक दातू असराह और क्लेरिसा सैन को 21-15, 21-17 से हराकर मिक्स्ड डबल्स के मेन ड्रॉ में जगह बनाई। इस बीच, अश्मिता चालिहा, जो हमवतन उन्नति हुड्डा और रक्षिता रामराज के आखिरी समय में हटने के बाद टूर्नामेंट में देर से आईं, महिला सिंगल्स के मेन ड्रॉ में आगे बढ़ने में कामयाब रहीं।

# एसडीएम से वार्ता के बाद टोल पर धरना समाप्त

## कांग्रेस सांसद इमरान मसूद व एमएलसी शाहनवाज खान से एसडीएम ने मांगा चार दिन का समय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**गागलहेड़ी।** पिछले दो दिन से कोलकी टोल पर चल रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को कांग्रेस सांसद इमरान मसूद व सपा एमएलसी शाहनवाज खान से टोल प्रशासन व एसडीएम सदर सुबोध कुमार से वार्ता के बाद समाप्त किया गया। 20 किमी के दायरे के लिए टोल फ्री करने की मांग पर एसडीएम सदर ने 4 दिनों का समय माँगा है।

मुजफ्फरनगर हाईवे कोलकी टोल प्लाजा पर एमएलसी शाहनवाज खान पिछले दो दिनों से धरना दे रहे थे। जिसमें शाहनवाज खान के समर्थन में सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण भी धरने पर मौजूद थे। मंगलवार को एसडीएम

सदर धरना स्थल पर पहुँचे व उनकी मांगे सुनी जिसके बाद एसडीएम सदर ने टोल मैनेजर से

**बीस किलोमीटर दायरे वाले ग्रामीणों को टोल फ्री करने की मांग**

बातचीत कर समस्या का समाधान निकाला। जिसमे किसानों के ट्रैक्टर ट्रोलियो से टोल नहीं लिया जाएगा। वही 450 रु का पास बनवाकर आसपास के लोग महीने भर तक कोलकी टोल व रोहाना टोल पर आ जा सकते है।

वही लोकल के गावों कॉ टोल फ्री करे को लेकर एसडीएम सदर ने 4 दिन का समय माँगा है। जिसमे उन्होने सर्वे करवाकर इस समस्या का समाधान भी निकालने की बात कही। जिस पर एमएलसी शाहनवाज खान ने धरना समाप्त किया।

# नगर का विकास ही उद्देश्य: गुंबर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** विधायक राजीव गुम्बर ने मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना व डुडा द्वारा स्वीकृत अनेक सड़कों का शिलान्यास किया।

वार्ड 46 में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के अंतर्गत उनके प्रस्ताव पर बहुत जल्दी कार्यवाही करते हुए आज ये सड़क व नाली निर्माण कार्य शुरू कराए जा रहे हैं जिनके पूरा होने पर निश्चित रूप से क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे शहर में विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं और एक बड़ा परिवर्तन पिछले कुछ वर्षों में देखने को

मिला है। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों में सहारनपुर की स्थिति एक टापू के जैसे हो गई थी। यह परिवर्तन केवल योगी सरकार के द्वारा ही संभव हो पाया है, उन्होंने कहा कि विकास का यह पहिया इसी प्रकार अनवरत चलता रहेगा।

इस दौरान पूर्व महापौर संजीव वालिया व भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रेमपाल कटारिया, अनेश शर्मा, सविष्ट गुप्ता, मनुज तायल, विना. द चौडड, किशोर शर्मा, योग चुग, नंदकिशोर शर्मा, आरती शर्मा, पार्षद निशांत शर्मा, राजेश वालिया, धन प्रकाश कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# चौहान एकेडमी ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** चौहान क्रिकेट एकेडमी में आयोजित अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुक. बला रविवार को खेला गया। रोमांचक मुकाबले में चौहान क्रिकेट एकेडमी ने एसबीबीए एकेडमी को 22 रन से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया।

फाइनल मुकाबले में चौहान क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 4 विकेट खोकर 198 रन बनाए। टीम की ओर से साहस ने शानदार 74 रन की पारी खेली, जबकि सत्यम ने 24 और अंकुश ने 21 रन का योगदान दिया।।99 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसबीबीए एकेडमी की टीम 176 रन पर ऑलआउट हो गई। चौहान क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में वंश ने 4 विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया, जबकि केशव ने 2 विकेट हासिल किए। पुरस्कार वितरण समारोह में आईपीएल खिलाड़ी प्रशांत वीर के कोच राजीव होय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ गेस्ट ऑफ ऑनर मिकी भाई, विशेष अतिथि डॉ. शाहकर, रक्षित तथा स्टेडियम क्रिकेट कोच प्रीति मेहरा भी उपस्थित रहीं।

# 2027 में बनेगी जनता की सरकार: अजय राय

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गागलहेड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2027 में जनता की सरकार बनेगी।

कांग्रेस पार्टी की ओर से गागलहेड़ी सभागार में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के लिए विधानसभा से लेकर लोकसभा में लड़ रही है। इसी का नतीजा है कि राहुल गांधी की लो. कप्रियता देश में दिनों दिन बढ़ती जा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटते।

राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर

प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विकास कार्यों की बजाए सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर दूसरे दलों के नेताओं को डराती हैं। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जीतने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी।

इस दौरान जिला अध्यक्ष

संदीप सिंह राणा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मेहरबान आलम, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, संदीप चौधरी, विवेक कांत सिंह, विनय चेयरमैन, सुदेश प्रधान, डॉ महबूब, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्वेता सैनी, सचिन कांबोज, पंकज कांबोज, रणबीर बन्दूखेड़ी, अजय त्यागी, मोहित प्रधान, जीनेपाल सिंह, फाजिल हुसैन, मास्टर बृजपाल सिंह, रजनीश प्रधान, जनक प्रधान टोडरपुर आदि मौजूद रहे।

# जलकल विभाग पर भड़के पार्षद टिंकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान जलकल अनुभाग को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी के बीच शहर के कई वार्डों में पेयजल संकट गहरा रहा है।

टिंकू अरोड़ा ने आरोप लगाया कि पिछले काफी समय से विभिन्न वार्डों के पार्षद लगातार जलकल विभाग को पत्र देकर पानी की समस्या से अवगत करा रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई जा रही। टिंकू अरोड़ा ने कहा कि शहर में लगाए गए 6 नए पंप अब तक चालू नहीं

किए गए हैं, जबकि गर्मी के मौसम में इन पंपों की सबसे अधिक आवश्यकता है। इसके अलावा पूर्व में लगाए गए पंपों की पाइप लाइनों को भी आपस में ठीक प्रकार से नहीं जोड़ा गया, जिसके कारण पानी का प्रेशर प्रभावित हो रहा है और कई मोहल्लों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा। उन्होंने कहा कि नगर निगम और जलकल विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोग सुबह-शाम पानी के लिए परेशान हैं, महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी भरना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी दफ्तरों में बैठकर केवल कागजी कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि जल्द ही पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जनता को साथ लेकर जलकल विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी शिकायत शासन स्तर तक पहुंचाई जाएगी।

इस मौके पर पार्षद डॉ. एहतेशाम, पार्षद अहमद मलिक, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद नितिन जाटव, पार्षद फराज अंसारी, पार्षद फहाद सलीम एवं पार्षद डॉ. मोहतसीम मौजूद रहे।

## बदमाशों का डाक्टर से लूट का प्रयास

**नकुड़।** बीती रात क्लीनिक बंद कर लौट रहे एक डॉक्टर के साथ बाइक सवार छह बदमाशों द्वारा लूट के प्रयास का मामला सामने आया है।

खेड़ा अफगान में क्लीनिक संचालित करने वाले डॉ. उस्मान के अनुसार सोमवार की रात करीब दस बजे अपनी बाइक से खेड़ा अफगान से दौराला जा रहे थे तभी रास्ते में बाइक सवार छह नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें घेरकर लूटने का प्रयास किया। हालांकि उन्होंने ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह खेड़ा अफगान बस स्टैंड तक पहुंचकर वहां मौजूद लोगों को घटना की जानकारी दी तथा डायल 112 पुलिस को सूचना दी।

# टीबी मुक्त अभियान ऐप के बारे में बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत स्कूली छात्रों व शिक्षकों को टीबी मुक्त अभियान ऐप की जानकारी दी गई।

टीबी विभाग के अधिकारी कर्मचारी स्कूल, कालेज में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस सेवकों, शिक्षकों को टीबी के लक्षण, टीबी से बचाव, मुफ्त जाँच, मुफ्त उपचार, मरीजो को मिलने वाली धनराशि, पोषण किट की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही दो सप्ताह से अधिक की खांसी वाले मरीजो को नजदीक के सरकारी अस्पताल मे भेजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही टीबी मुक्त भारत ऐप

डाउनलोड करना सिखाया जा रहा है। शक्ति नगर, नुमाइश कैम्प स्थित खालसा पब्लिक स्कूल में जिला क्षय रोग विभाग के वरिष्ठ क्षय रोग पर्यवेक्षक एम पी सिंह चावला और पीपीएम कॉर्डिनेटर परवेंद्र यादव ने छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों को समन्वित जानकारी दी और और टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड करवा कर उसका महत्व बताया। खालसा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गोविन्दर सिंह ने भी छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों को संबंधित ऐप जनहित में डाउनलोड करने को निर्देशित किया।

# पढ़ाई बीच में छुटे तो हार न मानें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** कई युवाओं के जीवन में ऐसा दौर आता है, जब परिस्थितियां उनकी पढ़ाई के रास्ते में दीवार बनकर खड़ी हो जाती हैं। किसी की शिक्षा आर्थिक परेशानियों के कारण रुक जाती है, तो किसी को पारिवारिक जिम्मेदारियां स्कूल से दूर कर देती हैं। ऐसे ही विद्यार्थियों के लिए अब नए दून पब्लिक स्कूल उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया है।

विद्यालय प्रबंधन ने उन विद्यार्थियों को फिर से शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया है, जिनकी 10वीं या 12वीं की पढ़ाई किसी कारण अधूरी रह गई थी। स्कूल का उद्देश्य केवल प्रमाण पत्र दिलाना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाकर उनके भविष्य को नई पहचान देना है।

प्रबंधन का कहना है कि आज के समय में शिक्षा ही वह आधार है, जो व्यक्ति को सम्मान, रोजगार और बेहतर जीवन की ओर ले जाता है। ऐसे में यदि किसी छात्र की पढ़ाई बीच में छूट गई है, तो उसे अपनी जिंदगी की हार नहीं मानना चाहिए, विद्यालय में विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, अनुशासित शैक्षिक वातावरण तथा हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

## उधार के पैसों के लेनदेन में मारपीट

**गंगोह।** उधार के पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन सगे भाईयों सहित सात के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

ग्राम भोगी माजरा निवासी राजकुमार पुत्र बारू द्वारा कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट में कहा गयाहैं किगांव के ही मनीराम पुत्र मनोहरा ने 2017 में 65000 रुपये हाथ उधार लिए थे कि वह उसे अपनी दो बीघा जमीन बेंच देगा। लेकिन बीते दो साल से वह उसे बहकाता चला आ रहा था। पंचायतों के बावजूद उसे कोई पैसा नही मिला। 17 मई को मनीराम आदि ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया था।

# धूमधाम से मनाया महाराज भगीरथ जयंती महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** विशाल सैनी समिति मण्डल के तत्वावधान में शिरोमणि महान सूर्यवंशी महाराजा भगीरथ की जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के युवाओं को अधिक से अधिक शिक्षित करने का आह्वान किया।

जनमंच सभागार में आयोजित महाराजा भगीरथ जयंती कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चौधरी इन्द्रराज सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पदम सैनी पूर्व कैबिनेट मंत्री धर्म सिंह सैनी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डा. महेन्द्र सिंह सैनी व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, सिविल डिफेंस की वार्डन हंसराज सैनी एवं विशिष्ट अतिथियों संयुक्त रूप से माँ गंगा एवं गंगा अवतारी महाराजा भगीरथ के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ऑल इंडिया

सैनी समिति दिल्ली वरिष्ठ संरक्षक चौधरी इन्द्रराज सिंह सैनी ने राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सत्यपाल सिंह सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश एवं सदस्य विधान परिषद ने कहा कि समाज की तरक्की का एकमात्र मार्ग शिक्षा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री धर्मसिंह सैनी ने कहा कि समाज ने राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। आज समाज के लोग ग्राम प्रधान, बीडीसी, चेयरमैन, सभासद एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रहे हैं और देश की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष पदम सैनी ने बताया कि विशाल सैनी समिति द्वारा प्रतिवर्ष सैकड़ों प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता है तथा गरीब छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता देकर उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज के महापुरुषों को नमन करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज का गौरवशाली इतिहास सदैव सूर्य की भांति चमकता रहेगा।

# अभिभावकों का बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** फीस प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन राशि के बकाया भुगतान को लेकर अभिभावकों ने बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

भगवती देवी मेमोरियल स्कूल लेबर कॉलोनी और बीडीएम स्कूल शांति नगर के अभिभावको को गत चार वर्षो से किताबें ड्रेसों का पैसा नहीं दिया जा रहा है जोरदार प्रदर्शन किया उक्त स्कूल के अभिभावक जब कार्यालय पहुंचते हैं तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्कूल वालों से संपर्क करो वही पैसे देंगे अभिभावकों को टाल देते हैं स्कूल वाले के पास जब संपर्क किया जाता है तो स्कूल संचालक एवं प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया जा रहा है कि जिला बेसिक शिक्षा

अधिकारी कार्यालय में रिश्वत ली जाती है हमने रिश्वत नहीं दी इसलिए स्कूल की फीस प्रतिपूर्ति और अभिभावकों की प्रोत्साहन राशि (किताब और ड्रेसों का पैसा) रोक दिया था अब शिक्षा विभाग की गले की हड्डी बन गया अभिभावको की प्रोत्साहन राशि रोकना शिक्षा विभाग के गले की हड्डी बन गया।

इस अवसर पर श्रीमती कविता श्रीमती कमलेश को श्रीमती बलजीत को श्रीमती सीमा श्रीमती देवी श्रीमती प्रियंका श्रीमती सुशीला मनोज कुमार राकेश कुमार आशीष कुमार सुरेंद्र कुमार जोगेंद्र कुमार आंकार रामचंद्र शादाब फरीद गय्यूर राशिद जावेद सिमरन आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व सीएम खंडूरी का निधन स्तब्ध करने वाला: मुजतबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल (रि.) बी सी खंडूरी के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और स्तब्ध कर देने वाला है।

मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि वह एक ईमानदार साफ छवि के नेता थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, ईमानदार राजनीति और उत्तराखंड के विकास के लिए समर्पित किया। उनका व्यक्तित्व सादगी, अनुशासन और निष्कलंक छवि का प्रतीक था। उनका जाना केवल एक नेता का नहीं, बल्कि एक ऐसे युग का अंत है जिसने राजनीति में मर्यादा, निष्ठा और सेवा की परिभाषा स्थापित की।

पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर अफसोस जाहिर करने वालो में अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, राव यूसुफ, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, याहीया मलिक, सलीम अहमद, अरशद मलिक, कारी आबिद, अजीम मलिक, हाजी छोटा, कुद्दूस मलिक, डाक्टर बिलाल चौहान, लुकमान मलिक, शाहिद अली, महबूब तलहेड़ी, पदम् सिंह, रामबीर सिंह, सुखदेव चौहान, धर्मेंद्र चौधरी, परवीन चौधरी आदि ने अफसोस जाहिर किया।

# समय से पूर्ण करें गन्ना सर्वेक्षण कार्य: सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** मण्डल के तीनो जनपदों की गन्ना सर्वे की अभी तक की प्रगति की वर्चुवल समीक्षा बैठक करते हुए उप गन्ना आयुक्त ओ. पी .सिंह ने कड़े निर्देश दिए हैं की गन्ना सर्वे के कार्य को निर्धारित समय के अन्तर्गत पूरा करना सुनिश्चित किया जाय। उप गन्ना आयुक्त ने सहारनपुर परिक्षेत्र के तीनो जनपदों की चीनी मिल वार गन्ना सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों ओर गन्ना महाप्रबंधकों को निर्देश देते हुए उप गन्ना आयुक्त ने कहा की सभी निरीक्षण अधिकारी अपने निरीक्षण मे तेजी लाएं और गुणवत्ता पूर्वक गन्ना सर्वे हो यह

सुनिश्चित करें। निरीक्षण के लिए लगे सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक,सचिव प्रभारी, गन्ना विकास निरीक्षक तथा तथा चीनी मिलों के महाप्रबंधक गन्ना और अन्य चीनी मिलों के अधिकारी तो सभी निरीक्षण अधिकारी अपने अपने लक्ष्यों के अनुसार प्रगति लाएं। ध्यान रखें की गन्ना सर्वे में लगे कार्मिकों को गर्मी से बचाव के लिए पानी ओर गन्ना अथवा टोपी का अवश्य प्रयोग करना उचित होगा।

समीक्षा बैठक में तीनों जिलों के सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों, तथा सभी चीनी मिलों के महा प्रबंधक गन्ना आनलाइन वर्चुवली उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## महंगाई का मकड़जाल

तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98. 64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। भारत में इस सप्ताह घोषित पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3.91 रुपए प्रति लीटर या 4.4 प्रतिशत की वृद्धि तेल उत्पादक देशों जैसे सऊदी अरब को छोड़कर किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था द्वारा की गई सबसे कम वृद्धि है। यह जानकारी ग्लोबल पेट्रोल प्राइसेजडाटकाम के द्वारा संकलित आंकड़ों में दी गई। इंडियन ऑयल के एक अधिकारी के अनुसार ईंधन की कीमतों में 3.91 रुपए की बढ़ोतरी से केवल आंशिक रूप से कच्चे तेल में आए उछाल की भरपाई हुई है। यह कदम क्रूड ऑयल की बढ़ी कीमतों को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा 76 दिनों तक पूरी तरह से वहन करने के बाद उठाया गया है। यानि कि सरकार ने मान लिया है कि वह पेट्रोल और डीजल के रेट एक साथ नही, बल्कि धीरे-धीरे बढ़ाएगी। सरकार के इस फैसले से देश की जनता में नाराजगी है। जनता का ही कहना है कि यदि सरकार पेट्रोल और डीजल के रेट बढ़ा रही है, तो अन्य चीजों के रेट घटा दे, ताकि आम जनता अपनी जेब का बैलेंस बनाए रखे। विपक्ष भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने लगा है। देश में बढ़ते तेल संकट के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना है कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है। देश के लोगों को बड़ा झटका लगने वाला है। इसका सबसे बड़ा असर यहां के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। यह झटका इकोनॉमिक स्ट्रक्चर में बदलाव से लगने वाला है। महंगाई की इस अगली किश्त में सुबह का नाश्ता भी शामिल हो गया है, जिसका असर आम लोगों की जेबों पर पड़ना शुरू हो गया है। ब्रेड और उससे जुड़े प्रोडक्ट के दाम में भारी वृद्धि की गई है। मुंबई में हर तरह की ब्रेड की कीमत में 5 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। ये दाम 16 मई से ही बढ़ा दिए गए हैं। मुंबई के बारे में कहा जाता है कि यहां पर लोग अपने दिन की शुरुआत ब्रेड, पाव और सैंडविच आदि से करते हैं। लेकिन अब मुंबई के लोगों को सुबह के नाश्ते के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। छोटे ब्राउन ब्रेड की कीमत 28 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये हो गई है, 20 रुपये वाला सफेद ब्रेड अब तक 22 रुपये में मिलेगा, तो ब्राउन ब्रेड की कीमत 45 से बढ़कर 50 रुपये कर दी गई है। बाकी दुनिया कच्चे तेल की लागत में हुई वृद्धि को एडजस्ट करने के लिए दोनों फ्यूल की खुदरा कीमतों में 10 से 90 प्रतिशत तक की वृद्धि कर रही है। म्यांमार, मलेशिया, पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में पेट्रोल की कीमत युद्ध-पूर्व मूल्य से आधे से अधिक बढ़ गई है, डीजल की कीमत वैश्विक व्यापार और माल ढुलाई से प्रत्यक्ष संबंध से और भी तेजी से बढ़ी है।

## श्रीमुख से...

### पीएम मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल

सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए, अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए, पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है, आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट' , यही मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल है।' प्रधानमंत्री ने अमेरिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे , कांग्रेस अध्यक्ष**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत

उत्तराखण्ड की राजनीति का एक ऐसा अध्याय आज इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया, जिसने दशकों तक सत्ता, सियासत, प्रशासन और जनविश्वास के केंद्र में रहकर अपने व्यक्तित्व की अमिट छाप छोड़ी।

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूरी अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। उनके निधन के साथ ही उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है तथा कल हरिद्वार में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

देहरादून की वादियों में 1 अक्टूबर 1934 को जन्मा यह बालक आगे चलकर भारतीय सेना का मेजर जनरल बना, संसद का गंभीर वक्ता बना, केंद्र सरकार का प्रभावशाली मंत्री बना और फिर उत्तराखण्ड की राजनीति का वह चेहरा बना, जिसके नाम पर एक दौर में पूरा चुनाव लड़ा गया, 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में यह केवल एक चुनावी नारा नहीं था, बल्कि उस विश्वास का प्रतीक था कि राजनीति में अब भी कुछ चेहरे ऐसे हैं जिनकी साख सत्ता से बड़ी होती है। स्वर्गीय जय बल्लभ खण्डूरी और दुर्गा देवी खण्डूरी के संस्कारों में पले भुवन चंद्र खण्डूरी ने प्रारम्भिक शिक्षा के बाद इलाहाबाद विश्व. विद्यालय से विज्ञान की पढ़ाई की। युवावस्था में ही उन्होंने राष्ट्रसेवा को जीवन का ध्येय बना लिया और 1954 में भारतीय सेना की कार्प्स आफ इंजीनियर्स में कमीशन प्राप्त किया। इसके बाद उनका जीवन रणभूमियों, सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों और रणनीतिक जिम्मेदारियों के बीच आकार लेता गया।

1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में उनकी सक्रिय भूमिका रही। 1971 के युद्ध में सांबा सेक्टर में इंजीनियर रेजिमेंट के कमांडर के रूप में उन्होंने जिस नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया, उसने उन्हें सेना में विशिष्ट पहचान दिलाई।

**उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है।**

वे केवल सैनिक नहीं थे, बल्कि सैन्य रणनीति और प्रशासनिक दक्षता के अद्भुत संगम थे। सेना मुख्यालय में डायरेक्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, इंजीनियर ब्रिगेड कमांडर, चीफ इंजीनियर और अतिरिक्त महानिदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने कार्य से यह सिद्ध किया कि अनुशासन और नेतृत्व साथ-साथ चल सकते हैं। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए भारत सरकार ने उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया। 1991 में पहली बार गढ़वाल लोकसभा सीट से सांसद बने और फिर कई बार जनता ने उन्हें संसद भेजा। संसद में उनकी छवि शोर मचाने वाले नेता की नहीं, बल्कि तैयारी और गंभीरता के साथ बोलने वाले जनप्रतिनिधि की थी। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भारत के बुनियादी ढांचे के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है। गोल्डन क्वाड्रिलेटरल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना को गति देने में उनकी निर्णायक भूमिका रही। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोल. काता को जोड़ने वाली सड़कों का वह स्वप्न, जिसने भारत की आर्थिक र"तार बदली, उसमें खण्डूरी की प्रशासनिक क्षमता स्पष्ट दिखाई देती है। मुख्यमंत्री बनाया। उस समय राज्य भ्रष्टाचार, ट्रांसफर-पोस्टिंग के खेल और नौकरशाही की बेलगाम कार्यशैली को लेकर आलोचनाओं में था। खण्डूरी ने सत्ता संभालते ही प्रशासनिक सख्ती का संदेश दिया। उनका स्पष्ट मानना था कि शासन का अर्थ नियंत्रण और जवाबदेही है। फाइलों में देरी, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार पर उनकी नाराजगी अधिकारियों के बीच चर्चित थी। कहा जाता है कि किसी अधिकारी के अधूरे कार्य के साथ बैठक में पहुंचने का अर्थ था कठोर सवालों का सामना करना। उनकी कार्यशैली ने आम जनता के बीच विश्वास पैदा किया, लेकिन सत्ता और संगठन के भीतर असहजता भी बढ़ाई। राजनीति जिस लचील. `पन की मांग करती है, खण्डूरी कई बार उससे दूर दिखाई देते थे। वे सत्ता को सैन्य अनुशासन की ख्रष्टि से देखते थे, जबकि राजनीति समझौतों, समीकरणों और संतुलनों का संसार है। उनके राजनीतिक जीवन का सबसे विवादास्पद अध्याय उनके करीबी सचिव सारंगी को लेकर उठा विवाद बना। विपक्ष ने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री कार्यालय में निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत हो गई है और कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव बढ़ रहा है। वहीं, कई नेताओं को शिकायत थी कि मुख्यमंत्री तक उनकी पहुंच सीमित होती जा रही है। धीरे-धीरे राजनीतिक दबाव बढ़ा और अंतत: 2009 में उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। यह विडंबना थी कि जिस नेता की ईमानदारी पर शायद ही कभी प्रश्न उठा, वही राजनीतिक प्रबंधन के आरोपों में घिर गया। 2011 तक आते-आते भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और नेतृत्व संकट के आरोपों में घिर चुकी थी। पार्टी को फिर वही चेहरा याद आया, जिसकी पहचान साफ-सुथरी राजनीति थी। भुवन चंद्र खण्डूरी दोबारा मुख्यमंत्री बनाए गए। यहीं से जन्म हुआ उस ऐतिहासिक नारे का, जिसे हम 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' के साथ जानते आ रहे हैं। यह नारा केवल प्रचार नहीं था, बल्कि भाजपा की उस राजनीतिक आवश्यकता का प्रतीक था, जिसमें उसे जनता के सामने भरोसेमंद चेहरा चाहिए था, मगर यह नारा भाजपा के काम नहीं आया, भुवन चंद्र खण्डूरी खुद 2012 का विधानसभा चुनाव हार गये और पार्टी को स त्ता गवानी पड़ी। सशक्त लोकायुक्त कानून बना कर। देश उस समय अन्ना हजारे आंदोलन और भ्रष्टाचार विरोधी लहर से गुजर रहा था। ऐसे माहौल में उत्तराखण्ड में मजबूत लोकायुक्त कानून लागू करने की पहल ने राष्ट्रीय स्तर पर खण्डूरी की छवि को और ऊंचा किया। उनके समर्थक कहते थे कि यदि उन्हें लंबा समय मिलता, तो उत्तराखण्ड की प्रशासनिक संस्कृति बदल सकती थी, लेकिन राजनीति केवल छवि से नहीं चलती 2012 के विस चुनाव में भाजपा ने लगभग पूरा चुनाव खण्डूरी की छवि पर लड़ा। राजनीतिक समीकरण अलग दिशा में चले गए। भाजपा चुनाव हार गई। सबसे बड़ा झटका यह रहा कि स्वयं खण्डूरी भी अपनी सीट नहीं बचा सके।

**मौहम्मद शाह नज़र**

# यहूदियों ने कब्जाई मुस्लिमों की 1000 किमी जमीन

हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद इजरायल ने अपनी सैन्य नीति पूरी तरह बदल दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अब पहले से ज्यादा आक्रामक तरीके से काम कर रही है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले करीब तीन साल में इजरायल ने गाजा, लेबनान और सीरिया में करीब 1,000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह इलाका इजरायल की 1949 की सीमाओं का लगभग 5 प्रतिशत माना जा रहा है। इसी वजह से अब मिडिल ईस्ट में ग्रेटर इजरायल को लेकर चर्चा बढ़ गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कब्जाई गई जमीन का सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिणी लेबनान में है। इजरायली सेना वहां कई किमी अंदर तक पहुंच चुकी है। इजरायल इस इलाके को सिक्योरिटी जोन कह रहा है। उसका कहना है कि इससे हिज्बुल्लाह को सीमा के पास से हमला करने से रोका जा सकेगा। नेतन्याहू ने पिछले महीने कहा कि दुश्मन इजरायल को आग के घेरे में घेरना चाहता था, लेकिन अब इजरायल ने अपने चारों ओर सुरक्षा का घेरा

बना लिया है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा है कि सेना लितानी नदी तक के इलाके पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। गाजा में इजरायली सेना अब आधे से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है। वहां इजरायल ने एक अतिरिक्त बफर जोन भी बनाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक, इस वजह से करीब 20 लाख लोग अब गाजा के सिर्फ 40: हिस्से में रहने को मजबूर हैं। सीमा के पास के कई इलाकों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। गांव और शहर खंडहर बन चुके हैं। नेतन्याहू ने साफ कहा है कि इजरायली सेना गाजा से वापस नहीं जाएगी। सीरिया में बशर अल-असद सरकार के कमजोर होने के बाद इजरायल ने वहां भी अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी। रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायली सेना ने माउंट हर्मोन से लेकर दक्षिणी सीरिया तक करीब 233 वर्ग किमी इलाके में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इजरायली फोर्सेज ने सीरिया में 50 किमी अंदर तक के इलाके पर छापेमारी की है। इजरायल और सीरिया के बीच सुरक्षा समझौते की बातचीत भी हुई, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में इजरायल के सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। हालांकि दोनों में से किसी भी देश ने लोकेशन का खुलासा नहीं किया है।

इजरायल के कट्टरपंथी नेता और अतिराष्ट्रवादी संगठन लंबे समय से सीमाएं बढ़ाने की मांग करते रहे हैं। वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने लेबनान की लितानी नदी तक को इजरायल की नई सीमा बनाने की बात कही है। कुछ सांसदों ने दक्षिणी लेबनान के बड़े हिस्से पर कब्जा करने और वहां की आबादी हटाने की मांग भी की है। इधर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार कहते आए हैं कि इजरायल लेबनान में क्षेत्रीय विस्तार की कोई महत्वाकांक्षा नहीं रखता।

# ईरान से कम नहीं क्यूबा, अमेरिका फंस सकता है लंबे युद्ध में

अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि क्यूबा ने रूस और ईरान से 300 से ज्यादा मिलिट्री ड्रोन खरीदे हैं। अमेरिका को डर है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल उसके सैन्य ठिकानों के खिलाफ किया जा सकता है। इसके बाद अमेरिका ने क्यूबा की इंटेलिसेंज एजेंसी और उसके बड़े नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिए। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिएज कनाल ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने हमला किया, तो बड़ा खून-खराबा हो सकता है।

अमेरिका के बेहद करीब मौजूद यह छोटा देश आज भी खुद को बड़े खतरे के लिए तैयार रखता है। क्यूबा भले ही आज सैन्य ताकत के मामले में पहले जैसा मजबूत न हो, लेकिन अमेरिका के लिए इससे युद्ध लड़ना आसान नहीं है। क्यूबा की सेना पुराने हथियारों, जुगाड़ तकनीक और बड़ी संख्या में रिजर्व बल के सहारे ऐसी रणनीति पर काम करती है, जिससे कोई भी हमला लंबे और महंगे युद्ध में बदल सकता है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर कभी अमेरिका और क्यूबा के बीच सीधा संघर्ष हुआ, तो क्यूबा ईरान की तरह अमेरिका को लंबे युद्ध के दलदल में फंसा सकता है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी सभी लोगों का युद्ध पालिसी है। इसका मतलब है कि अगर देश पर हमला होता है तो सिर्फ सेना ही नहीं, बल्कि आम नागरिक, मिलिशिया और पैरामिलिट्री बल भी लड़ाई में शामिल होंगे। क्यूबा के पास करीब 50 हजार एक्टिव सैनिक, 39 हजार रिजर्व सैनिक और लगभग 90 हजार पैरामिलिट्री सदस्य हैं। जरूरत पड़ने पर 10 लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की योजना है। यह मॉडल ईरान की प्राक्सी और लंबी लड़ाई वाली रणनीति जैसा माना जाता है। अमेरिका की धमकियों के बाद देशभर में लोगों को गुरिल्ला वार की ट्रेनिग दी जा रही है। नागरिकों को आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी लोकेशन है। यह अमेरिका के फ्लोरिडा तट से बेहद करीब है। अगर संघर्ष बढ़ता है, तो अमेरिका को अपने तटीय इलाकों, नौसैनिक ठिकानों और समुद्री रास्तों की सुरक्षा पर भारी संसाधन लगाने पड़ सकते

हैं। अगर क्यूबा के छोटे ड्रोन हमले अमेरिका के लिए चुनौती बन सकते हैं। क्यूबा के पास आधुनिक हथियार कम हैं, लेकिन उसने पुराने हथियारों को जोड़कर हाइब्रिड सिस्टम तैयार किए हैं। पुराने ट्रकों पर एंटी-एयरक्राफ्ट गन लगाई गई हैं। अलग-अलग वाहनों के पार्ट्स जोड़कर नए लड़ाकू वाहन बनाए गए हैं। क्यूबा की सेना लंबे समय से गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेती रही है। यानी सीधी टक्कर के बजाय छोटे-छोटे हमले, छिपकर वार और दुश्मन को थकाने की रणनीति। क्यूबा लंबे समय से लैटिन अमेरिका में अपने खुफिया नेटवर्क के लिए जाना जाता रहा है। वेनेजुएला जैसे देशों में उसका प्रभाव रहा है। हाल ही में वेनेजुएला में निकोलस मादुरो सरकार पर कार्रवाई के बाद क्यूबा को बड़ा झटका लगा। क्यूबा ने माना कि उसके 32 खुफिया एजेंट वहां मारे गए। क्यूबा की सेना यानी रिवाल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज द्धथात्ऋ देश की सबसे ताकतवर संस्था है। इससे जुड़ा जीएईएसए ग्रुप होटल, एयरपोर्ट, बैंक और बड़े कारोबार भी संभालता है। यानी सेना सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और प्रशासन पर भी मजबूत पकड़ रखती है। क्यूबा की एयरफोर्स लगभग खत्म हो चुकी है। मिग-29 और मिग-23 जैसे पुराने लड़ाकू विमान ज्यादातर बंद पड़े हैं। पूरे देश में मुश्किल से 20 विमान ही ऑपरेशनल बताए जाते हैं। नेवी में सिर्फ 33 जहाज हैं, आधुनिक युद्धपोत या मजबूत पनडुब्बियां नहीं हैं। एयर डिफेंस सिस्टम भी 1950 के दशक की सोवियत मिसाइलों पर आधारित है। सबसे बड़ी समस्या बिजली और आर्थिक संकट है। 2025 में कई बड़े ब्लैकआउट हुए, जिससे मिलिट्री ट्रेनिंग और कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ। ईंधन, स्पेयर पार्ट्स और आधुनिक तकनीक की भारी कमी भी सेना को कमजोर बनाती है।

### कतर की एंट्री से बदला समझौते को लेकर गेम

कतर की एंट्री से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। सोमवार द्ध18 मईऋ को डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को समझौते योग्य बताया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ परमाणु समझौता हो सकता है, इसलिए मैंने ईरान पर हमला नहीं करने का फैसला किया है। अमेरिकी मीडिया के मुता. बिक कतर के प्रधानमंत्री अल थानी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को समझौते का भरोसा दिलाया है। कतर के प्रधानमंत्री अल थानी को समझौता कराने में माहिर माना जाता है। पहले भी अमेरिका और अफगानिस्तान जैसे देशों के बीच कतर ने शांति समझौता कराया था। 11 कतर ने सबसे पहले सऊदी अरब, यूएई जैसे अपने सहयोगी देशों को कन्फिडेंस में लिया। कतर ने इन देशों को यह समझाया कि अगर जंग की शुरुआत फिर से होती है तो उनके तेल और गैस ठिकाने बर्बाद हो जाएंगे।

प्रयागराज। भीषण गर्मी के बीच सिर पर पल्लू डालकर तेज धूप से खुद को बचाती महिलाएं।

## पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व स्वर्गीय डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की 114वीं जयंती पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के छठे राष्ट्रपति श्री रेड्डी के चित्र पर राष्ट्रपति भवन में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. संजीव रेड्डी की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में कई संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ रेड्डी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

# भारत-नार्वे ने सहयोग बढ़ाने के लिए नौ समझौते किए

## दोनों देशों ने सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण पहलों की भी घोषणा की

**ओस्लो।** भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देते हुए अपने संबंधों को ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नौ समझौतों और तीन पहलों की घोषणा की है।

■ व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया

दोनों देशों ने 'ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप' के संबंध में एक संयुक्त वक्तव्य को अपनाया। नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के बीच सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों और पहलों की घोषणा की। नार्वे ने भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की, जबकि भारत वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले 'नॉर शिपिंग' कार्यक्रम में भारतीय मंडप के साथ भाग लेगा। दोनों देशों के बीच सरकार-से-सरकार के स्तर पर तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और नार्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग और अन्वेषण में सहयोग के लिए रूपरेखा समझौता, भारत और नॉर्वे के विदेश मंत्रालयों के बीच डिजिटल विकास साझेदारी पर समझौता ज्ञापन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए नॉर्वे के स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवा मंत्रालय और भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समझौता शामिल है। व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान के बीच सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता और क्षमता निर्माण से संबंधित विशेष परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग पर समझौता हुआ। वैज्ञानिक अनुसंधान और हरित प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नॉर्वे की सिटेफ संस्था के बीच वर्ष 2026 से 2029 तक की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सहयोग समझौता किया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री ऊर्जा, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा भी शामिल है, पर संयुक्त कार्य कार्यक्रम के लिए एक परियोजना-विशिष्ट कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। इसके अलावा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा वैज्ञानिक एवं नवाच. ार अनुसंधान अकादमी ने नॉर्वे के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ हरित परिवर्तन के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग पर संयुक्त आशय घोषणा को अपनाया।

# अमेरिकी साजिश थी इमरान का तख्तापलट

## आउटलेट ड्रॉप न्यूज साइट का दावा: अमेरिकी इमरान खान हटे, तो सब माफ हो जाएगा

■ इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी

■ मुलाकात के बाद ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिरने को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी मीडिया आउटलेट ड्राप साइट न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इमरान की कुर्सी सिर्फ अविश्वास प्रस्ताव से नहीं गई थी। इसके पीछे अमेरिकी साजिश और पाक सेना की भूमिका थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था। अमेरिका इस यात्रा से नाराज था। वह चाहता था कि पाकिस्तान यूक्रेन युद्ध पर रूस की खुलकर आलोचना करे, लेकिन इमरान सरकार ने तटस्थ रुख अपनाया। इसके बाद 7 मार्च 2022 को वाशिंगटन में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू के बीच बातचीत हुई। लू ने मजीद से कहा कि अगर इमरान अविश्वास प्रस्ताव में हट जाते हैं तो अमेरिका 'सब माफ' कर देगा। इसके 33 दिन बाद यानी 9 अप्रैल 2022 को इमरान सरकार गिर गई। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिक. ारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिक. ारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। वाशिंगटन के एक होटल में लू ने मजीद को लंच टेबल पर इमरान को हटाने का दबाव दिया था। लू ने यूक्रेन युद्ध पर पाक रुख पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पाक रूस की आलोचना नहीं कर रहा है और अमे. रिका-यूरोप को यह स्वीकार नहीं है। लू ने कहा, इमरान की रूस यात्रा से अमेरिका नाराज है। बात अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंची। लू ने संकेत दिया कि इमरान सत्ता में रहे तो पाक अकेला पड़ जाएगा। मजीद ने पत्र में लिखा कि यह संदेश वाइट हाउस की मंजूरी के बिना संभव नहीं था।

## अमेरिका ने अफ्रीका में इबोला फैलने पर आपातकालीन सहायता शुरू की

■ अमेरिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की कर रहा है रक्षा

**वॉशिंगटन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अफ्रीका में इबोला को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के बाद अमेरिका ने त्वरित आपातकालीन सहायता शुरू की है तथा नए यात्रा प्रतिबंधों और आपातकालीन सहायता के जरिए इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में अमेरिका ने कहा कि गत 15 मई को मामलों की पुष्टि होने के 24 घंटे के अंदर विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल बिठाने वाली समिति और आपातक. ालीन घटना प्रबंधन प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, रवांडा, साउथ सूडान और युगांडा में अमेरिकी दूतावास ने भी काम में तेजी लाने और इलाके में अमेरिकी नागरिकों से बातचीत करने के लिए निगरानी समूह बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सहायता का फोकस इस बात पर कें. द्रित है कि बीमारी पर अमेरिकी तटों तक पहुं. चने से पहले ही काबू में कर लिया जाए। अमे. रिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहा है। विभाग यह पक्का करने के लिए रोजाना नेतृत्व-स्तर की बैठकें आयोजित करता है ताकि सहायता सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे। यह आदेश उन विदेशी नागरिकों के लिए अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाता है, जिन्होंने पिछले 21 दिनों में कांगो लो. कतांत्रिक गणराज्य, युगांडा या साउथ सूडान की यात्रा की है।

## ईरान ने यूएई के परमाणु संयंत्र पर हमले के आरोपों को लेकर जर्मनी पर किया पलटवार

**तेहरान।** ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु संयंत्र पर कथित हमले को लेकर जर्मनी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के मामले में दो. हरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने मंगलवार को कहा कि पश्चिमी देश अंतर्राष्ट्रीय कानून को अपने राजनीतिक हितों के अनुसार लागू करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायली शासन द्वारा ईरान की सुरक्षित परमाणु सुविधाओं पर खुले हमलों की निंदा करने के बजाय उन्हें उचित ठहराया जाता है। बघाई ने आरोपों की प्रकृति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने अब तक आधिकारिक रूप से ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि जब एक संदिग्ध 'फॉल्स फ्लैग' अभियान होता है, जिसकी जिम्मेदारी तक यूएई ने आधिकारिक तौर पर ईरान पर नहीं डाली, तब वही देश अचानक अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय सुरक्षा की दुहाई देने लगते हैं।

## हिन्द-प्रशांत में नौवहन की स्वतंत्रता को भारत-वियतनाम प्रतिबद्धत



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हनोई में उप प्रधानमंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ की द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में उप प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

दोनों मंत्रियों ने वर्चुअल माध्यम से वियतनाम के वायु सेना अधिकारी महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। भारत एवं वियतनाम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्री ने न्हा त्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगशाला की स्थापना की घोषणा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी की समीक्षा की और समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण एवं क्षेत्रीय स्थिरता में सहयोग को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने पारस्परिक हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा हिद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, साइबर सुरक्षा तथा उच्च स्तरीय आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने नियमित संवाद, संयुक्त अभ्यासों और विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों की रक्षा सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री ने वियतनाम के साथ भारत की उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# ईरानी संसद में पास हो सकता है ट्रम्प-नेतन्याहू की हत्या पर इनाम

■ द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक 500 करोड़ से ज्यादा का इनाम दे सकता है ईरान

■ ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को 500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है।

आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि 'इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई' नाम से बिल तैयार किया जा रहा है। ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई सैन्य और राजनीतिक नेताओं की मौत के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि खाड़ी देशों के अपील के बाद ईरान पर हमला रोक दिया गया है और उम्मीद जताई है कि यह घोषणा अंततः स्थाई हो जाएगी। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुरोध के बाद उन्होंने मंगलवार के लिए निर्धारित ईरान पर सैन्य हमला रद्द कर दिया था। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध चल रही 'गंभीर बातचीत' के कारण किया गया था, जिसके बारे में पश्चिम एशिया के नेताओं का मानना है कि इसका परिणाम एक ऐसे समझौते के रूप में निकल सकता है जो अमेरिका को स्वीकार्य हो।

## बडगाम में 93 लाख रुपये की जमीन धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को दक्षिणी कश्मीर में प्रवासियों की संपत्ति और खड़े पेड़ों की बिक्री से जुड़े कथित 93 लाख रुपये के जमीन धोखाधड़ी मामले के संबंध में बड़गाम जिले में तलाश अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा कि यह तलाश अभियान गत साल अप्रैल में आर्थिक अपराध शाखा कश्मीर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 336(3), 340 और 61(2) के तहत दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में चलाया गया। यह मामला फर्जी समझौतों के जरिये पुलवामा के द्रुसु में पांच कनाल प्रवासी भूमि और बिजबेहारा में 300 खड़े पेड़ों की कथित धोखाधड़ी से बिक्री से संबंधित है।

# अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, 5 की मौत

## मृतकों में एक गार्ड और 2 संदिग्ध शामिल, धार्मिक नफरत से जुड़े हमले की आशंका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी।

दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक

■ दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले, शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी

स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है। मस्जिद के इमाम ताहा हस्साने ने बताया कि सोमवार को कुछ गैर-मुस्लिम लोग इस्लाम को समझने के लिए मस्जिद के दौरे पर आए थे। यह सेंटर अलग-अलग समुदायों के बीच संवाद और मेलजोल बढ़ाने के लिए काम करता है। उन्होंने बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र सुरक्षित हैं। फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन लोगों से मस्जिद से दूर रहने को कहा गया है। एहतियात के तौर पर सेंटर को पूरे दिन के लिए बंद कर दिया गया। मस्जिद की वेबसाइट के मुताबिक, यहां सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लिए धार्मिक गतिविधियां नहीं होतीं, बल्कि सामाजिक कामों में भी दूसरे समुदायों के साथ मिलकर काम किया जाता है। यहां रोज पांच वक्त की नमाज होती है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि कैलिफोर्निया आपके साथ खड़ा है। जहां परिवार और बच्चे जुटते हैं, जहां लोग शांति से इबादत करते हैं, वहां ऐसा हमला बेहद भयावह है। कैलिफोर्निया में नफरत की कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल और गवर्नर आफिस ऑफ इमरजेंसी सर्विसेज की टीमें मौके पर स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर रही हैं।

# ताइवान की सड़कों पर भारत विरोधी पोस्टर लगे

## चुनाव लड़ रहा उम्मीदवार बोला: भारतीय मजदूरों को भगाओ

■ विपक्षी सांसद बोले: वे अपराधी होते हैं, भारतीय बोले: यह नस्लीय भेदभाव है

**ताइप।** ताइवान में स्थानीय चुनाव के दौरान एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भारत विरोधी पोस्टर लगाया है। इसमें पगड़ी पहने एक सिख व्यक्ति की तस्वीर पर बड़ा 'नो' यानी प्रतिबंध का निशान बना हुआ था। पोस्टर का मैसेज था कि भारत से आने वाले प्रवासी मजदूरों का विरोध किया जाए, और उन्हें देश से बाहर भगाया जाए।

यह विवाद ऐसे समय में हुआ है जब ताइवान भारत के साथ हुए श्रम सहयोग समझौते के तहत भारतीय कामगारों को बुलाने की तैयारी कर रहा है। ताइवान की विपक्षी पार्टी कुओमिनतांग यानी केएमटी भी भारतीय मजदूरों को बुलाने का विरोध कर रही है। सांसद हुआंग चिएन-पिन ने भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला दिया था। उन्होंने संसद में कहा था कि भारत में 2022 में महिलाओं के खिलाफ 4.45 लाख से ज्यादा अपराध दर्ज हुए थे, जिनमें 31 हजार से ज्यादा रेप के मामले शामिल थे। ऐसे में भारतीय मजदूरों को लेकर ज्यादा सख्त जांच और निगरानी होनी चाहिए। वे यहां पर महिलाओं के साथ बलात्कार कर सकते हैं। वहीं, ताइवान में रहने वाले एक भारतीय ने सोशल मीडिया पर इसे नस्लीय भेदभाव बताया। उन्होंने कहा कि किसी नीति का विरोध करना अलग बात है, लेकिन किसी समुदाय की पहचान और सांस्कृतिक प्रतीकों को निशाना बनाना गलत है। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि ताइवान में करीब 7 हजार भारतीय रहते हैं और उनमें से ज्यादातर हाई-टेक और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में काम करते हैं। इसमें फाक्सकान और टीएसएमसी जैसी कंपनियां शामिल हैं। ताइवान की स्थानीय राजनीतिक पार्टी न्यू पावर पार्टी के नेता वांग यी-हेंग ने भी पोस्टर की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारतीय झंडे और पगड़ी पर प्रतिबंध का निशान लगाना बेहद अज्ञानता भरा कदम है। उनके मुताबिक पगड़ी सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि आस्था और सम्मान का प्रतीक है। 2024 में भारत और ताइवान के बीच प्रवासी मजदूरों को लेकर एक अहम समझौता हुआ था। इसे लेबर कोऑपरेशन श्रम सहयोग समझौता कहा गया। इसका मकसद ताइवान में बढ़ती कामगारों की कमी को पूरा करना और भारतीय कामगारों को वहां रोजगार के अवसर देना है। ताइवान कई सालों से श्रमिक संकट का सामना कर रहा है। वहां जन्म दर लगातार गिर रही है, आबादी बूढ़ी हो रही है और युवाओं की संख्या कम होती जा रही है। इसका असर खासकर फैक्ट्री, खेती, निर्माण और बुजुर्गों की देखभाल जैसे क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

## कृतिका कामरा अपनी अगली फिल्म डम्बल की तैयारी में जुटीं

**मुंबई।** 'मटका किंग' की सफलता के बाद अभिनेत्री कृतिका कामरा ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली फीचर फिल्म साइन कर ली है। यह 'मटका किंग' के बाद उनकी पहली घोषित परियोजना है, जिसके दूसरे सीजन की घोषणा हाल ही में प्राइम वीडियो इंडिया द्वारा की गई है। कृतिका अब निर्देशक पुषाण मुखर्जी की आगामी ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं, जिसका फिलहाल वर्किंग टाइटल डम्बल रखा गया है। फिल्म की शूटिंग जून से शुरू होने वाली है। कृतिका के करियर के अगले बड़े क्रिएटिव कदम के रूप में देखी जा रही यह फिल्म उन्हें एक बिल्कुल नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी और परफॉर्मेंस-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स चुनने की उनकी पहचान को और मजबूत करेगी।